

मोहन भागवत ने कहा कि - पीओके भारत का एक कमरा, उसे वापस लेकर रहेंगे - 12



आर्थिक आंकड़े शेयर बाजार को करेंगे प्रभावित - 12




पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात नहीं कर पाएंगे ट्रंप, कोर्ट ने लगाई रोक - 13



पाकिस्तान और भारत की महिला कप्तान ने नहीं मिलाया हाथ - 14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.08
सूर्यास्त 05.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 12:24 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

सोमवार, 6 अक्टूबर 2025, वर्ष 5, अंक 226, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# दार्जिलिंग में भूस्खलन, 20 की मौत

## उत्तर बंगाल में सड़कें-पुल ध्वस्त, 12 घंटों में 300 मिलीमीटर बारिश, सिक्किम से संपर्क टूटा

दार्जिलिंग, एजेंसी

पश्चिम बंगाल और सिक्किम में लगातार हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। उत्तरी बंगाल में दार्जिलिंग में कई भूस्खलन हुए जिससे कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य लापता हो गए। दार्जिलिंग जिले के मिरिक में लैंडस्लाइड से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई है। कई जगह पुल टूट गए और सड़कों पर मलबा जम गया जिससे यातायात पूरी तरह बाधित है। सिक्किम से संपर्क टूट गया है।

एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार, सरसली, जसबीरगांव, मिरिक बस्ती, धार गांव (मेची), नागराकाटा और मिरिक झील क्षेत्र से लोगों के मारे जाने की खबर है। दार्जिलिंग उपमंडल अधिकारी ने बताया कि पुलिस, स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रतिक्रिया टीम की मदद से बचाव और राहत अभियान जारी है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। वह 6 अक्टूबर को उत्तर बंगाल का दौरा करेंगी और क्षेत्र की स्थिति का आकलन करेंगी, जहां बड़ी संख्या में पर्यटक भी प्रभावित हुए हैं। उत्तर बंगाल विकास मंत्री उदयन गुहा ने स्थिति को चिंताजनक बताया और रिपोर्ट का हवाला देते हुए मृतकों की संख्या 20 बताई। गुहा ने कहा यह संख्या बढ़ भी सकती है। भूस्खलन के कारण मिरिक-सुखियापोखरी सड़क सहित प्रमुख मार्गों पर यातायात बाधित हो गया जबकि कई पहाड़ी बस्तियों की संचार लाइनें टूट गईं। यहां 12 घंटों में 300 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हुई, जिससे कम से कम सात जगहों पर भयंकर बाढ़ और भूस्खलन हुआ। उन्होंने इस स्थिति की तुलना पिछले महीने त्योहारों के मौसम में कोलकाता में आई भीषण बाढ़ से की।



दार्जिलिंग में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद राहत कार्य में जुटी प्रशासनिक टीम।

### नेपाल और प. बंगाल को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में जानमाल की हानि से बहुत दु:ख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदना है। हम प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं नेपाल में भारी बारिश के कारण हुई जान-माल की क्षति पर रविवार को दुख जताते हुए मोदी ने कहा कि एक मित्र पड़ोसी एवं सबसे पहले मदद देने वाले देश के रूप में भारत हर प्रकार की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### नेपाल में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ में 51 की मौत

**काठमांडू।** पूर्वी नेपाल में विभिन्न स्थानों पर मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन और बाढ़ आई, जिसके कारण रविवार सुबह तक कम से कम 51 लोगों की मौत हो गई। कोशी प्रांत में इल्लम जिले के विभिन्न स्थानों पर कम से कम 37 लोगों की मौत हुई है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने बताया कि इन 37 लोगों में से देउमाई और माईजोगमाई नगरपालिका क्षेत्रों में आठ- आठ लोगों की मौत हुई, इल्लम नगरपालिका और संदकपुर ग्रामीण नगरपालिका में छह-छह, मंगसेबुंग में तीन और फाकफोकथुम गांव में एक व्यक्ति की मौत हुई है। बाढ़ और भूस्खलन के कारण उदयपुर में दो और पंचथार में एक व्यक्ति की मौत हो गई। रौतहट में बिजली गिरने से तीन और खोतांग जिले में दो की मौत हो गई। इस बीच, पंचथार जिले में भारी बारिश के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण हुई एक दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। रसुवा जिले के लांगटांग संरक्षण क्षेत्र में उफनती नदी में बह जाने से कम से कम चार लोग लापता हो गए।

# बिहार चुनाव की 17 नई पहल देश को दिखाएगी राह : ज्ञानेश

पटना, एजेंसी



- मुख्य निर्वाचन आयुक्त बोले एसआईआर करवाना निर्वाचन आयोग का विशेषाधिकार
- बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा जल्द

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है और इससे पहले राज्य में चुनाव संपन्न करा लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी। कुमार ने यह भी कहा कि आगामी चुनाव में लागू की जाने वाली 17 नई पहलें न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगी। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कुमार ने कहा कि बिहार चुनाव को छठ महापर्व की तरह, लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनाया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि बिहार ने वैशाली से लोकतंत्र को जन्म दिया है और अब बिहार से ही चुनाव सुधार की नई दिशा देश को मिलेगी। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं, जबकि योग्य मतदाता नामांकन की समाप्ति से दस दिन पहले तक फॉर्म-6 या फॉर्म-7 भरकर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। कुमार ने बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने पर संतोष व्यक्त करते हुए दावा किया कि इससे 22 वर्षों के बाद मतदाता सूची का शुद्धिकरण संभव हो सका है। उन्होंने कहा कि एसआईआर करवाना निर्वाचन आयोग का विशेषाधिकार है। नई पहलों में कुछ चुनाव पूर्व लागू होंगी, जबकि कुछ मतदान के दिन प्रभावी रहेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप आधार कार्ड को पहचान पत्र के रूप में स्वीकार किया है, लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। आयुक्त ने राजनीतिक दलों से अपील की कि वे प्रत्येक केंद्र पर अपने एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित करें और वे फॉर्म 17सी तक मतदान प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहें।

### सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत होगी वेबकास्टिंग

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया, बूथ से 100 मीटर की दूरी तक प्रत्याशी अपने एजेंट को तैनात कर सकेंगे ताकि मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे। इसके अतिरिक्त बिहार के सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत 'वेबकास्टिंग' की जाएगी, जिससे मतदान की पूरी प्रक्रिया पर वास्तविक समय में निगरानी संभव होगी। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अब ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें दिखाई देंगी और क्रमांक (सीरियल नंबर) बड़े अक्षरों में होगा, जिससे मतदाताओं को पहचान में आसानी हो। उन्होंने कहा कि यह कदम मतदाता सुविधा और पारदर्शिता दोनों के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व सीजेआई पर गलत टिप्पणी, एडमिन पर केस

**हैदराबाद।** भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एनवी रमण के नाम पर कुछ टिप्पणियां कथित तौर पर गलत तरीके से पोस्ट करने के आरोप में एक फेसबुक पेज के एडमिन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पूर्व प्रधान न्यायाधीश के निजी सचिव द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर हैदराबाद पुलिस की साइबर अपराध शाखा द्वारा बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने कहा कि 30 सितंबर को डाली गई पोस्ट में कथित तौर पर मानहानिकारक सामग्री और भड़काऊ सांप्रदायिक टिप्पणियां थीं। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में जांच जारी है।

### हिंद महासागर में भारत ब्रिटेन का युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन की नौसेनाओं ने समग्र सैन्य संबंधों को बढ़ावा देने के लिए पश्चिमी हिंद महासागर में व्यापक युद्धाभ्यास शुरू किया। विमानवाहक पोत एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स के नेतृत्व में ब्रिटेन के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप (सीएसजी) को कोंकण युद्धाभ्यास के लिए तैनात किया गया है। भारतीय नौसेना ने कहा कि यह अभ्यास सुरक्षित, खुले और मुक्त समुद्र सुनिश्चित करने की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि है और यह भारत-ब्रिटेन विजन 2035 में रेखांकित व्यापक रणनीतिक साझेदारी का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में दो और बच्चों की गई जान

- प्रशासन जांच में जुटा, अब तक 16 बच्चों की हो चुकी है मौत

बैतूल (मध्यप्रदेश), एजेंसी

मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से 14 बच्चों की मौत के बाद अब बैतूल जिले के आमला प्रखंड में कफ सिरप के पीने से वहां के दो बच्चों की मौत हो गई। हालांकि, बैतूल के कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने स्पष्ट किया कि दोनों बच्चों का इलाज बैतूल जिले के किसी भी शासकीय या निजी अस्पताल में नहीं हुआ है। मप्र में अब तक कुल 16 बच्चों की मौत हो चुकी है।

बैतूल के कलेक्टर ने कहा कि यह मामला बैतूल जिले से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित नहीं है, फिर भी मृतक बच्चों के बैतूल निवासी होने के कारण पूरी संवेदनशीलता से जांच की जा रही है। आमला प्रखंड चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जान गंवाने वाले बच्चों में एक की उम्र चार वर्षीय और दूसरा ढाई वर्ष का है। दोनों बच्चों को बुखार के इलाज के लिए पड़ोसी छिंदवाड़ा जिले के परासिया ले जाया गया, जहां उनकी हालत बिगड़ गई। विस्तृत जांच करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

### परासिया में 11 बच्चों की मौत का जिम्मेदार सरकारी चिकित्सक गिरफ्तार

- जहरीले कफ सिरप की निर्माता कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में गुर्दों के काम करना बंद कर देने के कारण 14 बच्चों की मौत होने के बाद पुलिस ने लापरवाही के आरोप में एक चिकित्सक को गिरफ्तार किया है और जहरीले 'कफ सिरप' की निर्माता कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बताया कि दवा के नमूनों में अत्यधिक जहरीला पदार्थ पाया गया है। जिन बच्चों की मौत हुई है उनमें से दो छिंदवाड़ा शहर से, एक चौरई तहसील से और 11 परासिया उप-संभाग से थे। एसपी अजय पांडे ने बताया कि श्रीसन फार्मास्युटिकल्स, कांचीपुरम (तमिलनाडु) द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ को परासिया में 11 बच्चों की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। कंपनी और डॉ. प्रवीण सोनी के खिलाफ परासिया पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। डॉ. सोनी यहां सरकारी चिकित्सक होने के बावजूद एक निजी क्लीनिक चलाते थे।

### एक्शन में आई केंद्र सरकार, कार्रवाई के निर्देश

कफ सिरप के चलते हुए बच्चों की मौत के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। केंद्र ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों के साथ आज एक अहम बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें खांसी की दवाओं की गुणवत्ता और उचित उपयोग पर चर्चा हुई। उन्होंने सभी दवा निर्माताओं को संशोधित शेड्यूल एम का सख्ती से पालन करने और नियमों का उल्लंघन करने वाले कारखानों के लाइसेंस रद्द करने का निर्देश दिया।

## बर्फबारी




हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में रविवार को बर्फबारी हुई, जिसका पर्यटकों ने लुत्फ उठाया। अटल सुरंग से गुजरने वालों ने यहां वाहन रोक कर तस्वीरें कैमरे में कैद कीं। मानसून की वापसी के बाद यहां पर्यटकों की आमद भी बढ़ गई है। ● एजेंसी

### भारत निर्मित किफायती टीबी परीक्षण किट को मिली मान्यता

- तपेदिक के खिलाफ लड़ाई को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** तपेदिक के खिलाफ भारत की लड़ाई को बढ़ावा देते हुए आईसीएमआर ने स्वदेशी रूप से विकसित दो नई परीक्षण किट को मान्यता दी है जो बेहद किफायती और रोग का जल्द पता लगाने का विकल्प प्रदान कर सकती हैं।

तपेदिक (टीबी) का उन्मूलन मुख्य रूप से जल्द से जल्द और सटीक रूप से पता लगाने की क्षमता पर निर्भर करता है ताकि रोगियों का उपचार शुरू किया जा सके और सामुदायिक संचरण को रोका जा सके। आईसीएमआर ने कहा कि टीबी परीक्षण के लिए हाल ही में मान्यता प्राप्त किट में 'क्वांटिप्लस एमटीबी फास्ट डिटेक्शन किट' भी शामिल है, जिसे तेलंगाना स्थित ह्यूवेल लाइफसाइंसेज द्वारा विकसित किया गया है। क्वांटिप्लस फेफड़ों की टीबी का पता लगाने के लिए मान्यता प्राप्त पहला ओपन सिस्टम आरटी-पीसीआर परीक्षण है क्योंकि यह किसी भी मौजूदा पीसीआर मशीन पर काम कर सकता है।

### बरेली बवाल : सात फरार उपद्रवियों पर 15-15 हजार का इनाम घोषित

- एसएसपी ने इनाम घोषित करके गिरफ्तारी के लिए गठित कीं टीमें

**बरेली।** शहर में हुए बवाल-फायरिंग के प्रकरण में फरार चल रहे सात उपद्रवियों पर एसएसपी अनुराग आर्य ने रविवार की रात 15- 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। इनाम घोषित सभी आरोपी बवाल के बाद दर्ज किए मुकदमों में नामजद हैं। इसमें से तीन आरोपियों की बारादरी थाने में हिस्ट्रीशीट भी खुली हुई है। एसएसपी ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमों का गठन भी कर दिया है।

शहर में 26 सितंबर को जुमे की नमाज के बाद बवाल हो गया था। इस्लामिया मैदान की तरफ से जा रहे लोगों को पुलिस ने खलील तिराहे के पास रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने पुलिस पर पथराव कर दिया था। घटना का मास्टरमाइंड आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां को बनाया गया था। इस मामले में पुलिस की तरफ से कोतवाली, कैंट, बारादरी, प्रेमनगर और किला थाने में कुल 10 मुकदमे दर्ज किए थे। इन मुकदमों में 125 लोगों को नामजद करने के अलावा करीब 3 हजार अज्ञात लोगों को शामिल किया गया है।

### रुद्रनाथ के कपाट 17 अक्टूबर को शीतकाल के लिए होंगे बंद

**चमोली।** भगवान भोले नाथ के पंच केदार में एक रुद्रनाथ के कपाट 17 अक्टूबर को ब्रह्म मुहूर्त पर बंद होंगे। उसी दिन रुद्रनाथ जी की उत्सव विग्रह डोली गद्दी स्थल गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में पहुंच कर विराजमान होगी।

रुद्रनाथ मंदिर के पुजारी पं. सुनील तिवारी ने बताया भगवान शिव के हिमालय में स्थित पंच केदार में एक केदार रुद्रनाथ के कपाट शीतकाल के लिए 17 अक्टूबर को ब्रह्म बेला पर पूजा विधान के साथ बंद होंगे। इसी दिन भगवान की उत्सव विग्रह डोली को लेकर शिवभक्त 19 किमी की हिमालयी पैदल यात्रा के साथ गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि शीतकाल में भगवान रुद्रनाथ की पूजा अर्चना गोपेश्वर गोपीनाथ में मंदिर में होगी। रुद्रनाथ की उत्सव विग्रह डोली गोपेश्वर गोपीनाथ मंदिर में पहुंचने पर भगवान का भव्य स्वागत अभिनन्दन किया जाएगा।

### उड़ान के दौरान विमान का खुल गया आरएटी, इमरजेंसी लैंडिंग

- अमृतसर-बर्मिंघम उड़ान में मच गई अफरा-तफरी

मुंबई, एजेंसी

अमृतसर से बर्मिंघम जा रही एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई117 की इमरजेंसी लैंडिंग बर्मिंघम हवाई अड्डे पर कराई गई है। उड़ान के दौरान विमान की रैम एअर टर्बाइन (आरएटी) अचानक से खुल गई। जिसके बाद विमान को उतारा गया और जांच के लिए ग्राउंड किया गया। आरएटी दोनों इंजन के काम करना बंद करने या पूर्ण इलेक्ट्रॉनिक या हाइड्रोलिक विफलता की स्थिति में अपने आप सक्रिय हो जाता है। यह आपातकालीन ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए हवा की गति का उपयोग करता है।

हालांकि, विमानन कंपनी ने विमान में सवार लोगों की संख्या सहित विशिष्ट विवरण साझा नहीं किए। एअर इंडिया ने कहा कि यात्रियों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। बता दें कि इस वर्ष जून में एअर इंडिया बोइंग 787 विमान दुर्घटना के कई संभावित कारणों में इंजन या हाइड्रोलिक/इलेक्ट्रिकल विफलता या सॉफ्टवेयर की खराबी को भी शामिल किया जा रहा है।




## समारोह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लैंसडाउन शहीद सम्मान समारोह में शहीदों को किया नमन

# सैन्य धाम अमर आत्माओं का प्रतीक, भावी पीढ़ियों को करेगा प्रेरित

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पौड़ी के लैंसडाउन में हुए शहीद सम्मान समारोह में अमर शहीद गब्बर सिंह नेगी मैमोरियल की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीदों के आश्रितों को ताम्रपत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। सीएम ने विभिन्न जिलों से शहीदों के आंगन की पवित्र मिट्टी से भरे ताम्र कलशों के सम्मुख दीप भी प्रज्ज्वलित किया।

सीएम धामी ने कहा कि सैन्य धाम केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं बल्कि अमर आत्माओं का प्रतीक है। शहीदों के आंगन की पावन मिट्टी को सैन्य धाम में लाया जा रहा है। यह उन वीरों को सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने देश के लिए सर्वस्व अर्पित किया है। 25 सितंबर से 4 अक्टूबर तक चली शहीद सम्मान यात्रा 2.0 शहीदों के परिजनों के आंसुओं का सम्मान है। यह निर्माणाधीन सैन्य धाम आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति को प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों के परिजनों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 10 से बढ़ाकर 50 लाख की है। परमवीर चक्र विजेताओं को अब 1.5 करोड़, शहीदों के अंतिम संस्कार को 10 हजार, सैनिकों को भूमि खरीद पर स्टांप ड्यूटी में 25 प्रतिशत छूट दी जा रही है। शहीदों के परिजनों को सरकारी सेवा में संयोजन के तहत 28 परिजनों को नियुक्ति दी जा चुकी है जबकि 13 की लंबित है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शहीद सम्मान यात्रा 2.0 का सफल समापन हुआ। इसमें बचे हुए 71 शहीदों के आंगन की मिट्टी लायी जा चुकी है, जिसे सैन्य धाम के लोकार्पण से पूर्व अमर जवान ज्योति में स्थापित किया जाएगा।

इस दौरान रास सांसद महेंद्र भट्ट, विधायक दिलीप रावत, सचिव दीपेंद्र चौधरी, जिपं अध्यक्षा रचना बुटोला, विधायक राजकुमार पोरी, लेज डीएस राणा एवं शरत चंद्र (से.नि.), ब्रिगेडियर विनोद नेगी, राजेंद्र अंथवाल, डीएम स्वाति एस. भदौरिया, एसएसपी लोकेश्वर सिंह, मेयर शैलेन्द्र रावत रहे।



लैंसडाउन में सीएम पुष्कर सिंह धामी को रेजीमेंटल गीत की प्रति सौंपते सैन्य अधिकारी।

### मुख्यमंत्री धामी ने यह घोषणाएं की

मुख्यमंत्री ने कोटद्वार के सैनिक विश्राम गृह का जीर्णोद्धार, सैनिक कल्याण निदेशालय व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों में वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों की नियुक्ति, गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर लैंसडाउन संग्रहालय के जीर्णोद्धार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जयहरीखाल का उच्चीकरण, राजकीय इंटर कॉलेज कर्तिया का नाम शहीद कमल सिंह रावत के नाम पर रखने, हाईस्कूल डोबरियासार का नाम शहीद अनुज सिंह नेगी के नाम पर करने, बरुआ-चिणबो मार्ग का नामकरण शहीद केशवानंद ध्यानी के नाम पर करने, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण शहीद हरीश जोशी के नाम पर एवं जयहरीखाल-गुमखाल मार्ग का नामकरण शहीद खुशाल सिंह नेगी के नाम पर किए जाने की घोषणा की। अन्य स्रोतों से अनुदान प्राप्त न करने की बाध्यता को समाप्त करते हुए सभी द्वितीय विश्व युद्ध के पूर्व सैनिकों और विधवाओं को सम्मान राशि प्रदान की जाएगी।

स्टेट ब्रीफ

## अदलाकोटी के पास फंसे यात्रियों को किया गया सकुशल रेस्क्यू

**चमोली :** चमोली जिले के अदलाकोटी से राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम ने रात्रि के घनघोर अंधेरे में कड़ी मशक्कत कर फंसे लगभग 20 से 25 यात्रियों को सकुशल रेस्क्यू कर घाघरिया गुरुद्वारे में सुरक्षित पहुंचाया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार की देर रात्रि को एसडीआरएफ टीम को कॉलर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि अदलाकोटी नामक स्थान के पास कुछ यात्री फंसे हुए हैं। उक्त सूचना पर अपर उपनिरीक्षक के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम पोस्ट घाघरिया से तत्काल आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ घटनास्थल के लिए रवाना हुई। एसडीआरएफ टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रेस्क्यू अभियान के दौरान टीम द्वारा रात्रि के घनघोर अंधेरे में कड़ी मशक्कत कर लगभग 20 से 25 यात्रियों को रेस्क्यू कर घाघरिया गुरुद्वारे में सुरक्षित पहुंचाया।

## मौसम से निखरा नैनीताल का सौंदर्य

**नैनीताल :** खुशगवार मौसम से सरोवर नगरी की नैसर्गिक सुंदरता निखर उठी हैं। रविवार को अधिकांश समय धूप खिली रही। मगर शाम होते ही हल्की ठंड महसूस होने लगी। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ वायुमंडलीय वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र सिंह ने बताया कि तापमान में असमानता को लेकर अधिक नमी में रहने वाले क्षेत्रों में कोहरा बनने लगता है। नैनीताल के निचले क्षेत्र अधिक नमी वाले हैं। जिस कारण इन क्षेत्रों में कोहरा बन रहा है। अब अगले दो दिन बारिश का अनुमान है तो कोहरा भी छट जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग के घोटालों व मंत्री के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने देहरादून में हुई प्रेस वार्ता में लगाए गंभीर आरोप

मुख्य संवाददाता, देहरादून



**अमृत विचार :** कांग्रेस ने स्वास्थ्य विभाग पर वेन डिटेक्टर (नस ढूंढने वाली) मशीन के लिए कई गुना अधिक कीमत के स्टैंड खरीदने का निर्णय लेने तथा पहले खरीदे गए अन्य मेडिकल उपकरणों का अस्पतालों में उपयोग नहीं होने का आरोप लगाते हुए करोड़ों के 'घोटालों' तथा स्वास्थ्य मंत्री के कार्यों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा ने रविवार को देहरादून में हुई प्रेस वार्ता में कहा कि स्वास्थ्य विभाग में किसी भी मशीन को खरीदने की अनुमति देने से पहले निविदा देने वाले के दस्तावेज चेक किए जाते हैं फिर उसे डेमो (क्षमता प्रदर्शित करने) के लिए कहा जाता है। इसके बाद देहरादून के कोरोनेशन अस्पताल में मशीन की जांच की जाती है। उन्होंने दावा किया कि कोरोनेशन अस्पताल में जांच के दौरान वेन डिटेक्टर मशीन विफल हो गयी, जिसके बाद उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश भेजकर उसकी दोबारा जांच कराकर उसे पास कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वेन डिटेक्टर मशीन की खरीद के लिए प्रदेश में नियत प्रक्रिया की अनदेखी कर उसे उस एम्स (ऋषिकेश) से जांच में पास करवाया गया, जहां भर्ती प्रक्रिया, चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की खरीद में कथित अनियमितताओं को लेकर खुद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच चल रही है। माहरा ने कहा कि मशीनों के साथ ही उसे खड़ा करने के लिए उससे कई गुना अधिक कीमत के स्टैंड भी खरीदने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा, वेन डिटेक्टर मशीन की कीमत बाजार में पांच हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की है लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए साढ़े चार लाख रुपये का स्टैंड खरीदने का फैसला किया है। इस प्रकार स्टैंड सहित एक मशीन की कीमत करीब पांच से साढ़े पांच लाख रुपये की खरीदी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि वेन डिटेक्टर मशीनों की खरीद के लिए कुल 5,81,42,686.25 रुपये का आर्डर किया गया है। माहरा ने आरोप लगाया कि इसी प्रकार डेढ़ साल पूर्व करोड़ों रुपये खर्च करके सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें भी खरीदी थीं, जो अस्पतालों में पड़ी धूल फांक रही हैं और अब तक शुरू ही नहीं हो पाई हैं।

उन्होंने कहा कि मशीनों की खरीद के बाद दो साल तक उसकी देखरेख का जिम्मा कंपनी का होता है, लेकिन यहां डेढ़ साल ऐसे ही निकल गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन मशीनों की खरीद में अनियमितताओं के साथ-साथ केंद्र के मेक इन इंडिया अभियान की भी धज्जियां उड़ाई गयीं। 60 करोड़ रुपये की लागत वाली एमआरआई मशीन मानकों की अनदेखी कर चीन की कंपनी से खरीदी गयी और उसके मुकाबले में खड़ी एक भारतीय कंपनी को मौका नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी नैनीताल में दो करोड़ रुपये से कैथलैब भवन का निर्माण किया गया, लेकिन छह माह में ही यह भवन टपकने लगा। यह आरोप खुद नैनीताल के भाजपा सांसद अजय भट्ट ने लगाए हैं और उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र भी लिखा है।उन्होंने इन घोटालों तथा स्वास्थ्य मंत्री धनसिंह रावत के अब तक किए गए कार्यों की तत्काल उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए अन्यथा प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग ने किया इंकार

वहीं, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने यहां जारी एक बयान में कांग्रेस के इन आरोपों को नितांत तथ्यहीन और आधारहीन बताया। वेन डिटेक्टर की खरीद जिलों से प्राप्त मांग तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप की गई। वेन डिटेक्टर की खरीद के लिए मशीन की तकनीकी विशेषताएं एक विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित की गई, जिसके उपरांत केंद्रीय क्रय समिति के अनुमोदन के बाद जीईएम पोर्टल पर सार्वजनिक रूप से इस के लिए निविदा प्रकाशित की गई। सफल निविदादाता का तकनीकी परीक्षण ऋषिकेश, एम्स की विशेषज्ञ समिति ने कराया और जीईएम पोर्टल पर प्राप्त दरों का मार्केट सर्वे कर समिति द्वारा परीक्षण किया गया। अग्रिम क्रय प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि पांच सीटी स्कैन मशीनें पांच जिला चिकित्सालयों के लिए खरीदी गयी थीं, जिन्हें पिछले साल लगा दी गयी हैं। सभी मशीनें विश्व बैंक की खुली निविदा के माध्यम से खरीदी गयी थीं और उनका लाभ मरीजों को मिल रहा है। चमोली में अब तक 965 तथा बागेश्वर में लगभग 1500 सीटी स्कैन किए जा चुके हैं।

## राजेंद्र अध्यक्ष व जितेंद्र मल्ल महामंत्री चुने गए

**चमोली:** चमोली जिले के मुख्यालय गोपेश्वर में भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र (सीटू) का जिला सम्मेलन हुआ। इसमें किसानों व मजदूरों की आवाज उठाई गई। सम्मेलन में वक्ताओं ने सरकार पर पूंजीपतियों और विदेशी कारपोरेट के हितों के लिए नीतियां बनाने का आरोप लगाया।

रविवार को कामरेड राजपाल कन्याल नगर जिला पंचायत सभागार गोपेश्वर में हुए जिला सम्मेलन का शुभारंभ सीटू का झंडा फहराया किया गया। पर्यवेक्षक राज्य अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि देश में मजदूर विरोधी नीतियां सरकारों द्वारा अपनाई जा रही हैं। सरकार देशी पूंजीपतियों व विदेशी कॉरपोरेट घरानो के पक्ष में नीतियां बना रही है जबकि विभागों में नियुक्तियों पर प्रतिबंध लगा है। जो नियुक्तियां हो रही हैं वह ठेके पर और संविदा पर नितांत अस्थाई नियुक्तियां हो रही हैं। जिला महामंत्री जितेंद्र मल्ल ने बताया सीटू के जिला सम्मेलन में श्रमिक विरोधी नीतियों और बढ़ती बेरोजगारी के विरुद्ध प्रस्ताव पारित किए गए। जिला महामंत्री मनमोहन रौतेला ने तीन वर्षों की रिपोर्ट सम्मेलन में प्रस्तुत की। इसमें 15 सदस्यीय जिला कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें राजेंद्र नेगी को अध्यक्ष जितेंद्र मल्ल को महामंत्री, मदन मिश्रा एवं देवेंद्र खनेड़ा उपाध्यक्ष, भारती राणा एवं मिलन भंडारी को सचिव, धीरज नेगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। सम्मेलन को कमलेश गौड़, बस्ती लाल, भूपाल सिंह रावत और गीता बिष्ट ने भी संबोधित किया।

# विद्या समीक्षा केंद्र शिक्षा में बदलाव का सशक्त माध्यम

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- शिक्षा मंत्री रावत ने दी नई शिक्षा नीति-2020 की जानकारी

**अमृत विचार :** राज्य सरकार नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत स्थापित विद्या समीक्षा केन्द्र की शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। इस अभिनव पहल के तहत विभाग में डाटा आधारित नीतिगत निर्णय लिए जा रहे हैं जिससे शिक्षण गुणवत्ता, उपस्थिति और संसाधनों के प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। विद्या समीक्षा केन्द्र से अबतक प्रदेश के 16052 विद्यालयों को जोड़ा गया है। 46 हजार से अधिक शिक्षकों को सतत पेशेवर विकास के तहत प्रशिक्षित किया गया है।

यह जानकारी देते हुए विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, प्रखर और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की। फलस्वरूप विद्यालय स्तर से महानिदेशालय स्तर तक अब निर्णय तथ्यों व वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर लिए जा रहे हैं। इससे प्रदेश की शिक्षण गुणवत्ता से लेकर उपस्थिति व भौतिक संसाधनों के प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 16,052 विद्यालय विद्या समीक्षा के केन्द्र से जोड़े जा चुके हैं। इसमें ऊधम सिंह नगर के 1116, नैनीताल 1345, हरिद्वार 936, देहरादून 1242, पौड़ी 1953, रूद्रप्रयाग 754, चमोली 1314, बागेश्वर 757, अल्मोड़ा 1658, चम्पावत 673, उत्तरकाशी 1025, पिथौरागढ़ 1421 तथा टिहरी गढ़वाल में 1858 विद्यालय शामिल हैं। विद्या समीक्षा केन्द्र के माध्यम से इन विद्यालयों में छात्र प्रदर्शन, उपस्थिति और शिक्षक सहभागिता की रीयल टाइम निगरानी निरंतर की जा रही है।

प्रदेश के 95 फीसदी विद्यालयों में मेरी उपस्थिति चैटबॉट के जरिए वास्तविक समय पर छात्र-शिक्षकों की उपस्थितियां डिजिटल रूप में दर्ज की जा रही है। इसके अतिरिक्त, 6.5 लाख छात्रों को पारख उत्तराखंड से उपचारात्मक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। अब तक 57 हजार से अधिक छात्रों का निपुण मूल्यांकन और 46,323 शिक्षकों का सतत् पेशेवर विकास (सीपीडी) प्रशिक्षण ई-सृजन चैटबॉट के माध्यम से पूरा किया गया है।

इससे शिक्षकों की डिजिटल दक्षता में वृद्धि हुई है। विद्या समीक्षा केन्द्र के तहत 6-ए फ्रेमवर्क विकसित किया गया है। जिसके तहत उपस्थिति, मूल्यांकन, अनुकूलनशील अधिगम, प्रमाणन, प्रशासन और एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) पर आधारित मॉड्यूल विकसित किए गए हैं। जिससे विद्यालयों से डेटा संग्रहण की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी बन गई है।

# बंगाली पर्यटकों से गुलजार नैनीताल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बंगाली पर्यटकों की आमद बढ़ने से नैनीताल के ऑटम सीजन की फिजा में निखार आ गया है। इन दिनों बड़ी संख्या में बंगाल से सैलानी पहुंचे हुए हैं। रविवार को नगर के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों में बंगाली सैलानी भ्रमण करते नजर आए।

पिछले कुछ वर्ष से बंगाली सीजन के नाम से मशहूर ऑटम सीजन में बंगालियों का पहुंचना बेहद कम हो चला था। जिस कारण ऑटम सीजन की वो रौनक नहीं रह गई थी, जो एक दशक पहले रहा करती थी। तब ऑटम सीजन के दौरान लगभग 30 फीसद होटल बंगाली पर्यटकों पर निर्भर रहा करते थे। उनके नहीं आने से पर्यटन कारोबार प्रभावित हो चला था। साथ ही कौसानी, अल्मोड़ा, रानीखेत व मुक्तेश्वर के लिए पैकेज टूर का संचालन करने वाले ट्रैवल एजेंट भी निराश थे। मगर इस वर्ष दुर्गा पूजा से बंगाली सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था और वीकेंड पर आमद हजार से अधिक पहुंच गई। जिसके चलते रविवार को नगर के पर्यटन स्थल गुलजार नजर आए।

केव गार्डन, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, चिड़ियाघर व हनुमानगढ़ी में खासी चहल पहल नजर आई। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के महासचिव वेद साह का कहना है कि नगर के दर्जनों होटलों में बंगाली पर्यटक काफी संख्या में ठहरे हुए हैं, जबकि बंगाली सैलानियों के कई ग्रुप भी पहुंचे हुए हैं। बंगाली पर्यटकों में बढ़ोतरी, नगर के पर्यटन के लिए अच्छे संकेत हैं।



बंगाल से पहुंचे पर्यटक मलय मंडल का कहना है कि नैनीताल भ्रमण के बिना कुमाऊं की यात्रा पूरी नहीं हो सकती। जिस कारण वह दो दिन नैनीताल में ठहरने के बाद कुमाऊं के दूसरे पर्यटन स्थलों की सैर पर जाएंगे।



पश्चिमी बंगाल से पहुंचे मानस पतीन ने कहा कि नैनीताल थोड़ा महंगा होने के कारण, पिछले वर्षों में बंगाली सैलानियों के कम संख्या में पहुंचना एक कारण है। मगर इस बार होटलों में बड़ी छूट मिलने के कारण वह नैनीताल पहुंचे हैं।



अपने परिजनों के साथ बंगाल से पहुंची यशमिता ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में नैनीताल की सैर का कोई सानी नहीं। जिसके चलते वह इस हिल स्टेशन की सैर पर पहुंचे हैं और भविष्य में भी यहां की सैर करना पसंद करेंगी।



नैनीताल में प्राणी उद्यान की वन्यजीव सप्ताह के तहत मैराथन दौड़ में शामिल प्रतिभागी।

### रघुवीर, मीनाक्षी, विपिन और साधना ने मारी बाजी

**नैनीताल :** वन्य प्राणी सप्ताह में रविवार को जू के निदेशक आकाश गंगवार के निर्देशन में मैराथन कराई गई। जिसमें कुल तीन सौ प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। मैराथन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व खेल उप निदेशक सुरेश पांडे, जू की उप निदेशक स्वाति ने हरी झंडी दिखाकर किया। स्कूली मैराथन के बालक वर्ग में रघुवीर पहले, कृष्णा जोशी दूसरे, दीपक कुमार तीसरे व बालिका वर्ग में मीनाक्षी फर्त्याल पहले, आरती दूसरे, जीया तीसरे स्थान पर रहे। ओपन पुरुष वर्ग में विपिन जोशी पहले, बृजेश कुमार दूसरे, अमन बिष्ट तीसरे व महिला वर्ग में साधना पहले, मेघा दूसरे और राधा तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर रन टू लिव के संस्थापक हरीश तिवारी, बालम सिंह मेहरा, शाहीद रहमान, हसन रजा, अजय साह, विनोद पंत, भूपाल नयाल, धीरेंद्र भाकुनी, भरत भूषण अधिकारी, पंकज बर्गली, इन्तकाम आलम, नवीन पांडे आदि रहे। वहीं, दूसरे सत्र में' मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व के माध्यम से विषय पर नाटक का मंचन किया गया। जिसमें पहले स्थान बिशप शॉ स्कूल, दूसरे स्थान पर मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर और तीसरे स्थान पर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय ने प्राप्त किया। निर्णायक डॉ. संध्या रहीं। संचालन जू के बायोलॉजिस्ट अनुज कांडपाल ने किया।

# अतिक्रमण व अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, भवन सील

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** शनि बाजार क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण और जल निकासी परियोजना के लिए चिन्हित सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण के खिलाफ रविवार को प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। राजस्व विभाग की ओर से सीमांकन में सामने आया कि सड़क और नाली के लिए निर्धारित भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किया गया है। सीमांकन के बाद जेसीबी की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया, जिससे सार्वजनिक मार्ग को अवरोधमुक्त किया गया।

इस दौरान विकास प्राधिकरण की टीम ने बिना स्वीकृति और मानकों के विपरीत बनाए गए अवैध भवनों को सील किया। इसके अलावा एक भवन में ट्रांसफार्मर से सीधा विद्युत कनेक्शन लेकर बिजली चोरी किए जाने का मामला भी सामने आया।

इस पर विद्युत विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने सख्त लहजे में कहा कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, अवैध निर्माण या किसी भी तरह की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में संबंधित विभाग दंडात्मक कार्रवाई करेंगे ताकि जनहित से जुड़ी विकास परियोजनाओं में कोई बाधा न आए। संयुक्त अभियान में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे, राजस्व टीम, नगर निगम, विकास प्राधिकरण और विद्युत विभाग की टीमें मौजूद रहीं।



शनि बाजार में प्रशासन-नगर निगम की कार्रवाई में अवैध निर्माण तोड़ती जेसीबी।



# श्रीनंदा देवी परिषद का शीघ्र गठन करे सरकार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** श्री नंदा देवी राजजात समिति ने रविवार को सरकार से श्रीनंदा देवी परिषद के गठन की मांग की है ताकि प्रसिद्ध यात्रा को सुचारु रुप से संपन्न किया जा सके।

समिति की रविवार को बैठक हुई जिसमें वक्ताओं ने कहाकि वर्ष 2026 में प्रस्तावित हिमालयी महाकुंभ श्री नंदा राजजात यात्रा में अब महज 11 माह शेष हैं, किंतु अभी तक कोई ठोस तैयारी प्रारंभ नहीं हुई है। समिति ने अनुमान जताया कि आगामी राजजात यात्रा में एक करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी संभव है। बैठक में वक्ताओं ने इस यात्रा के मार्ग में पार्किंग, सुरक्षा, भोजन एवं आवास की समुचित व्यवस्था की तैयारियों पर बल देते हुए कहा कि बेदिनी बुग्याल से आगे सीमित संख्या में ही यात्रियों को ही अनुमति दी जाए और उनका स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया जाए। समिति अध्यक्ष प्रो. राकेश चंद्र सिंह कुंवर ने कहा कि सरकार को सभी पड़ावों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करनी चाहिए। महासचिव भुवन नौटियाल ने कहा कि मार्गों और पुलों की समय रहते मरम्मत कराई जाए और सरकार को शीघ्र श्री नंदा देवी परिषद का गठन करना चाहिए ताकि समन्वय के साथ कार्य संपन्न हो सके। अल्मोड़ा समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि परंपराओं के अनुरूप कुमाऊं की नंदा यात्रा भी नंदकेसरी में भव्य रूप से शामिल होगी। महासचिव मनोज सनवाल ने श्री नंदा राजजात से संबंधित सभी ऐतिहासिक तथ्यों के दस्तावेजीकरण की आवश्यकता बतायी है। विदित हो कि श्री नंदा राजजात यात्रा लगभग 280 किमी लंबी होती है और पैदल ही की जाती है। हर 12 वर्ष में महाकुंभ की तर्ज पर होने वाली यह यात्रा चंपावत, बदियाकोट, लाता, जोशीमठ आदि क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों की विशाल आस्था यात्रा है। गढ़वाल राजपरिवार के भवानी प्रताप सिंह पंवार ने कहा कि यह आयोजन गढ़वाल और कुमाऊं की साझा सांस्कृतिक विरासत है। उन्होंने आग्रह किया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, नई दिल्ली इस यात्रा का दस्तावेजीकरण करे तथा सरकार पूर्व में ही यात्रा व्यवस्थाओं हेतु धनराशि जारी करे।

# पढ़ने जाना था कनाडा, ठग ले गया 7 लाख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- बोला, 6 माह में बनाकर दे दूंगा वीजा, लेकिन दिया नहीं
- छात्र के पिता ने लोन लेकर दिया था जालसाज को रुपए

**अमृत विचार :** बेटे को उच्च शिक्षा देने की ख्वाहिश पाले बैठे एक पिता को जालसाज ने अपना शिकार बना लिया। उसने भरोसा दिया कि छह माह के भीतर वह कनाडा के लिए स्टूडेंट वीजा बनवा कर दे देगा। उसने 7 लाख रुपए ऐंठ लिए, लेकिन वीजा नहीं मिला। उसने आना-काना करनी शुरू की तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इको टाउन साउथ इंक्लेव रामपुर रोड निवासी संजय मोंगा पुत्र स्व. राजेंद्र मोंगा ने पुलिस को बताया कि वह अपने 25 वर्षीय बेटे हर्षित को होटल मैनेजमेंट का कोर्स कराने के लिए कनाडा भेजना चाहते थे और इसके लिए उन्हें स्टूडेंट वीजा का जरूरत थी। इसी दौरान हरिपुर पूर्णानंद निवासी शिवम सिंह पुत्र श्याम सिंह, हर्षित के सम्पर्क में आया। उसने बताया गया कि वह शैरिक इण्टरनेशनल के नाम से वीजा कंसलटेंसी फर्म चलाता है, जो विद्यार्थियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए स्टूडेंट वीजा दिलवाते हैं। हर्षित ने बात करने के लिए शिवम को घर बुलाया।

शिवम ने कनाडा का स्टूडेन्ट वीजा दिलाने के लिए 7 लाख रुपए की फीस तय की और भरोसा दिया कि वह 6 से 8 माह के भीतर वीजा दिला देगा। जिसके बाद संजयने शिवम को 7 लाख रुपए दे दिए और इसके लिए उन्होंने बैंक से 10 लाख रुपए का लोन लिया था। जिसका वह भारी ब्याज अदा कर रहे हैं। छः माह बीत जाने के बाद जब शिवम से वीजा के बारे में पूछा तो बताया कि अभी कनाडा का वीजा ऑफर लेटर नहीं आ पा रहा है। आप चाहो तो यूएस के क्लीवलैंड स्टेट यूनिवसिटी में दाखिला और वीजा दिलवा सकता हूं। हर्षित सहमत हो गया। बाद में आरोपी आज-कल कहते-कहते हुए टाल-मोटल करने लगा। बाद में उसने फोन भी उठाना बंद कर दिया। तंग आकर पिता-पुत्र, शिवम के घर पहुंचे। जहां उन्हें आरोपी के माता-पिता मिले। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# श्रीनगर में पंखे से लटका मिला पूर्व छात्र पदाधिकारी

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के पूर्व छात्रसंघ पदाधिकारी का शव पंखे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतक के परिजनों को सूचना दी।

पुलिस के अनुसार, श्रीनगर के डांग मोहल्ले में गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के पूर्व छात्र संघ सह सचिव समरजीत तेवतिया मूलरूप से परतापुर, हापुड़ का रहने वाला था। वह यहां निजी मकान में रहता था। इसी वर्ष उसने एमपीएड की पढ़ाई भी पूरी की थी। बीते शनिवार रात को उसका शव गमछे से सीलिंग फैन पर लटक मिला। मकान में रह रहे अन्य छात्रों ने देखा तो किसी तरह नीचे उतारा और बेस अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है समरजीत तेवतिया अपने मां बाप का इकलौता संतान था।

कार्रवाई

दोनों ही ट्रांसपोर्ट से माल किया जब्त, जांच के लिए हल्द्वानी टीम के किया सुपुर्द

# राज्य कर विभाग ने की मामू और नैनीताल ट्रांसपोर्ट में छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग की टीम ने मामू ट्रांसपोर्ट और नैनीताल ट्रांसपोर्ट छापेमारी की। टीम ने दोनों के यहां से माल जब्त किया है। अब इस माल की जांच की जा रही है, इसके बाद ही जीएसटी चोरी के माल का सटीक आकलन हो सकेगा।

रविवार को रुद्रपुर के उपायुक्त शशिकांत आर्या के नेतृत्व में रुद्रपुर, काशीपुर की सचल दल की टीमें एक साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मामू ट्रांसपोर्ट और लाइन नंबर-1 स्थित नैनीताल ट्रांसपोर्ट में छापेमारी के लिए पहुंचीं। टीम का दावा था कि देहरादून अधिकारियों के निर्देशों पर दोनों ही ट्रांसपोर्ट में छापेमारी की गई है। इधर, टीम ने नैनीताल ट्रांसपोर्ट में माल उतार रही गाड़ी को पकड़ा और गोदाम में रखे सामान की जांच की। टीम ने माल के बिल, बिल्टी समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की। टीम ने गाड़ी से आए माल को जब्त कर हल्द्वानी राज्य कर विभाग की टीम को सौंप दिया है। अब इस माल के बिल आदि की जांच की जाएगी। फिर जीएसटी चोरी के माल का आकलन होगा। इसके अलावा टीम ने गोदाम में रखे माल की जांच के निर्देश दिए हैं।, वहीं टीम ने मामू ट्रांसपोर्ट के गोदाम में भी रखे माल की जांच की और बिल वगैरह दस्तावेज की जांच की। टीम ने यहां से भी माल जब्त किया है जिसे हल्द्वानी की टीम को सौंप दिया है। इस माल की जांच भी हल्द्वानी की टीम करेगी।

उपायुक्त आर्य ने बताया कि आला अधिकारियों के निर्देशानुसार दोनों गोदामों पर माल की जांच की जा रही है। माल को जब्त कर हल्द्वानी टीम को सौंप दिया है, माल की जांच के बाद ही जीएसटी चोरी के माल का आकलन हो सकेगा। जो भी माल जीएसटी चोरी का होगा, उस पर नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा।

टीम में उपायुक्त विनय कुमार ओझा, सहायक आयुक्त जीशान मलिक एवं राजेश सिंह आदि शामिल थे।





### .... तो अफसरों की आपसी लड़ाई का नतीजा थी छापेमारी

रविवार को ट्रांसपोर्टर्स के यहां हुई कार्रवाई की हल्द्वानी के अधिकारियों को भनक तक नहीं थी। दोनों ही गोदामों में रुद्रपुर, काशीपुर की टीमों ने छापेमारी की। इसको लेकर तरह-तरह की कयासबाजी शुरू हो गई है। दरअसल, सूत्रों का कहना है कि दिल्ली, उप्र, हरियाणा से आने वाला हर मालवाहक वाहन ऊधम सिंह नगर से होते हुए ही हल्द्वानी में पहुंचता है। यहां पहुंचने के मार्ग जैसे बरेली रोड, रामपुर रोड, कालाढूंगी रोड, चोरगलिया रोड पर ऊधम सिंह नगर को पार करना पड़ेगा। फिर भी रुद्रपुर की टीम ने दिल्ली से आने वाले वाहनों को ऊधम सिंह नगर में नहीं रोका बल्कि हल्द्वानी में आकर पकड़ा। इसकेपीछे साजिश को अंजाम देना बताया जा रहा है हालांकि दोनों ही जिलो के अफसरों ने इसे नकार दिया है। इसे आला अधिकारियों के निर्देशों पर हुई कार्रवाई बताया है।

### कार्रवाई ट्रांसपोर्टर्स में मचा हड़कंप

रुद्रपुर के राज्य कर विभाग की टीम के लाइन नंबर-1 और ट्रांसपोर्ट नगर में छोपमारी करते ही बाकी ट्रांसपोर्टर्स में हड़कंप मच गया। हर कोई रुद्रपुर की टीम की जांच से दंग था। सूत्रों की मानें तो कई ट्रांसपोर्टर्स अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गए तो कईयों ने अपनी माल से भरी गाड़ियां टीपी नगर के बाहर ही यहां-वहां रुकवा दीं। देर सायं टीम के जाने के बाद भी ट्रांसपोर्टर्स में छापेमारी का भय बना हुआ था।

# सरकार 400 मेडिकल विद्यार्थियों की पीजी में कर रही मदद

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के व्हाइट कोट सेरेमनी में की शिरकत, 125 विद्यार्थियों ने पहना व्हाइट कोट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्रेक्षागृह में रविवार को नवप्रवेशित एमबीबीएस प्रथम वर्ष 2025-26 बैच के छात्र-छात्राओं के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी हुई। चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कुल 125 छात्र-छात्राओं को पारंपरिक रूप से व्हाइट कोट पहनाए गए और उन्हें महर्षि चरक की शपथ दिलाई गई। सांसद भट्ट ने कहा कि राज्य चिकित्सा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और दूरस्थ क्षेत्रों तक सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। उन्होंने मेडिकल विद्यार्थियों से सेवा भाव को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश सरकार 400 बच्चों को पीजी की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, जिससे वर्ष 2027 तक राज्य में शत-प्रतिशत चिकित्सा विशेषज्ञ उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही बताया कि शीघ्र ही 400 सहायक प्रोफेसरों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी, जिनमें से 50 हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में नियुक्त किए जाएंगे।

कहा कि मेडिकल कॉलेजों में 60 से 80 प्रतिशत तक डॉक्टरों की कमी को पूरा कर लिया गया है। आने वाले दिनों में इस कमी को और भी पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ. अजय आर्या, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जीएस तितियाल, निदेशक कैंसर इंस्टीट्यूट डॉ. केसी पांडे, एमएस डॉ. अरुण जोशी, सीएमओ डॉ. हरीश पंत, मंडी समिति अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू आदि मौजूद थे।


राजकीय मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत, मेडिकल के विद्यार्थी व अन्य। ● अमृत विचार

### मेडिकल छात्रों को 5 परिवार लेने होंगे गोद

**हल्द्वानी :** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह ने कहा कि सभी 125 नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं को पांच-पांच परिवार गोद लेने होंगे, जिनके स्वास्थ्य की देखभाल वे पूरे पांच वर्षों तक करेंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज में 55 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। राज्य में तीन वर्षों में 25,000 लोगों को सरकारी नौकरी दी गई, जिसमें 9000 नियुक्तियां स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई हैं। पिथौरागढ़ और रुद्रपुर में मेडिकल कॉलेज का संचालन अगले वर्ष से शुरू हो जाएगा।

## एसटीएच को मिलेगा कार्डियोलॉजिस्ट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब 16 साल बाद कार्डियोलॉजिस्ट की नियुक्ति होने के आसार बन रहे हैं। मेडिकल कॉलेज में एक कार्डियोलॉजिस्ट ने साक्षात्कार दिया था, जिसमें वह पास हो गए हैं। अब बाकी की औपचारिकताएं करनी बाकी हैं।

मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में विभिन्न विभागों में डॉक्टरों की भारी कमी है। कमी को पूरा करने के लिए विगत चार अक्टूबर को डॉक्टरों के साक्षात्कार हुए थे। रिक्तियों के सापेक्ष केवल छह डॉक्टर की साक्षात्कार देने पहुंचे थे। इनमें एक कार्डियोलॉजिस्ट ने भी साक्षात्कार दिया है। मेडिकल कॉलेज में करीब 16 साल पहले कार्डियोलॉजिस्ट थे, उनके जाने के बाद यहां पर कोई भी कार्डियोलॉजिस्ट नहीं आया। यहां पर कैथलैब का भी निर्माण किया जा रहा है। एसटीएच के एमएस डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि ' जो कार्डियोलॉजिस्ट साक्षात्कार देने आए थे, वह सफल हो गए हैं। अब बाकी की औपचारिकताएं बाकी हैं। यदि सबकुछ सही रहा तो यहां कार्डियोलॉजिस्ट की सेवाएं शुरू हो जाएंगी। सरकारी अस्पतालों में कार्डियोलॉजिस्ट नहीं होने से हृदय रोग के मरीजों को निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। मिनी स्टेडियम के पास हृदय रोग केंद्र भी कार्डियोलॉजिस्ट के अभाव में सालों से बंद पड़ा है।

### मेडिकल कॉलेज में है डॉक्टरों की भारी कमी

**हल्द्वानी :** मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के ज्यादातर विभागों में डॉक्टरों की कमी है। मुख्य तौर पर जनरल मेडिसन विभाग में एक प्रोफेसर, चार एसोसिएट प्रोफेसर के अलावा नौ असिस्टेंट प्रोफेसर की कमी है। जनरल सर्जरी विभाग में 11 असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ ही तीन एसोसिएट प्रोफेसर कम हैं। स्त्री रोग विभाग में छह असिस्टेंट प्रोफेसर और दो एसोसिएट प्रोफेसर कम हैं। इसके अलावा सुपर स्पेशलिटी डॉक्टरों की कमी से भी मेडिकल कॉलेज जूझ रहा है। न्यूरो सर्जरी विभाग में एक प्रोफेसर और एक असिस्टेंट प्रोफेसर, यूरोलॉजी विभाग में एक प्रोफेसर और एक असिस्टेंट प्रोफेसर, प्लास्टिक सर्जरी विभाग में एक-एक प्रोफेसर, असिस्टेंट और एसोसिएट प्रोफेसर की कमी है।

## यूओयू को दो वर्षों में नैक से मिल जाएगा ए ग्रेड

संवाददाता, हल्द्वानी

- उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

**अमृत विचार :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय यूओयू में रविवार को शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शिरकत की। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट और कई स्थानीय जनप्रतिनिधि व राज्यमंत्री भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने की। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि राज्य में कौशल विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा स्तर पर इस दिशा में किए गए प्रयोग सफल हुए हैं और अब विवि स्तर पर भी इन प्रयासों को आगे बढ़ाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यूओयू निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है और आशा है कि वर्ष 2027 तक विवि नैक से ए ग्रेड प्राप्त करेगा। इस दौरान मंत्री ने राज्य के सभी 13 जनपदों में विवि के अध्ययन केंद्रों के लिए स्थान उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने देहरादून में अध्ययन केंद्र के लिए अतिरिक्त भूमि दिए जाने की बात कही।

मंत्री ने बताया कि विवि में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा और ऑडिटोरियम को साउंडप्रूफ बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि विवि के कुलसचिव का वेतनमान दस हजार ग्रेड पे के आधार पर करने पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त संस्कृति अकादमिक में भी विवि को स्थान प्रदान किया जाएगा।

कहा कि सरकार अब तक विवि को 116 करोड़ की सहायता राशि दे चुकी है, और लक्ष्य है कि इसे प्रदेश का नंबर एक विवि बनाया जाए।

डॉ. रावत ने यह भी सुझाव दिया कि विवि अर्धसैनिक बलों, सैनिकों, नागरिकों, पुलिस के जवानों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए संबंधित विभागों से एमओयू (समझौते) करे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के बीच शिक्षकों के पारस्परिक सहयोग से शिक्षक अदला-बदली कार्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए, जिससे राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता और अनुसंधान संस्कृति में वृद्धि होगी। इस मौके पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि विवि आने वाले समय में देशभर में राज्य का नाम रोशन करेगा। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विवि की पिछली उपलब्धियों और भावी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। अंत में कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन विवि के कुलसचिव खेमराज ने किया।

इस मौके पर दर्जा राज्यमंत्री अनिल डब्बू, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, दिनेश आर्य, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल समेत विवि के सभी निदेशक, प्रोफेसर, अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### 58 वर्षीय महिला ने जहर खाकर जान दी

**हल्द्वानी :** रामपुर की रहने वाली एक महिला ने जहर खाकर जान दी। पुलिस के मुताबिक थाना खजूरिया, रामपुर निवासी दिलबरी (58 वर्ष) ने शनिवार रात अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिस कारण उसकी तबियत बिगड़ गई। रामपुर में प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दिलबरी को परिजन डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। यहां देर रात महिला ने दम तोड़ दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### तापमान में आई गिरावट रात को हल्की सर्दी

**हल्द्वानी :** अक्टूबर के पहले सप्ताह में अब तापमान में हल्की गिरावट आने लगी है और साथ ही रात के समय हल्की सर्दी का दौर शुरू हो रहा है। हल्द्वानी में बादल छाए रहे और बीच-बीच में धूप निकल रही थी। अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के समय अब हल्की गर्मी पड़ रही है तो वहीं शाम होने के साथ ही पारा गिर रहा है और रात के समय हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार छह और सात अक्टूबर को भारी बारिश होने के आसार हैं।

### दीवार फांद कर आया चोर बुलेट ले गया

**हल्द्वानी :** मुखानी से बुलेट चोरी का एक अजीब मामला सामने आया है। भगवानपुर रोड निवासी चन्द्र शेखर ने बताया कि वह यहां किराये के मकान में रहते हैं और उनकी बुलेट भी यहां खड़ी रहती है। एक रात पहले चोर मकान की दीवार फांद कर अंदर दाखिल हुआ और उनकी गाड़ी को घसीटकर अपने साथ ले गया। ये पूरी घटना वहीं लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई। थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोर और बाइक की तलाश की जा रही है।

### भगवानपुर तल्ला में ट्यूबवेल खराब

**हल्द्वानी :** भगवानपुर तल्ला क्षेत्र में ट्यूबवेल की मोटर खराब हो जाने से पांच हजार लोगों के लिए पेयजल संकट पैदा हो गया है। जल संस्थान की ओर से फिलहाल प्रभावित क्षेत्र में दो टैंकर भेजे गए हैं ताकि लोगों को कुछ राहत मिल सके। जल संस्थान के अपर सहायक अभियंता एमसी सती ने बताया कि भगवानपुर तल्ला में स्थित सिंचाई नलकूप खंड का ट्यूबवेल अचानक फुंक गया है, जिससे न केवल पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है बल्कि सिंचाई के कार्य भी ठप पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि यह ट्यूबवेल रोजाना लगभग चार घंटे जलापूर्ति करता था, जिसका ठप होना इलाके के हजारों लोगों के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर रहा है।

### कैथलैब निर्माण में देरी पर स्वास्थ्य मंत्री की चुप्पी

**हल्द्वानी :** मेडिकल कॉलेज में मंडी परिषद कैथलैब का निर्माण रहा है। यह हृदय रोगियों के लिए काफी बड़ा कदम है लेकिन इसके निर्माण में हो रही देरी और गुणवत्ता पर सांसद अजय भट्ट नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने सीएम पुष्कर सिंह धामी से भी पिछले दिनों शिकायत करके कहा था कि कैथलैब की गुणवत्ता इतनी निम्नस्तरीय है कि डायलिसिस सेंटर, माइनर ओटी और इमरजेंसी वार्ड तक टपक रहा है। काम डेढ़ वर्ष की देरी से हो रहा है। इस मुद्दे पर जब मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से सवाल पूछा कि कैथलैब निर्माण में गुणवत्ता और हो रही देरी पर सांसद भट्ट ने नाराजगी जताई है तो स्वास्थ्य मंत्री ने जबाव नहीं दिया और बात को टालकर वह आगे बढ़ गए।

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने किया उषा भट्ट पैथ लैब का उद्घाटन

संवाददाता, हल्द्वानी

- वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. नीलांबर भट्ट की पत्नी है डॉ. उषा भट्ट

**अमृत विचार:** मुखानी चौराहा स्थित डीएनबी परिसर में डॉ. उषा भट्ट पैथ लैब का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया। इस दौरान सांसद अजय भट्ट भी रहे।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने कहा कि सही उपचार तभी संभव है जब मरीज की सही जांच की जाए। मुझे आशा है कि यह लैब निश्चित रूप से गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करेगी। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यह पैथ लैब डॉ. नीलांबर भट्ट के चिकित्सा क्षेत्र में समर्पण और सेवा भाव का परिणाम है।

डॉ. नीलांबर और डॉ. उषा भट्ट ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्र के लोगों ने उनके ऊपर हमेशा विश्वास दिखाया है।

इस विश्वास को आगे भी कायम रखा जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. उषा हाल ही में एसएस जीना बेस अस्पताल हल्द्वानी से सेवानिवृत हुई हैं। इस दौरान सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मदन फर्तयाल, प्रदीप बिष्ट, राहुल झिंगरन, एपी बाजपेई, डॉ. संजय सिंह, डॉ. अनवर, डॉ. सुबोध गुरानी, डॉ. उपेंद्र ओली, डॉ. कुसुम ओली, एचडी भट्ट, शरद, दीप चंद्रा, खुशी आदि रहे।


डॉ. उषा पैथलैब का उद्घाटन करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट व डॉ. नीलांबर भट्ट। ● अमृत विचार


हल्द्वानी कोतवाली में मौजूद पहाड़ी आर्मी के लोग। ● अमृत विचार

## कोतवाली में पहाड़ी आर्मी ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी

- संगठन ने कहा, पुलिस ने तहरीर लेने से मना किया
- पहाड़ी आर्मी संस्थापक की छवि धूमिल करने का आरोप

**अमृत विचार:** पहाड़ी आर्मी नगर अध्यक्ष भुवन पांडे के नेतृत्व में संगठन के लोग कोतवाली में तहरीर देने पहुंचे। उनका कहना है कि कोतवाली में मौजूद अधिकारी ने तहरीर लेने से मना कर दिया। संगठन के लोग वहीं धरने पर बैठ गए, बाद में उनकी तहरीर ली गई।

विगत दिनों बुद्ध पार्क में यहां पेपर लीक प्रकरण को लेकर सीबीआई जांच की मांग कर रहे लोगों ने सीबीआई जांच की घोषणा होने के बाद आंदोलन वापस ले लिया था। इधर पहाड़ी आर्मी संस्थापक हरीश रावत धरने पर बैठ गए। इससे वहां विवाद हो गया। कोतवाली में दी तहरीर में भुवन पांडे ने कहा कि बीती 30 सितंबर को पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत आमरण में बैठे थे, उसी दिन सोशल मीडिया में एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में एक पार्षद ने हरीश रावत को ब्लैकमेलर कहा और साथ ही दमुवाढूंगा आंदोलन में 20 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया। इस दौरान एक अन्य संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मौके पर जाकर हरीश रावत को आंदोलन में बैठने से नाराजगी जाहिर की थी। इसका वीडियो पर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। मांग की गई कि पहाड़ी आर्मी संस्थापक की छवि धूमिल करने के आरोपियों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेंद्र कांडपाल, महिला जिला अध्यक्ष प्रेमा मेर, नगर अध्यक्ष कविता जीना, रमा पांडे, कंचन रौतेला, गीता बिष्ट, अंजू पांडे, नीमा भट्ट, लोकेश सनवाल, हरेंद्र राणा थे।

## गाय की पूंछ काटी, दो भाई गिरफ्तार

संवाददाता, रामनगर

- घटना के बाद हिंदूवादी संगठनों से जताया आक्रोश

**अमृत विचार:** ग्राम मालधन चौड़ क्षेत्र में रविवार को एक गाय की पूंछ काटने का मामला सामने आने से पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। घटना के बाद हिंदूवादी संगठनों ने कड़ी नाराजगी जताई और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

मामला ग्राम तुमडिया डैम खत्ता का है। क्षेत्र निवासी मोहम्मद फरीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार सुबह उसकी गाय चारा चरने के लिए घर से बाहर गई थी, थोड़ी देर बाद गाय गांव के मोहम्मद शफी के घर के पास बने खेत में चली गई। फरीद का आरोप है कि शफी के बेटे अशरफ अली और करामत अली ने गाय को दौड़ाकर उसके घर तक लाया। पीड़ित ने बताया कि दोनों आरोपियों के हाथ में पाटल था, उन्होंने गाय की पूंछ काट दी और धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो नतीजे गंभीर होंगे। घटना की जानकारी लगते ही हिंदूवादी संगठनों और स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। संगठनों ने आरोप लगाया कि कुछ असामाजिक तत्व जानबूझकर रामनगर के शांतिपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बहुत ही निंदनीय कृत्य है, रामनगर की सामाजिक सद्भावना को खराब करने की कोशिश की जा रही है,ऐसे अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उधर पुलिस क्षेत्राधिकारी सीओ सुमित पांडे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दोनों आरोपियों अशरफ अली और करामत अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके अनुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद एहतियातन क्षेत्र में पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि किसी प्रकार का विवाद न हो फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

## लिफ्ट के चैंबर में सिर के बल गिरा सिक्योरिटी गार्ड, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम थानाक्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करने सिक्योरिटी गार्ड दो मंजिले पर बने लिफ्ट के चैंबर में सिक्योरिटी गार्ड सिर के बल गिरा। उसे फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

रेतीखान रामगढ़ निवासी चंद्रशेखर पांडे (28 वर्ष), टेड़ी पुलिया के पास स्थित चाय लोक रेस्टोरेंट में बतौर सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। पिछले कुछ दिनों से रेस्टोरेंट की इमारत में लिफ्ट का चैंबर बनाया जा रहा था, जिसमें जल्द ही लिफ्ट लगनी थी। बताया जाता है कि शनिवार रात चंद्रशेखर दो मंजिले पर पहुंच गया। इस दौरान उसका नियंत्रण बिगड़ा और वह सीधा चैंबर में जा गिरा। वह सिर के बल जमीन पर आ गिरा और बुरी तरह लहूलुहान हो गया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और चंद्रशेखर को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने चंद्रशेखर को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी बीएस मेहता ने बताया कि हादसे की जांच की जा रही है। घटना सुबह साढ़े पांच बजे के आसपास की बताई जा रही है। रेस्टोरेंट स्वामी से चौकी प्रभारी ने पूछताछ की है।

**अग्निकांड** | ग्रामीणों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत से बुझाई आग, दीपावली के लिए मंगाया गया लाखों का माल अग्निकांड में हुआ स्वाहा

## कालाढूंगी में शॉर्टसर्किट से हार्डवेयर की दुकान में लगी आग, कई झुलसे

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** रविवार दोपहर चकलुवा बाजार में जोशी हार्डवेयर की दुकान में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान जलकर खाक हो गई। ग्रामीणों ने हिम्मत और तत्परता दिखाते हुए करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में दुकान स्वामी और कई ग्रामीण झुलस गए, जबकि लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

ग्राम पूरनपुर चकलुवा निवासी रमेश जोशी ने बताया कि उनकी दुकान जोशी हार्डवेयर में प्लास्टिक पाइप, रंग, पेंट, हार्डवेयर का सामान, सीसीटीवी, एलईडी, कंप्यूटर सहित कई कीमती वस्तुएं रखी थीं। शाम करीब सवा चार बजे बिजली के शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और काले धुएं का गुबार पूरे बाजार में फैल गया। सामान बचाने की कोशिश में दुकान स्वामी रमेश जोशी और कर्मचारी रमेश चंद्र झुलस गए। आग की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और श्रृंखला बनाकर नहर से पानी की बाल्टियों और टबों से आग बुझाने में जुट गए। कई ग्रामीण भी हल्का झुलस गए।


हार्डवेयर की दुकान में आग लगने के बाद उठती विकराल लपटें।

ग्रामीण करीब डेढ़ घंटे तक लगातार पानी डालते रहे, लेकिन आग पूरी तरह बुझ नहीं पाई। बाद में हल्द्वानी से एक और रामनगर से दो फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने पानी की बौछारों से आग को ठंडा किया। रमेश जोशी के अनुसार, आग से लगभग 30 लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि दीपावली के लिए आया करीब 18 लाख रुपये का नया सामान भी जल गया। आग बुझाने में जाकिर हुसैन, हरीश मेहरा, खुशाल देउपा, कविन्द्र बिष्ट, ललित जंतवाल, कमल जंतवाल, पूरन खाती, पंकज सैनी, विनोद जोशी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने अहम भूमिका निभाई।

**फायर स्टेशन न होने से ग्रामीणों में आक्रोश :** कालाढूंगी नगर पंचायत को नगरपालिका और थाना को कोतवाली का दर्जा मिले काफी समय बीत चुका है, परंतु क्षेत्र में अब तक फायर स्टेशन नहीं बन सका है। कई बार जनप्रतिनिधियों और व्यापार मंडल ने शासन से मांग की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को हुई इस घटना में भी फायर ब्रिगेड को हल्द्वानी और रामनगर से पहुंचने में डेढ़ घंटे से अधिक समय लगा, जिसके चलते ग्रामीणों को खुद ही आग बुझाने में जुटना पड़ा। इससे नाराज ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन व पुलिस के प्रति नाराजगी जाहिर की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला कार्यकारी अध्यक्ष भगवत सिंह बिष्ट और व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश गोयल ने कहा कि क्षेत्र में कई बार आगजनी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन शासन और प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। वहीं दुकानदार रमेश जोशी ने कहा, दीपावली के लिए नया माल आया था। आग की चपेट में सब कुछ जल गया। कालाढूंगी में फायर स्टेशन न होना क्षेत्र के लिए सबसे बड़ा दुर्भाग्य है।

## सिटी ब्रीफ

### सड़क किनारे अधेड़ का शव मिला

**लालकुआं।** निकटवर्ती क्षेत्र आईओसी डिपो के समीप सड़क के किनारे अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है, पुलिस ने उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। जानकारी के अनुसार आज सुबह क्षेत्र पंचायत सदस्य कमल भंडारी ने पुलिस को सूचना दी कि आईओसी डिपो के पास सड़क के किनारे एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया, मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी शंकर सिंह नयाल ने बताया कि आसपास के लोगों का कहना है कि उक्त युवक अर्ध विक्षिप्त हालत में कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था, जिसकी रात्रि में मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक का पोस्टमार्टम 3 दिन के बाद किया जाएगा।

### वरिष्ठ कांग्रेसी बलवंत के निधन पर शोक

**लालकुआं :** कांग्रेसियों ने पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलवंत सिंह दानू के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र सिंह बोरा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू , कुंदन सिंह मेहता, प्रदीप सिंह बथ्याल, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह खनवाल, प्रमोद कॉलोनी, राजेंद्र सिंह चौहान, रूप सिंह जीना, कैप्टन इंद्र सिंह पनेरी, कैप्टन बलवंत सिंह कोरंगा, कैप्टन प्रेम सिंह कोरंगा, हर्ष बिष्ट, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राधा दानू , मीना कपिल, दीपा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### भ्रमण में बच्चों ने जाना जंगल का इतिहास

**रामनगर :** कालागढ़ टाइगर रिजर्व के रथुआढाब में द कॉर्बेट फाउंडेशन एवं अदनाला रेंज, कालागढ़ टाइगर रिज़र्व के संयुक्त सहयोग से एक प्रकृति भ्रमण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रेंज अधिकारी हरेंद्र रावत तथा द कॉर्बेट फाउंडेशन की जागरूकता कार्यक्रम अधिकारी शिखा पांडेय के परिचयात्मक संबोधन से हुई। बच्चों को जंगल की रोचक दुनिया से परिचित कराने हेतु एक नेचर ट्रेल (प्रकृति भ्रमण) का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्हें पेड़-पौधों, तितलियों, पक्षियों और अन्य प्रजातियों की पहचान कराने के साथ-साथ जंगल के महत्व और संरक्षण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में ट्रेल के दौरान वन विभाग की तरफ से अभिषेक एवं सौरव नौटियाल द्वारा प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया गया। इस दौरान सुरेन्द्र सिंह, फील्ड असिस्टेंट दीपक कुमार, महावीर सिंह नेगी, खीमानंद आर्या आदि रहे।

# नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

## नैनीताल में रैली में न्यायिक अधिकारियों, पुलिस प्रशासन और छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने लिया भाग

- प्रथम अपर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार ने किया शुभारंभ

संवाददाता, नैनीताल


नैनीताल में नशे के खिलाफ निकाली गई जागरूकता रैली हरी झंडी दिखाते अतिथि।



रामनगर में नशे के खिलाफ रैली निकालते एनसीसी कैडेट।। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों एवं प्रभारी अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार की अध्यक्षता में रविवार को नशे के खिलाफ विधिक साक्षरता एवं जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ जिला मुख्यालय नैनीताल के दीवानी न्यायालय परिसर से प्रथम अपर जिला न्यायाधीश संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के न्यायाधीश सुधीर तोमर, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन, सीनियर सिविल जज हर्ष यादव, सिविल जज जूनियर डिवीजन उर्वशी रावत, प्रथम अपर सिविल जज रुचिका गोयल, द्वितीय सिविल जज स्नेहा नारंग, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगदीश चंद्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रैली में चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सोहन तिवारी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल हेमा शर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रीत भट्ट, रिटेनर फ्रंट ऑफिस तारा आर्य, यशवंत कुमार और अंबिका के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक विद्यापीठ, अटल उत्कृष्ट आदर्श राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कॉलेज, मोहनलाल शाह बालिका विद्या मंदिर तथा विशप शाह तल्लीताल के अध्यापक और छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।रैली सिविल कोर्ट कैंपस से प्रारंभ होकर माल रोड होते हुए चेतराम शाह ठुलघरिया इंटर कॉलेज के सभागार में संपन्न हुई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशे के दुष्प्रभावों, नशीली दवाओं के दुरुपयोग तथा समाज से नशे को दूर करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।अंत में विद्यालयों एवं अध्यापकों को विधिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

### बच्चों को नशे से दूर रखने में अभिभावकों की भूमिका अहम : मीनाक्षी

**रामनगर, अमृत विचार :** भावी पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए अभिभावकों को आगे आना होगा। यह बात सिविल जज मीनाक्षी दुबे ने जिला विधिक प्राधिकरण द्वारा आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बच्चे भारत का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें हर हाल में नशे से दूर रहना चाहिए, ताकि वे अपने परिवार, समाज और देश की सेवा कर सकें। तहसील विधिक सेवा समिति, रामनगर के तत्वावधान में "नशीली दवाओं की लत और उनके दुरुपयोग" विषय पर यह रैली सिविल कोर्ट परिसर से प्रारंभ हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशे के खिलाफ प्रेरक नारे लगाए। इस अवसर पर जीवन चंद्र सत्यवली ने कहा कि बच्चों को हमेशा नशे की बुराइयों के प्रति सजग रहना चाहिए। यदि आसपास कहीं नशे का प्रचलन दिखाई दे, तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को 112 नंबर पर दें। रैली में एमपी हिंदू इंटर कॉलेज रामनगर और जीआईसी रामनगर के छात्र-छात्राओं सहित एनसीसी कैडेट्स ने भी भाग लिया। इस दौरान एनसीसी कैप्टन चंद्रशेखर मिश्र, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रजनीश आर्य, भाजपा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र खाती सहित बड़ी संख्या में अध्यापक, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# संसाधनों के संरक्षण के बिना जीवन की कल्पना असंभव

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** भीमताल के माइंड पावर यूनिवर्सिटी में मनुष्य व जंतुओं के स्थायी भविष्य निर्माण विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ अप्लायंसेज साइंस के चेयरमैन डॉ. बीएस बिष्ट और नीलम यूनिवर्सिटी हरियाणा के डीन एकेडमिक डॉ. आरके गुप्ता ने उद्घाटन किया।

डॉ. बीएस बिष्ट ने अपने संबोधन में प्रगति पर्यावरण में संतुलन बनाए जाने और पर्यावरण और विज्ञान के क्षेत्रों में तेजी से हो रहे परिवर्तन के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. आरके गुप्ता ने कहा कि लोगों की सोच पर बदलाव की आवश्यकता है। चांसलर डॉ. योगेश कुमार ने मुख्य अतिथि और सभी पीएचडी शोध छात्रों का विश्वविद्यालय परिवार की ओर से स्वागत किया। उन्होने कहा कि मदर नेचर के प्रति उचित सम्मान और संसाधनों को संरक्षित किए बिना आने वाली पीढ़ियों को हम बेहतर जीवन नहीं प्रदान कर सकते हैं। प्रो. चांसलर डॉ. बृजेश कुमार ने यूनिवर्सिटी को प्रकृति की गोद में स्थापित करने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। रजिस्ट्रार डॉ. हृदेश ने भी विचार व्यक्त किए। वाइस चांसलर डॉ. श्वेता भोसले, प्रो वाइस चांसलर डॉ. पवन धस्माना, डायरेक्टर कम्युनिकेशन केडी सिंह, डीन एडमिशन डॉ. सुरेश कुमार, उदय प्रताप सिंह, डॉ. विकास, डॉ. रमन, देवेन्द्र बोहरा व विपिन चंद्र पांडे के अलावा फैकल्टी सदस्य थे ।


माइंड पावर यूनिवर्सिटी में एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में मौजूद विषय विशेषज्ञ।

# हाइटेंशन लाइन पर झुका पेड़ बना खतरे का सबब

संवाददाता, चोरगलिया

**अमृत विचार :** गौलापार रेशमबाग चौराहा से सेला भाबर को जाने वाले मार्ग में बिजली की 11 हजार वोल्टेज की लाइन पर झुका लिप्टिस के पेड़ की शाखाएं खतरा बनी हुई हैं। मामले में क्षेत्र पंचायत सदस्य विक्रम बर्गली का कहना है कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को फोन के माध्यम से समस्या के बारे में अवगत कराया उसके बावजूद भी विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

उन्होंने बताया कि यह मार्ग से तीन चार गांव को जाने का प्रमुख मार्ग है जिससे कि तेज हवाएं या बारिश की स्थिति में खतरा बना हुआ है। यह पेड़ कभी भी हाईटेंशन लाइन पर गिर सकता है। जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। क्षेत्र पंचायत सदस्य बर्गली विभाग से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा समस्या का समाधान न होने की स्थिति में वह इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे।


हाईटेंशन लाइन पर झुका पेड़।

## स्वास्थ्य शिविर में सौ से अधिक की जांच

**भीमताल, अमृत विचारः** नौकुचियाताल रामलीला ग्राउंड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हुआ। पालिका सभासद हेमा दुम्का और ग्राम प्रधान चनौती जितेंद्र चुनौतियां के सहयोग से आयोजित शिविर में नाक, कान, गला, त्वचा, डर्मेटोलॉजी, मधुमेह, थायरॉइड, मोटापा और मेटाबॉलिक सिंड्रोम, हार्मोनल, पिट्यूटरी एड्रिनल आदि की जांच की गई।

इसके साथ ही साथ विशेष जागरूकता वार्ता अंगदान पर भी जानकारी दी गई। शिविर में एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ. राजीव सिंगला, डॉ. सुमित मृग, डॉ. बनिता राजगोपालन, डॉ. विनीत सुराणा ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। इस मौके पर कार्यकर्ता नीति वर्मा, नव्या मृग व नंदिनी सिंगला आदि मौजूद थे।

# रैली निकाल कैंसर के प्रति किया जागरूक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे स्तन कैंसर की समस्या से निजात दिलाने और जागरुकता को लेकर नैनीताल में पिंक रैली निकाली गई। रविवार सुबह डीएसए मैदान पर आयोजित कार्यक्रम में नैनीताल विधायक सरिता आर्या ने रैली का शुभारंभ किया। उन्होंने कैंसर जागरुकता के इस अभियान की सराहना करते हुए इसे समाज हित में उठाया गया कदम बताया। इसके बाद आशा फाउंडेशन की ओर से निकाली जा रही रैली डीएसए मैदान से होकर पंत पार्क मॉल रोड होते हुए वापस डीएसए मैदान पर संपन्न हुई।

आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष आशा शर्मा ने बताया कि स्तन कैंसर समेत महिलाओं को होने वाली बीमारियों को लेकर अब तक उनके द्वारा नैनीताल समेत आसपास के 45 गांव का भ्रमण कर ग्रामीण महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया है उनका प्रयास कैंसर जागरुकता के लिए काम करना है। पर्वतीय इलाकों में अभी भी कैंसर विशेषकर ब्रेस्ट कैंसर के प्रति महिलाओं में जागरुकता बेहद कम है। यह अभियान इसी मुहिम का एक हिस्सा है। इस दौरान सेंट मैरी कॉलेज की छात्राओं ने महिलाओं में बढ़ रहे स्तन कैंसर की बीमारी को लेकर नुक्कड़ नाटक पेश किया और संदेश दिया कि इस तरह की बीमारी के संकेत मिलते ही डॉक्टर से राय लेनी चाहिए अन्यथा परिणाम गंभीर हो सकते हैं।

किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज के कैंसर विशेषज्ञ आनंद मिश्रा समेत देश भर से आए अन्य विशेषज्ञों और चिकित्सकों ने कहा कि युवा अवस्था में स्तन कैंसर के लक्षण दिखते हैं, मगर संकोच के चलते युवा न स्वजनों को बताते हैं और चिकित्सकों पास जाते हैं। जिससे समस्या बढ़ सकती है। सीने में दर्द, गांठ अथवा अन्य लक्षण दिखने पर तत्काल चिकित्सकों से सलाह लें। समय रहते पता लगने पर इलाज संभव है। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल,प्रो. अजय रावत, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा,बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल शर्मा, मारुति नंदन साह, ईशा साह, डॉ. एमएस दुग्ताल, डॉ. स्मिता, नीलू एल्हेन्स समेत 500 से अधिक स्कूली बच्चे समेत नगर के विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।


पिंक रैली को झंडी दिखाकर रवाना करतीं विधायक सरिता आर्य व अन्य।




# व्यापारियों को जीएसटी में आए बदलावों से संबंधित जानकारी दी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** राज्य कर विभाग द्वारा नवीनीकृत जीएसटी प्राविधानों के अंतर्गत छोई स्थित एक रिसोर्ट में रामनगर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अपर आयुक्त जीएसटी राकेश वर्मा और जॉइंट कमिश्नर जीएसटी हेमा बिष्ट ने भागेदारी की।

इस कार्यशाला में जीएसटी में हुए बदलाव के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला की अध्यक्षता असिस्टेंट कमिश्नर रामनगर अनिल सिनहा ने की। इस कार्यशाला में दो सेशन में किया गया जिसके प्रथम सेशन में डिप्टी कमिश्नर विनय ओझा ने करदाताओं और बार के समक्ष जीएसटी में आए बदलाओं के बारे में जानकारी दी। दूसरे सेशन में व्यापारियों, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी, प्लाईवुड एसोसिएशन, रामनगर टैक्स बार व अन्य सभी कर दाताओं के प्रश्नों का उत्तर दिया। जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर संतोष सिंह, असिस्टेंट कमिश्नर अनिल चौहान,असिस्टेंट कमिश्नर नैनीताल प्रकाश त्रिविदी, राज्य कर अधिकारी अजय व कर्मचारी के साथ रामनगर टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट पूरन पांडे, सचिव एडवोकेट गौरव गोला, एडवोकेट संजीव अग्रवाल, एडवोकेट फैजुल हक, प्रबल बंसल, शोभित अग्रवाल,विशाल रस्तोगी, फिरोज अंसारी, भोपाल रावत, शिव शंकर, सनथ अग्रवाल, प्रबल बंसल, फिरोज अंसारी, मनु अग्रवाल, लइक अहमद, रोहित माहेश्वरी, मनोज बिष्ट, गुलरेज रजा, सागर भट्ट, मनोज अग्रवाल, होटल एवं रिजॉर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष हरीमान सिंह आदि मौजूद रहे।


जीएसटी कार्यशाला में मौजूद अधिकारी, अधिवक्ता एवं व्यापारी ● अमृत विचार

## एफएमडी कार्यक्रम का सातवां चरण शुरू

**भीमतालः** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन भीमताल से मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने एफएमडी कार्यक्रम (पशुओं में संक्रमण की रोकथाम हेतु टीकाकरण कार्यक्रम) के सातवें चरण का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने निर्धारित अवधि के अंतर्गत शत प्रतिशत लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश दिए। अवगत कराया कि 2030 तक भारत को एफएमडी फ्री किया जाना है। इस अवसर पर डॉ. डीसी जोशी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी नैनीताल ने बताया कि जनपद के सभी विकास खंडों में वैक्सीनेशन की टीमें गठित कर दी गई है। ताकि निर्धारित अवधि के अंतर्गत टीकाकरण के लक्ष्यों को पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर डॉ. आरए दीक्षित वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी भीमताल, डॉ. गरिमा बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# देर रात तक चला डांडिया नृत्य, खूब झूमीं महिलाएं

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** शांतिकुंज कल्याण समिति लखनपुर के डांडिया नृत्य ने समा बांध दिया। महिलाओं ने देर रात तक कार्यक्रम का आनंद लिया। महिलाओं के साथ पुरुष भी थिरकते नजर आए। देर रात तक चले कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने डांडिया नृत्य के साथ परम्परागत कुमाउनी लोक गीत एवं लोक नृत्य का भी आनंद लिया। इससे पूर्व सदस्यों की अर्धवार्षिक बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

समिति के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि बैठक का उद्घाटन समिति के अध्यक्ष रोहित बिष्ट तथा संरक्षक गणेश जोशी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक के दौरान पिछले 6 माह के आय-व्यय का विवरण कोषाध्यक्ष प्रदीप पाण्डे ने प्रस्तुत किया। सचिव धर्मपाल डंगवाल तथा उपाध्यक्ष आनन्द पाण्डे ने संस्था द्वारा किये गए सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी समिति के सभी सदस्यों को दी। बैठक की समाप्ति के पश्चात डांडिया नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समिति के सभी सदस्यों ने भागीदारी की। समिति के सदस्यों द्वारा इंस्पेक्टर मनोज मनराल के देहरादून ट्रांसफार्मर होने पर विदाई स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किया। भुवन शर्मा, तारा घिल्डियाल, केएन जोशी, चंद्रशेखर पंत, नवेन्दु जोशी, पंकज सती, नवीन तिवारी, शंकर पाण्डे, लक्ष्मण जोशी, संतोष पपनै, जितेन्द्र पाण्डे, अनूप बिष्ट,अल्पना पंत, मीनाक्षी बिष्ट, डॉली डंगवाल, बीना पाण्डे, प्रियंका तिवारी, उमा पाण्डे, मेहा मनराल, रमा पाण्डे, प्रेमा जोशी आदि मौजूद रहे।

# टेनिस में यूपी के चंद्रिल ने विविध को पराजित किया

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** आप्टिमम टेनिस एकेडमी, चूनाखान (बैलपड़ाव) में आयोजित आईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों के रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। सिंगल्स इवेंट के 30 आयु वर्ग के मुकाबले में चंद्रिल सूद (यूपी) ने विविध को 6-2, 6-2 से पराजित किया। चंद्रिल सूद वर्तमान में सीनियर्स टेनिस में विश्व रैंकिंग में पांचवें तथा भारत में प्रथम स्थान पर हैं।

30 प्लस वर्ग के ही एक अन्य मैच में लक्षित सूद (नोएडा, उत्तर प्रदेश) ने अभिषेक कुमार यादव (रायबरेली, उत्तर प्रदेश) को 6-0, 6-0 से मात दी। लक्षित सूद की रैंकिंग विश्व में 10वीं तथा भारत में दूसरी है। 35 प्लस आयु वर्ग के मैच में एच. अली ने आशीष बिष्ट को कड़े संघर्ष में 4-6, 6-4, 10-8 से हराया, जबकि दूसरे मैच में दिनेश चंद्र रेगर ने के. सिंह को 6-3, 6-2 से पराजित किया। 40 प्लस वर्ग के मैचों में पंकज अहलावत ने सैयद साकीब अनवर को 6-3, 6-2 से तथा फरीद उस्मानी ने देवेंद्र सिंह बिष्ट को 6-0, 6-1 से हराया। माही महेंद्र ने मोहित सिंह राठौर (उत्तराखंड) को 6-3, 6-2 से मात दी। 45 प्लस वर्ग में स्वर्णदीप सिंह ढोढी ने गौरव मिगलानी गोगो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

**सम्मेलन** | वक्ताओं ने सिकुड़ते जंगल, बंद होते कॉरिडोर पर जताई चिंता

# वन्यजीव संरक्षण में मीडिया की अहम भूमिका : बडोला

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** वन्यजीव संरक्षण की दिशा मीडिया की अपनी अहम भूमिका है और इस दायित्व के निर्वहन को निभाने में उनके सामने के चुनौतियां भी सामने है। मगर बेहतर संयम साथ जनमानस में वन्यजीवों के प्रति सकारात्मक खबर देने में मीडिया अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी साथ कर रहा है। यह बात कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने कही। डॉ. बडोला रविवार को विश्व प्राकृतिक निधि (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) द्वारा आयोजित मीडिया वर्कशॉप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा वर्तमान में मीडिया के माध्यम से खबरें कुछ ही मिनटों में देश-विदेश तक पहुंच जाती हैं। ऐसे में मीडिया की जिम्मेदारी बनती है कि वह वास्तविक एवं तथ्यों से जुड़े समाचार ही पाठकों तक पहुंचाए। और इसके लिए वन विभाग और मीडिया के बीच संपर्क और तालमेल बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में विश्व प्राकृतिक निधि की नेहा ने कहा कि आज कई पक्षियों और वन्यजीवों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, जिसका मुख्य कारण मानव की बदलती जीवनशैली और ग्लोबल वार्मिंग है। उन्होंने बताया कि बदलते मौसम के चलते अब कई वन्यजीव पहाड़ी इलाकों की ओर पलायन कर रहे हैं, जो पर्यावरणीय संतुलन के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक पर हाथियों की मौत और सड़कों पर बाघों व तेंदुओं की दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। ऐसे संवेदनशील स्थानों पर वन्यजीव कॉरिडोर की स्थापना जरूरी है, ताकि ऐसे हादसों को रोका जा सके। इस दौरान पत्रकारों ने सिकुड़ते जंगल, वन्यजीवों के बंद होते कॉरिडोर, जंगलों के किनारे लगते टावरों को वन्यजीव संरक्षण के लिए बड़ी बाधा बताते हुए गहरी चिंता जताई। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के मिराज अनवर ने मानव वन्य जीव संघर्ष को कम करने पर मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। विश्व प्राकृतिक निधि के अनिल, मेराज अनवर, पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी, रेंजर ललित आर्या समेत अन्य पत्रकार मौजूद रहे।


डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के डॉ. अनिल को स्मृति चिह्न देते कार्बेट के निदेशक डॉ. साकेत बडोला।

**सिटी ब्रीफ**

### छठ को लेकर सेवा समिति की बैठक

**हल्द्वानी :** आगामी छठ महापर्व को लेकर तैयारियों की समीक्षा हेतु रविवार को छठ सेवा समिति की बैठक पूजा स्थल पर समिति के अध्यक्ष कृष्णा शाह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी पर्व को पिछले वर्षों की तरह भव्यता से मनाया जाएगा। पूजा स्थल पर सफाई, रंगाई व पेंटिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष शंकर भगत, कोषाध्यक्ष वीरू पंडित, उपकोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शाह, संयुक्त मंत्री जयप्रकाश, संगठन मंत्री हरेंद्र शाह, कपिल भगत, वीरेंद्र कुशवाहा, कश्मीरा साहनी और ललन शाह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### आज से इंटर-स्कूल फुटबॉल प्रतियोगिता

**हल्द्वानी :** शहर के खेल प्रेमियों के लिए एक रोमांचक सप्ताह की शुरुआत होने जा रही है। बिठौरिया यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (बीयूएफसी) की ओर से आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 10वें स्व. जगदीश चंद्र बल्यूटिया मेमोरियल बिठौरिया कप का शुभारंभ 6 अक्टूबर से हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा। यह नैनीताल जिला स्तरीय इंटर-स्कूल ए-साइड फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसमें जिले भर के स्कूली छात्र अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। आयोजक चेतन बल्यूटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टूर्नामेंट स्वर्गीय जगदीश चंद्र बल्यूटिया की स्मृति में आयोजित किया जाता है, जिनका क्षेत्र में फुटबॉल को बढ़ावा देने में अहम योगदान रहा है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह फुटबॉल प्रतियोगिता 6 अक्टूबर 11 अक्टूबर तक चलेगी। इस छह दिवसीय टूर्नामेंट में जिले के स्कूलों की टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। इसका फाइनल मुकाबला 11 अक्टूबर को खेला जाएगा।

### बागजाला में धरना 49वें दिन भी जारी

**हल्द्वानी :** बागजाला में बाशिंदों को मालिकाना हक, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने और पंचायत चुनाव के अधिकार बहाल करने सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना 49वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचे ऐक्टू से जुड़े ट्रेड यूनियन नेताओं धन सिंह गड़िया और मनोज आर्य ने कहा कि मजदूर-किसान एकता किसी भी आंदोलन की नींव होती है, और बागजाला के आंदोलन में यह एकता साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन की यही शक्ति इसकी जीत का आधार बनेगी। 6 अक्टूबर को धरना आंदोलन को 50 दिन पूरे हो रहे हैं।

**शोभायात्रा में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा के अद्भुत संगम के हुए दर्शन, राम रथ ने मन मोहा**

# हल्द्वानी में निकली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** रामलीला संचालन समिति की ओर से रविवार को प्राचीन रामलीला मैदान से भगवान राम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसने धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। फूलों से सुसज्जित राम राजगद्दी रथ के साथ शहर में निकली इस शोभायात्रा की भव्यता ने सबका मन मोह लिया।



हल्द्वानी में निकाली गई शोभायात्रा में रथ पर सवार राम, सीता, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न।

शोभायात्रा संयोजक तनुज गुप्ता ने बताया कि इस भव्य यात्रा में लगभग 40 से अधिक झांकियों और अखाड़ों ने भाग लिया। इनमें काली अखाड़ा, महाकाल अखाड़ा, बड़े हनुमानजी, महारास रोड शो, दुर्गा मौन शो, गणेश मौन शो, नव दुर्गा झांकी, छोलिया नृत्य, नंदा-सुनंदा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। शोभायात्रा की शुरुआत भगवान राम दरबार के तिलक और आरती के साथ हुई। समिति के रिसीवर गोपाल चौहान के साथ विवेक कश्यप, एन बी गुणबंत, भवानीशंकर नीरज, मनोज गुप्ता, अतुल अग्रवाल, बसंत अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र मुन्ना और तरंग अग्रवाल ने शोभायात्रा का नेतृत्व किया। शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलवर्षा और आरती से शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इस विशाल आयोजन में वैश्य युवा समिति समेत कई संगठनों ने भागीदारी निभाई। समिति से अतुल, कपिल, प्रिंस, तनिष्क सनवाल, रितेश जोशी, सुशील शर्मा, यश गुप्ता, तुषार सोनकर, वैभव गुप्ता, बिंदेश गुप्ता, भोलानाथ केसरवानी, महेश राजा और वंश गुप्ता का विशेष योगदान रहा।

### आज मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

**हल्द्वानी :** आज (सोमवार) आश्विन माह की शरद पूर्णिमा धूमधाम से मनाई जाएगी। ज्योतिषी गोपाल जोशी ने बताया कि वर्ष की सभी पूर्णिमाओं में यह पूर्णिमा श्रेष्ठ मानी जाती है और इसे कोजागरी, कमला, कौमुदी जैसे नामों से जाना जाता है। इस दिन चंद्रमा का पूजन कर खीर का भोग लगाने व उसे पूरी रात चंद्रमा की किरणों में रखने से निरोगता प्राप्त होती है। अगले दिन इस खीर को प्रसाद स्वरूप ग्रहण करना चाहिए। ज्योतिषाचार्य गोपाल जोशी के अनुसार, इस रात जागरण कर भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की पूजा करने व दीपावली पर उनकी आने की प्रार्थना करने से घर में वर्ष भर लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। इसके साथ ही सोमवार को व्रत पूर्णिमा और मंगलवार, 7 अक्टूबर को स्नान-दान पूर्णिमा मनाई जाएगी। शरद पूर्णिमा के पूजन का शुभ समय आज रात 11:45 बजे से 12:34 बजे तक रहेगा।

# बालिकाओं के अधिकारों को लेकर हुआ विचार-विमर्श

संवाददाता, हल्द्वानी

- अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में 11 को निकलेगी रैली

**अमृत विचारः** साथी संगठन की ओर से साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रविवार की सुबह 7 बजे झंडा पार्क ठंडी सड़क पर किया गया। योग करो, स्वस्थ रहो विषय पर आधारित इस कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक व संगठन के संरक्षक लीलाधर पांडे ने प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में जानकारी दी गई।

11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली जन जागरूकता रैली की रूपरेखा पर चर्चा की गई। यह रैली लाल डॉट रोड, मल्ला बमोरी स्थित राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं व स्टाफ के साथ मिलकर आयोजित की जाएगी। रैली का उद्देश्य बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, भ्रूण हत्या रोकथाम व बालिकाओं के प्रति बढ़ते अपराधों के प्रति जन जागरूकता फैलाना है। रैली का शुभारंभ सुबह बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन संगठन के संस्थापक अध्यक्ष आनंद सिंह ठठोला के ओर से किया गया। कार्यक्रम में महासचिव लक्ष्मण सिंह गौनिया, कोषाध्यक्ष जगदीश खोलिया, जीवन पैतोला, मोहन चंद्र पांडे, राजेन्द्र बोरा, मोहन मेहरा, आनंद रावत, विजय तिवारी, वीरेंद्र भाकुनी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# आरएसएस के अधूरे कार्यों को पूरा करने का है संकल्पः आलोक

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में हुआ कार्यक्रम, नैनीताल व लालकुआं में भी आयोजन**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य पर रविवार को एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में एकत्रीकरण कार्यक्रम शताब्दी शंखनाद का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने बांसुरी वादन के साथ बजते कुमाऊंनी लोक गीत दैणा होया खोली का गणेशा हे... की मधुर ध्वनि में योग और आसन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में हजारों स्वयंसेवक और नागरिकों ने प्रतिभाग किया। संघ के सह सरकार्यवाह आलोक कुमार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिन अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और असत्य पर सत्य की जीत का दिन है। महिषासुर से लेकर रावण का वध आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हुआ। भारत की परंपरा में इस दिन शस्त्रों की पूजा का विधान होने के साथ ही राजाओं की ओर से सीमा उल्लंघन कर दूसरे की सीमा में प्रवेश के दिन के रूप में भी मनाया जाता था, तभी से शस्त्र पूजन कर राज्य विस्तार की परंपरा शुरू हुई।



हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद आरएसएस स्वयंसेवक। ● अमृत विचार



नैनीताल में पथ संचलन करते आरएसएस स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

यह माना जाता है कि विजयादशमी के दिन शुरू किये जाने वाले कार्य में विजय निश्चित है। इसी भाव के साथ डा. केशवराव बलीराम हेडगेवार ने संघ की स्थापना के लिए भी इस दिन को चुना। आलोक ने कहा कि 100 वर्ष के दौरान क्या कर पाये और क्या नहीं, उसे छोड़कर जो काम अभी अधूरे हैं आगे उन्हें पूरा करने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज पुरातन काल से ही गौरवशाली रहा है लेकिन बीच के कालखंड में हिंदू समाज को जाति, भाषा, क्षेत्र आदि के आधार पर तोड़ने का कार्य किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज को संगठित करने, सेवा और स्वावलंबन आदि विभिन्न पहलुओं को देखते हुए पंच परिवर्तन के बिंदु बनाए गए। जिसमें कुटुंबप्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वदेशी, पर्यावरण और नागरिक कर्तव्य बोध शामिल हैं। पंच परिवर्तन के विषय को लेकर संघ अभी 5.25 लाख परिवारों तक पहुंचा है, लेकिन आगामी वर्षों में प्रत्येक घर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। प्रांत संघचालक डॉ. बीएस बिष्ट, सह प्रांत प्रचारक चंद्रशेखर, जिला संघचालक डॉ. नीलांबर भट्ट, नगर संघचालक विवेक कश्यप, वरिष्ठ स्वयंसेवक जगन्नाथ पांडे, वेद प्रकाश अग्रवाल, सह क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम, सह प्रांत प्रचार प्रमुख डा. बृजेश बनकोटी, सह प्रांत बौद्धिक प्रमुख राजेश जोशी, सह प्रांत व्यवस्था प्रमुख भगवान सहाय, सह विभाग प्रचारक डा. नरेंद्र, जिला प्रचारक जितेंद्र, जिला कार्यवाह राहुल जोशी, नगर प्रचारक प्रभाकर, नगर कार्यवाह प्रकाश, विद्यार्थी विस्तारक देव, जिला प्रचार प्रमुख एडवोकेट प्रदीप लोहनी, सहजिला प्रचार प्रमुख भुवन जोशी, नगर प्रचार प्रमुख डॉ. नवीन शर्मा, जिला शारीरिक प्रमुख सूरज, कमल, कमलेश त्रिपाठी, मनोज, नितिन, योगेश, धीरेश, आनंद, अनुज, सुनील भट्ट, डॉ. अशोक, डॉ. नीरज समेत हजारों स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सामाजिक परिवर्तन सरकार से नहीं सरोकार से आते हैः राजेश

**नैनीताल :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शस्त्र पूजन के बाद स्वयं सेवकों ने शहर में पथ संचलन किया। उन्होंने राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने की बात कही। रविवार को डीएसए मैदान में आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत शस्त्र पूजन व भगवा ध्वज लहराकर की गई। जिसके बाद मुख्य वक्ता प्रांत सह बैद्धिक प्रमुख राजेश ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया। उन्होंने आरएसएस के सौ वर्ष के सफर पर प्रकाश डालते हुए संघ संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार के संघर्ष को भी बताया। उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना अखिल हिंदू समाज के उत्थान के लिए की गई। सौ वर्षों के सफर में संघ पर दो बार प्रतिबंध भी लगाया गया। जिसके बावजूद संघ राष्ट्र निर्माण और भारतीय संस्कृति को बचाने की दिशा में कार्य कर रहा है। स्वयं सेवकों ने पथ संचलन किया। इस बीच लोगों ने स्वयं सेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा भी की। तल्लीताल जीजीआईसी में पथ संचलन का समापन किया गया। इस दौरान कामेश्वर प्रसाद काला, नगर संघ चालक पीसी वेद, नगर कारवा दरबार सिंह गैड़ा, सह नगर कारवा भरत भट्ट, नगर विस्तारक हरिओम, जिला विद्यार्थी प्रचारक अमित, जिला व्यवस्था प्रमुख सर्व प्रिय, जिला सह बौद्धिक प्रमुख नवीन भट्ट, जगदीश, धर्मेश, प्रकाश कांडपाल, नत्थू सिंह, उमेश बिष्ट, संजीव मंडल समेत तमाम स्वयं सेवक शामिल रहे।

### अनुशासन और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

**लालकुआं :** आरएसएस ने लालकुआं, राजीव नगर बंगाली कॉलोनी और बिंदुखत्ता क्षेत्र में पथ संचलन करते हुए क्षेत्रवासियों को अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और हिंदुत्व का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व स्वयंसेवकों ने नगर से सटे श्रमिक बस्तियों में पथ संचलन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक जितेंद्र ने कहा कि विजयदशमी असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक पर्व है, जिसे देशभर में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे की लत में फंसकर न केवल अपना भविष्य बर्बाद कर रहा है, बल्कि परिवार को भी संकट में डाल रहा है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को संघ की शाखाओं से जोड़ें ताकि वे अनुशासित और सफल नागरिक बन सकें। सह जिला कारवाह राजकुमार, नगर संघ चालक चौधरी सर्वदमन सिंह, नगर कार्यवाह अनिल मेलकानी, नगर बौद्धिक प्रमुख हेमंत जैन, कार्यक्रम अध्यक्ष पी.सी. जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता हेमंत नरूला, पूर्व नपं. अध्यक्ष पवन चौहान, राजकुमार सेतिया, नारायण सिंह बिष्ट, रमेश कुनियाल, दीपक जोशी, प्रकाश जोशी व नवीन पपोला मौजूद रहे।



कोटाबाग में गुलदार द्वारा मारी गईं मुर्गियां। ● अमृत विचार

### कोटाबाग में गुलदार ने 35 देसी मुर्गियां मारीं

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** रामनगर वन प्रभाग जंगल से सटे गांवा में आजकल गुलदार का आंतक बना हुआ है। कालाढूंगी रेंज के कोटाबाग के बजूनियाहल्दू के मूसाबंगर गांव में गुलदार ने कमल सिंह जलाल पुत्र जीवन सिंह जलाल के मुर्गीबाड़े में घुसकर 35 देसी मुर्गियां मार डालीं। क्षेत्रवासियों ने प्रभावित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। मुर्गी पालन व खेती कर अपना गुजारा चलाता है। कमल ने घर के पास ही अपना देसी मुर्गियों का बाड़ा बनाया है। जिसमें उसने 60 से अधिक मुर्गियां पाली थीं। शनिवार की रात को बाडे में जाली तोड गुलदार घुसकर 35 मुर्गियां मार दीं। सुबह उठने पर घटना का पता चला उसमें से कई मुर्गियां खेतों व जंगल में भाग गईं। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। वहीं बीते दिन गदगदिया रेंज से सटे विदारपुर चकलुवा में लाल सिंह बोरा की गोशाला में बधे बछड़े को गुलदार ने अपना निवाला बना दिया। कैप्टन पीएस बोरा ने सांसाद अजय भट्ट से जंगल से सटे आबादी क्षेत्र में सोलर फेंसिग लगाने की मांग की है।

### प्रदर्शनी में महिलाओं ने दिखाया हुनर

**हल्द्वानीः** साहू महिला समाज ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए आयोजित निःशुल्क स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हुआ। प्रतिभागियों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें धूपबत्ती, संभ्राणी कप, सजी थालियां और दाल की बड़ी विशेष आकर्षण रहीं।

मुख्य अतिथि राज्य महिला उद्यमिता परिषद की अध्यक्ष रेनू अधिकारी ने उत्पादों की सराहना करते हुए समाज की अध्यक्ष शशि साहू को आश्वस्त किया कि सरकार उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने में हरसंभव सहयोग करेगी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साहू समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, भाजपा प्रदेश महामंत्री विनीत अग्रवाल, निधि साहू, प्रगति साहू, पलक साहू, प्रिया साहू, नेहा साहू, बाबूलाल साहू, दशरथ साहू रहे।

# अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान में 25 हजार रुपये का काटा चालान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नगर निगम ने प्रशासन के सहयोग से रविवार को शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों पटेल चौक, मीरा मार्ग, बर्तन बाजार, सदर बाजार और कालाढूंगी चौराहे में अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाया।

फुटपाथों पर अवैध रूप से रखे गए सामानों को जब्त किया गया और नियमों को ताक पर रखकर अपनी दुकान के आगे दुकान लगवाने वाले व्यापारियों पर 25 हजार तक का चालान किया गया। इस दौरान 50 से अधिक अतिक्रमण हटाए गए और 10 दुकानदारों की पहचान कर उनके विरुद्ध जुर्माना लगाया गया। साथ ही सार्वजनिक शौचालय के पास बने अवैध ढांचे को भी ध्वस्त किया गया। इस कार्रवाई के दौरान उन ठेले वालों पर भी कार्रवाई हुई, जिनके पास नगर निगम का वैध वेंडिंग कार्ड नहीं था। ऐसे कई ठेलों को हटाया गया और संबंधित लोगों पर कार्रवाई की गई।



अभियान में शामिल नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान, एसडीएम राहुल शाह।

नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने कहा कि अतिक्रमण और अवैध ठेलों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इसके लिए बाजार क्षेत्रों में नगर निगम की ओर से नियमित अनाउंसमेंट भी कराया जा रहा है ताकि व्यापारी और राहगीर पहले से सतर्क रहें। अभियान में नगर आयुक्त के साथ एसडीएम राहुल शाह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान और सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट भी मौके पर मौजूद रहे।

# सिविल सेवा प्रतियोगिता के लिए 8-9 को ट्रायल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** केन्द्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक बोर्ड की ओर से आयोजित होने वाली ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता के लिए उत्तराखण्ड टीम के लिए चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 8 व 9 अक्टूबर को हल्द्वानी स्टेडियम में किया जाएगा।

जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चयन ट्रायल सुबह 8 बजे से शुरू होगा। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत सिविल सेवक प्रतिभाग कर सकते हैं। जनपदीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए चुना जाएगा, जिसका आयोजन 13 व 14 अक्टूबर को निर्धारित है। इस दो दिवसीय चयन ट्रायल में 20 से अधिक खेलों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इनमें एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, कैरम, शतरंज, हॉकी, कबड्डी, लॉन टेनिस, वेट लिफ्टिंग, पावर लिफ्टिंग, बेस्ट फिजिक, तैराकी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती, खो-खो, योग (पुरुष/महिला), क्रिकेट और पुरुष वर्ग की फुटबॉल स्पर्धाएं प्रमुख रूप से शामिल हैं। चयन ट्रायल में भाग लेने के इच्छुक सभी प्रतिभागियों को अपने साथ कुछ अनिवार्य दस्तावेज लाने होंगे, जिनमें आधार कार्ड, अपने कार्यालयाध्यक्ष या विभागाध्यक्ष की ओर से जारी किया गया अनुमति पत्र, मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी शामिल हैं।

**प्रेस वार्ता** | **भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने व दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए करेंगे जागरूक**

# कल से शुरू होगा भाजपा का आत्मनिर्भर भारत अभियान

- भाजपा प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा ने सात अक्टूबर को होने वाले आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी अपनाने व दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए जागरूक करेगी।

रविवार को मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में हुई प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सात अक्टूबर को आत्मनिर्भर भारत अभियान शुरू होगा। इसके लिए जिला स्तरीय कार्यशाला होगी। साथ ही विभिन्न मंडलों में कार्यक्रम भी किए जाएंगे। इसका मकसद देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वभाषा, स्वभूषा के साथ स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया जाएगा। लोग देश में ही बने उत्पादों की खरीद करें व इस्तेमाल करें। इससे भारत में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता को आगामी त्योहार दीपावली पर स्वदेशी उत्पाद खरीदने और दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए अभियान को सफल बनाने का आह्वान भी किया। इसके अलावा जोशी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से सरकार व संगठन के तालमेल, सेवा पखवाड़ा आदि को लेकर भी चर्चा की। अंत में उन्होंने संगठनात्मक प्रदेश एवं जिला स्तर की नियुक्तियों की भी जानकारी दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी, जिला सह मीडिया प्रभारी विनोद तिवारी, जिला आईटी० संयोजक अमित चौधरी मौजूद रहे।




हल्द्वानी में मुखानी स्थित कुमाऊं संभाग कार्यालय में जानकारी देते प्रदेश प्रवक्ता सुरेश जोशी ● अमृत विचार



मालिन बस्ती में वस्त्र वितरित करते महिला कॉलेज की एनएसएस स्वयंसेवी।

### एनएसएस इकाई ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** दान उत्सव के अंतर्गत राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की एनएसएस इकाई ने रविवार को आंवला चौकी क्षेत्र की मलिन बस्तियों में वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम से पूर्व एनएसएस स्वयंसेवक छात्राओं ने कॉलेज में वस्त्र संग्रहण अभियान चलाया, जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्राओं ने भाग लिया। छांटे गए साफ-सुथरे कपड़े जरूरतमंद परिवारों को वितरित किए गए। छात्राओं ने स्थानीय बच्चों और महिलाओं को स्वच्छता, शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने इस पहल को संवेदना और सहयोग का प्रतीक बताया। वहीं, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रितुराज पंत ने इसे सेवा और सामाजिक परिवर्तन की मिसाल कहा। कार्यक्रम में भूमिका, तनुश्री पांडे, अनुष्का भट्ट और वागीशा तिवारी सहित अन्य छात्राओं ने भाग लिया।

### रैली निकालकर नशा मुक्ति का दिया संदेश

**हल्द्वानी :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को जागरूकता रैली निकालकर नशा मुक्ति का संदेश दिया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल एवं सिविल जज पारुल थपलियाल के निर्देश पर आयोजन किया गया।

रैली के माध्यम से समाज में बढ़ते नशे पर चिंता जाहिर कर इसे जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया गया। यहां द्वितिय अपर सिविल जज विशाल ठाकुर, सविता चमोली, स्पेशल जज पॉक्सो मनमोहन सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मीनाक्षी शर्मा, मोहम्मद इमरान खान, सिविल जज सीनियर डिविजन बुशरा कमाल, पीएलवी उमा भंडारी, शिक्षक नेहा जोशी, किरण पांडे, राजेंद्र प्रसाद आर्या समेत छात्र रैली में शमिल हुए।

# रुद्रपुर के भूरारानी में मनाया आरएसएस शताब्दी वर्ष

## आरएसएस के सह कार्यवाह बरीत सिंह और वयोवृद्ध सुंदर लाल चोट मुरादा ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ, संस्थापक हेडगेवार को किया याद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** गांव भूरारानी के अमर इंटरनेशनल स्कूल सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष मनाया गया। जिसका शुभारंभ डीजीसी एवं आरएसएस के सह कार्यवाह बरीत सिंह और वयोवृद्ध सुंदर लाल चोट मुरादा ने की।

रविवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता अधिवक्ता बरीत सिंह ने कहा कि देश भर में आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। संघ का उद्देश्य राष्ट्र प्रथम है और राष्ट्र के निर्माण के लिए स्वयंसेवक सदैव आगे रहते हैं। 94 वर्षीय सुंदरलाल चोट मुराद ने कहा कि कई दशक बीत चुके हैं, लेकिन आज भी आरएसएस अपने राष्ट्रभक्ति के सिद्धांत पर अडिग है। युवा पीढ़ी आरएसएस के सिद्धांतों पर अमल कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती है।

इस मौके पर भारत भूषण चुघ, सुरेश गांधी, काशीराम छाबड़ा, उदयभान कालड़ा, देवेंद्र अरोड़ा, सुखदेव कुमार, जीएस तिवारी, गुलशन चावला, बंटी कटारिया, पारस चुघ, चंदर चुघ, संजय कुशवाहा, एके दास, भावना जोशी, अंजू यादव, पूजा प्रसाद, ब्यूटी मलिक, आरती, शेखर जोशी, राजकुमार, पुष्कर भटनागर, पूजा श्रीवास्तव, ईशा अरोड़ा, शीला देशवाल, सरिता सक्सेना, श्रद्धा, ममता सक्सेना, अनुपम, रचित, कनिष्का, दीक्षा पंत, काजल, संगीता, अंजनी भट्ट आदि मौजूद रहे।





शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में मंचासीन अतिथि व कार्यक्रम में मौजूद स्वयं सेवक। ● अमृत विचार



किच्छा में शताब्दी वर्ष के मौके पर पथ संचलन करते स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### महिला स्वयं सेवकों ने मुख्य बाजार में किया पथ संचलन

**रुद्रपुर :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सौ वर्ष पूरे होने पर महिलाओं ने शहर में पथ संचलन किया। पथ संचलन मुख्य मार्ग से सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में समाप्त हुआ। रविवार को महिलाओं ने इंदिरा कॉलोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज से पथ संचलन का शुभारंभ किया। इसके बाद पथ संचलन बालाजी द्वार, अग्रसेन चौक, बाटा चौक, भगत सिंह चौक, सुभाष कॉलोनी समेत कई अन्य मार्गों से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर कॉलेज में ही समाप्त हुआ। इस दौरान प्रांत संपर्क प्रमुख कमलेश बिष्ट ने बताया कि वर्ष 1925 में डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार ने आरएसएस की स्थापना की थी। तब से देश भर में आरएसएस का शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अंजलि सक्सेना, अंजलि बिष्ट, प्रीति धीर, रेनू तिवारी, अर्चना सिंह, रूबी सिंह, लक्ष्मी गोस्वामी, ज्योति, गीता समेत कई स्वयंसेवी महिलाएं मौजूद रही।



मुख्य बाजार में पथ संचलन करतीं आरएसएस से जुड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

### किच्छा में पथ संचलन के दौरान स्वयंसेवकों पर की गई पुष्प वर्षा

**किच्छा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सैकड़ो स्वयंसेवकों द्वारा नगर क्षेत्र में पथ संचलन किया गया। इस दौरान नगर के तमाम स्थानों पर स्वयंसेवकों पर फूल बरसाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इससे पूर्व नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बौद्धिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला विभाग कार्यवाहक राम उजागर, नगर संघ चालक संजय जुनेजा एवं नगर कार्यवाहक कमल भाटिया ने संघ के गठन के 100 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर विस्तार से जानकारी दी। सरस्वती शिशु मंदिर से पारंपरिक बैंड के साथ शुरू हुआ स्वयंसेवकों का पथ संचलन नगर के बरेली मार्ग, पंडित दीनदयाल चौक, मुख्य बाजार, महाराणा प्रताप चौक, बरेली रोड एवं आवास विकास क्षेत्र में भ्रमण के पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर में पहुंचकर पथ संचलन का समापन हुआ। इस दौरान नगर के बरेली मार्ग पर सामाजिक कार्यकर्ता सन्नी सहगल के नेतृत्व में तमाम युवाओं ने फूलों की वर्षा कर स्वयंसेवकों का जोरदार स्वागत किया। मौके पर कमलेंद्र सेमवाल, सुभाष तनेजा, किशन गोयल, लवी सहगल, सुरेश पपनेजा, राकेश गुप्ता, विवेक राय, दिनेश भाटिया, धर्मराज जायसवाल, गोल्डी गोराया, सचिन चावला, भगत सिंह बसनाल, श्रीकांत राठौर, भुवन जोशी, नितेश बाला, शरण संधू आदि मौजूद रहे।

# कच्चा आढ़ती और राइस मिलरों को कोड जारी

संवाददाता, रुद्रपुर

- कुमाऊं में धान खरीद के लिए खोले गए हैं 283 क्रय केंद्र
- एक अक्टूबर से शुरू हो गयी है धान खरीद की प्रक्रिया

**अमृत विचार:** कुमाऊं में धान खरीद की प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही खाद्य विभाग ने कुमाऊं 277 कच्चा आढ़ती और 277 राइस मिलरों का पंजीकरण कोड उपलब्ध करा दिये गये हैं। जबकि अन्य कच्चा आढ़ती और राइस मिलरों के पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। आरएफसी विभाग की ओर से उनके कागजातों की जांच की जा रही है।

जनपद में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो गयी है। इसके लिए कुमाऊं में 283 धान क्रय केंद्र खोले गये हैं। इसमें खाद्य विभाग के 31, उत्तराखंड राज्य सहकारी संघ के 190, एनसीसीएफ के 22, प्रादेशिक कोऑपरेटिव यूनियन के 25 और उत्तराखंड उपभोक्ता सहकारी संघ के 15 क्रय केंद्र खोले गये हैं। धान खरीद में तेजी लाने और किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न हो इसके लिए विभाग ने कच्चा आढ़तियों और राइस मिलरों के पंजीकरण के साथ कोड उपलब्ध कराए गये हैं। विभाग ने टनकपुर में 3 कच्चा आढ़ती और 3 राइस मिलरों के पंजीकरण कर कोड उपलब्ध करा दिए गए हैं।

इसी तरह गदरपुर में 7 कच्चा आढ़ती, 7 राइस मिलर, खटीमा में 54 कच्चा आढ़ती और 54 राइस मिलर, नानकमत्ता में 21 कच्चा आढ़ती और 21 राइस मिलर, रुद्रपुर में 28 कच्चा आढ़ती और 28 राइस मिलर, काशीपुर में 41 कच्चा आढ़ती और 41 राइस मिलर, बाजपुर में 39 कच्चा आढ़ती और 39 राइस मिलर, किच्छा में 1 कच्चा आढ़ती और 1 राइस मिलर, लालपुर में 10 कच्चा आढ़ती और 10 राइस मिलर, सितारगंज में 24 कच्चा आढ़ती और 24 राइस मिलर और जसपुर में 40 कच्चा आढ़ती और 40 राइस मिलरों के पंजीकरण के साथ कोड उपलब्ध करा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही अन्य कच्चा आढ़तियों और राइस मिलरों के कोड भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

> कुमाऊं में एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो गयी है। खरीद में तेजी लाने के लिए कुमाऊं में 277 कच्चा आढ़तियों और 277 राइस मिलरों के पंजीकरण के साथ ही कोड उपलब्ध करा दिए गए हैं। अन्य कच्चा आढ़तियों और राइस मिलरों के कागजातों की जांच की जा रही है। जल्द ही उन्हें भी कोड उपलब्ध करा दिए जाएंगे।
>
> **-अशोक कुमार**, डिप्टी आरएमओ, कुमाऊं

# काशीपुर में भी किया गया पथ संचलन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की ओर से काशीपुर में पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन में हजारों की संख्या में आरएसएस कार्यकर्ता शामिल रहे। पथ संचलन नगर के विभिन्न मार्गों में निकाला गया।

शताब्दी वर्ष में आरएसएस की ओर से काशीपुर की 19 बस्तियों में कार्यक्रम आयोजित हुये। रविवार शाम को करीब चार बजे रामलीला मैदान में कार्यकर्ता एकत्र हुए। यहां से पथ संचलन रामलीला मैदान से चीमा चौराहा होते हुए माता मंदिर मार्ग से रतन सिनेमा रोड, हलवाई लाइन से मुख्य बाज़ार, महाराणा प्रताप चौक से होते हुए पुनः रामलीला मैदान पर समापन हुआ। इस मौके पर जिला कार्यवाह राजीव कौशिक, सह जिला कार्यवाह सुमित सिंह, नगर संघचालक अमित मित्तल, नगर कार्यवाह आदर्श, सह नगर कार्यवाह सुरेन्द्र कोठारी, विभाग कार्यवाह रमेश ओली, विभाग घोष प्रमुख अंकुर, अजय अग्रवाल, अरविंद राव, मेयर दीपक बाली सहित आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में पथ संचलन करते स्वयं सेवक। ● अमृत विचार

### हाथियों ने धान की फसल को किया बर्बाद

**बाजपुर :** विकासखंड क्षेत्र बाजपुर में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बरहैनी वन सीमा से सटे ग्रामीण इलाकों में आए दिन जंगली हाथियों की आवाजाही से किसानों की नींद हराम हो गई है। ग्राम हरिपुरा जबरान में हाथियों का एक झुंड धान के खेतों में जा घुसा और कई बीघा क्षेत्र में फैली पकी हुई धान की फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार रविवार की तड़के करीब चार बजे जंगल की ओर से आए करीब चार हाथियों के झुंड ने गांव के बाहरी हिस्से में बने खेतों की ओर बढ़ा। कुछ ही देर में झुंड ने खेतों में प्रवेश कर फसल को तहस-नहस कर दिया। हाथियों की चिंघाड़ और पैरों की धमक से पूरा गांव दहशत में आ गया। लोग घरों से बाहर निकल आए और टार्च की रोशनी एवं शोरगुल करके किसी तरह हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ा गया। पीड़ित किसान गुजराज सिंह ने बताया कि हाथियों ने उनकी कई बीघा धान की फसल को बर्बाद कर दिया है।

# पेंशनरों की अनदेखी का आरोप



बाजपुर के नगरपालिका सभागार में बैठक करते उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन के पदाधिकारी।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** नगरपालिका बाजपुर में रविवार को उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गेनाइजेशन उत्तराखंड शाखा बाजपुर की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष डॉ. धीरज शर्मा ने की, जबकि संचालन महासचिव बीके नैनवाल ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता एसके नैय्यर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में संगठन के प्रदेश प्रवक्ता एसके नैय्यर ने कहा कि राज्य में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जो प्रदेश की कुल आबादी का लगभग 11 प्रतिशत यानी करीब 13 लाख है, यदि प्रत्येक परिवार में औसतन चार सदस्य माने जाएं, तो यह आंकड़ा लगभग 52 लाख लोगों को प्रभावित करता है। उन्होंने सरकार पर पेंशनरों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार जातिगत समीकरणों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जबकि पेंशनरों की वास्तविक समस्याओं की अनदेखी हो रही है। बैठक में एसके नैयर, डा.धीरज शर्मा, बीके नैनवाल, बनमाला सिंह, परशुराम गौर, हरिश्चंद्र, मुन्नी छवाण, एनके गौतम, जगदीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ग्राहक बन चोरी करने वाले का वीडियो वायरल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** दीपावली त्यौहार को लेकर जहां कारोबारी ग्राहकों को रिझाने का प्रयास कर रहा है। वहीं खाकी से बेखौफ एक चोर ऐसा भी है जो बाजार में आम ग्राहक बनकर घूम रहा है और मौका मिलते ही हजारों का सामान चोरी कर डालता है। संदिग्ध की फोटो सोशल मीडिया में भी वायरल हो चुकी है और पुलिस ने संदिग्ध की तलाश तेज कर दी है।

बताते चलें कि त्यौहार होने के कारण मुख्य बाजार हो या फिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स। ग्राहकों को रिझाने के लिए मॉल संचालक ने आकर्षक सजावट भी कर रखी है। रविवार को शहर के विधवानी मार्केट में वी मार्ट है। जहां मॉल संचालक ने ग्राहकों को रिझाने के लिए कुछ सामान दुकान से बाहर भी रखा हुआ था। दोपहर का वक्त था कि लाल शर्ट में एक व्यक्ति आया और सामान्य ग्राहक जैसा व्यवहार किया।

साथ ही दुकानों पर घूमता रहता है और मौका पाकर मार्ट के सामने रखा एक बैग उठाकर रफूचक्कर हो गया। बैग में 30 हजार रुपये का सामान रखा हुआ था। जिसे जंबो बैग नाम दिया था। सीसीटीवी कैमरा खंगालने पर एक संदिग्ध की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस ने भी तलाश शुरू कर दी।



फ्रांस से आये छात्रों के प्रतिनिधिमंडल के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

### फ्रांस का छात्र प्रतिनिधिमंडल डेफिया-2025 पहुंचा जीबी पंत विवि

**रुद्रपुर :** जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय में फ्रांस से आए छात्रों का प्रतिनिधिमंडल डेफिया-2025 पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल पेरिस से रवाना होकर शैक्षणिक और शोध सहयोग के साथ-साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान, उत्तराखंड के प्रमुख पर्यटन और धार्मिक स्थलों का भ्रमण करेगा। विवि के कुलपति डॉ .मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि छात्र चार सप्ताह तक हरित क्रांति की जननी के तहत इंटर्नशिप करेंगे। यह इंटर्नशिप दो विश्वविद्यालयों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत आयोजित की जा रही है। जिसका उद्देश्य शैक्षणिक और शोध क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत बनाना है। उन्होंने बताया कि इस समझौते के तहत संयुक्त शोध परियोजनाएं, छात्र एवं संकाय का आदान-प्रदान, क्षमता निर्माण पहल और ज्ञान साझा करने के प्रयास शामिल हैं। इससे फ्रांस और भारत के बीच दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पहल पंतनगर विश्वविद्यालय की वैश्विक स्तर पर अपनी उपस्थिति बढ़ाने और विश्वसनीय शैक्षणिक साझेदारी स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल

**बाजपुर:** नेशनल हाईवे-74 पर तेज रफ्तार बाइक चालक ने दूसरी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम महेशपुरा निवासी गौहर अली ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी वाहिद हुसैन के साथ बाइक पर ग्राम महेशपुरा से ग्राम कनौरा जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच शनिवार की देर रात करीब साढ़े आठ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर नजाकत प्रधान के घर के सामने पीछे से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने तेज व अनियंत्रित गति से वाहन चलाते हुए पीछे से उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया।



खटीमा में असम राइफल पूर्व सैनिक कल्याण संघ की बैठक में शामिल पूर्व सैनिक।

### लंबित समस्याओं का समाधान नहीं होने पर जताई चिंता

**खटीमा :** असम राइफल पूर्व सैनिक कल्याण संघ की त्रैमासिक बैठक में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंथन हुआ। तहसील परिसर में हुई बैठक में वक्ताओं ने लंबित समस्याओं का समाधान नहीं होने पर चिंता व्यक्त की। संघ के पूर्व सैनिकों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सूबेदार भीम सिंह मेहता ने 26 को देहरादून एवं 26 नवंबर को नेपाल में संघ की होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में देहरादून व नेपाल की बैठक में प्रतिभाग करने वाले 105 सदस्यों की सूची तैयार की गई। बैठक में चार नए सदस्यों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। संगठन सचिव दीवान सिंह खड़ायत ने न्यायालय में चल रहे वाद की जानकारी दी। इस अवसर पर दिलीप सिंह पोखरिया, प्रताप सिंह, रूप सिंह मनोल, दान सिंह, लक्ष्मण सिंह, खीमानन्द, आनंद सिंह ज्याला, त्रिलोक सिंह ज्याला, पूरन सिंह महर, राम सिंह, पान सिंह, गोपाल सिंह बिष्ट, राजेंद्र चन्द्र आदि सम्मिलित थे।

# स्नेचिंग के आरोपी को 12 घंटे में दबोच लिया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने स्कूटी सवारों द्वारा महिला का मंगलसूत्र छीनने के मामले का 12 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मंगलसूत्र और घटना में प्रयुक्त स्कूटी भी बरामद कर ली है।

नौगवां ठग्गू निवासी अनुराग सिंह राना पुत्र हरदेव सिंह राना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि शनिवार सुबह करीब नौ बजे स्कूटी पर सवार दो युवक आटा चावल मांगते आए और जैसे ही उसकी पत्नी उन्हें आटा चावल देने लगी उन्होंने मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया। कोतवाल ने टीम गठित की। जिसने सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद आरोपी की पहचान अजय जोशी पुत्र सुरेश जोशी निवासी वार्ड नंबर छह नई सुनहरी, थाना किच्छा के रूप में की और शनिवार देर आरोपी को मुड़ेली, चारुबेटा से गिरफ्तार कर अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। पुलिस में चोरी हुआ मंगलसूत्र और प्रयुक्त वाहन स्कूटी को बरामद किया गया। आरोपी की पुलिस ने न्यायालय में पेश कर दिया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोहर सिंह दसौनी, एसएसआई ललित सिंह रावल, उपनिरीक्षक रुबी मौर्य, रविन्द्र नाथ, राजेन्द्र बोहरा, किशोर कुमार, नवीन खोलिया आदि मौजूद रहे।

पहल | कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

# विधायक ने दो निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विधायक निधि से 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित किए गए दो विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के दौरान स्थानीय जनता ने फूलमालाएं पहनाकर विधायक बेहड़ का जोरदार स्वागत किया। किच्छा विधानसभा अंतर्गत निकटवर्ती ग्राम नजीमाबाद में विधायक बेहड़ ने विधायक निधि से 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी सड़क एवं ग्राम भगवानपुर स्थित गुरुद्वारा परिसर में 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित हाल का विधिवत फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। विकास कार्य कराए जाने पर गुरुद्वारा कमेटी एवं ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर विधायक बेहड़ का भव्य स्वागत किया। ग्रामीण जन संवाद कार्यक्रम के तहत विधायक बेहड़ ने तमाम ग्रामों में ग्रामीणों से जनसंपर्क कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से सुनते हुए जल्द समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से गांव के विकास कार्यों से संबंधित सुझाव मांगे और जनहित एवं विकास से जुड़े सुझावों पर जल्द कार्रवाई का भरोसा भी दिलाया। जन संवाद अभियान के दूसरे दिन विधायक बेहड़ ने ग्राम नजीमाबाद, पहाड़ी कॉलोनी, मत्स्य कॉलोनी, कलकत्ता फॉर्म, माता फॉर्म, रुद्रपुर सानी एवं भगवानपुर क्षेत्र में ग्रामीणों से जन संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। मौके पर पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलशन सिंधी, कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, सुंदर सिंह, मुन्नी देवी, लेखराज, एजाज अहमद, अमरजीत सिंह, जोरा सिंह, हनीफ अहमद, बलदेव सिंह, बलवंत सिंह, जमालुद्दीन, सोनी सिंह, अनिल यादव, देवचंद, राजेश कश्यप, विक्रम कोरंगा आदि मौजूद रहे।



किच्छा में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते विधायक तिलक राज बेहड़। ● अमृत विचार

# सितारगंज के बच्चों में फैल रहा टोमेटो संक्रमण

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** इन दिनों सितारगंज में बच्चों में तेजी से टोमेटो संक्रमण फैल रहा है। पिछले दस दिनों में अब तक टोमेटो संक्रमण के करीब 35 मामले सामने आ चुके हैं। ज्यादातर स्कूली बच्चे इसकी चपेट में आ रहे हैं।

वहीं, डॉक्टरों ने संक्रमित बच्चों के अभिभावकों को उन्हें एक सप्ताह आइसोलेशन में रखने की सलाह दी है। सीएमएस डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि उप जिला अस्पताल सितारगंज में रोजाना चार-पांच अभिभावक अपने बीमार बच्चों को लेकर पहुंच रहे हैं। अस्पताल में अब तक करीब 35 बच्चे टोमेटो संक्रमित पाए गए। जिनका इलाज कर दिया है। टोमेटो संक्रमण यानी हैंड, फुट और माउथ डिसीज (एचएफएमडी) है। यह एक प्रकार का संक्रमण है। जो मुख्य रूप से एंटरोवायरस और काक्ससेकी वायरस के कारण होता है। यह 5 से 14 साल के बच्चों में तेजी से फैलता है। इसमें बच्चों को तेज बुखार के साथ उनके हाथ, पांव और मुंह में लाल चकत्ते व छाले बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि अभिभावकों को घबराने की आवश्यकता नहीं है। यहां एक सामान्य संक्रमण है। जो आमतौर पर बच्चों में फैलता है। बच्चों को सही समय से इलाज मिलने पर वहां सप्ताह भर में ठीक हो जाते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### फॉर्च्यूनर चालक पर केस दर्ज

**गदरपुर :** सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की तहकीकात शुरू कर दी। देवेंद्र सिंह निवासी ग्राम अमरपुरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी सुरजीत कौर, एपेक्स पैकिंग सोल्यूशन बगवाला रुद्रपुर में कार्य करती थी और बीती 25 सितंबर को फैक्ट्री से कार्य करके वह रमेश कुमार की मोटरसाइकिल से सायं करीब 07 बजे अपने घर की ओर आ रही थी। मोक्ष धाम के मुख्य द्वार के पास एक फॉर्च्यूनर कार ने मोटर साइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल पत्नी की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा रमेश दूसरी तरफ गिर गया उसके भी हल्की चोटें आईं। पुलिस ने देवेंद्र की तहरीर पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। पति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम हेमपुर इस्माइल, हिम्मतपुर निवासी नाटेलाल ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पत्नी बिन्दु देवी के साथ 18 सितंबर की सुबह करीब 9 .30 बजे सस्ता गल्ला की दुकान से राशन लेकर अपने क्वार्टर, जिंदल वेजिटेबल प्रोडक्ट लिमिटेड की ओर लौट रहे थे। इस दौरान उसकी पत्नी को ट्रक ने टक्कर मार दी। उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चालक ट्रक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवक की बाइक चोरी

**काशीपुर :** अधिवक्ता के घर काम करने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम कनकपुर निवासी अंकित सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती 30 सितंबर को गांव के ही अधिवक्ता के घर बाइक से गया था तथा उसने अपनी बाइक की रात लगभग 7 .30 बजे घर के बाहर खड़ी की थी। जब वह लगभग आधे घंटे बाद बाहर आया, तो बाइक गायब थी। उसने इसकी सूचना 112 पर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### भूसे से भरे ट्रक व दो बाइकें सीज

**खटीमा :** पुलिस ने यूपी उत्तराखंड सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर दो भूसे से भरे ओवरलोड ट्रक को सीज कर दिया। वहीं बिना हेलमेट चलने वाले दो बाइक सवारों की बाइकें भी सीज कीं, छह लोगों के कोर्ट चालान किए और 12 हजार जुर्माना भी वसूल किया। पुलिस की अचानक कार्रवाई से डग्गामार वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। टीम में चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट, एसआई पूरन चंद्र पांडे, धर्म सिंह, त्रिभुवन पलडिया, झींगुर राम आदि मौजूद रहे।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर, तहरीर

**खटीमा :** बुजुर्ग पिता ने परिजनों पर घर से निकलने का आरोप लगाते हुए सत्रहमील पुलिस को तहरीर सौंपकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जमौर निवासी 70 वर्षीय अब्दुल कदीम ने सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को तहरीर सौंपकर बताया कि करीब पांच साल से दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है क्योंकि प्रताड़ित कर पत्नी और बच्चों ने जबरदस्ती घर से निकाल दिया। गंभीर बीमारी होने के बावजूद भी बुजुर्ग मेहनत मजदूरी कर अपना पालन पोषण कर रहा है। जबकि बुजुर्ग अपने परिवार के साथ रहना चाहता है।

# अतिक्रमण के नोटिस का भेजा गया जवाब

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** उपजिलाधिकारी द्वारा फड़ व्यवसायियों को भेजे गए अतिक्रमण संबंधी नोटिस पर अब कानूनी प्रतिक्रिया सामने आई है। अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल ने अपने मुवक्किल शैलेंद्र कुमार और कायम अली समेत 30 फड़ संचालकों की ओर से उपजिलाधिकारी काशीपुर को साढ़े चार हजार पन्नों का जवाब भेजा है।

जवाब में कहा गया है कि एसडीएम कार्यालय से 20 सितंबर 2025 को पत्रांक संख्या 1371 एवं 1394 के माध्यम से जारी नोटिस विधिक रूप से उचित नहीं है, क्योंकि यह मामला पहले से ही न्यायालय में विचाराधीन है। इस याचिका में नगर निगम काशीपुर भी पक्षकार है, और इसमें निगम का काउंटर एवं याची का रिजोएंडर दोनों ही न्यायालय में दाखिल किए जा चुके हैं। जवाब में कहा कि नगर निगम काशीपुर की 28 मार्च 2017 की बोर्ड बैठक को प्रस्ताव संख्या 213 पारित किया गया था, जिसके तहत जेल रोड स्थित फड़ व्यवसायियों के वास्तविक आकलन के आधार पर किराया 1040 रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया था। साथ ही तकनीकी विभाग को दुकानों के निर्माण के लिये प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया था। अधिवक्ता अग्रवाल ने कहा कि यह प्रस्ताव आज भी प्रभावी है और फड़ व्यवसायी उसी के आधार पर अपना कार्य कर रहे हैं। एडवोकेट अग्रवाल ने अपने जवाब में स्पष्ट किया कि संबंधित संपत्ति नगर निगम सीमा क्षेत्र में आती है, जिस पर कार्रवाई का अधिकार केवल नगर निगम को है, न कि उपजिलाधिकारी को।

## मलबा निकालने के दौरान जेसीबी चालक से मारपीट का आरोप, तहसीलदार ने कार्रवाई की दी चेतावनी

# तालाब की सफाई करने पहुंचे तहसील कर्मियों का विरोध

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचारः** तालाब से मलबा निकालने के दौरान राजस्व कर्मियों को आसपास के लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। आरोप है कि इस दौरान कुछ लोगों ने जेसीबी चालक से भी मारपीट का प्रयास किया। विरोध की सूचना पर मौके पर पहुंची तहसीलदार ने सरकारी कार्य में बाधा डालने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। आरोप है कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण कर कुछ लोगों ने आवासीय भूखंड का निर्माण कर रखा है।

ग्राम सकैनिया में अतिक्रमण किए जा चुके तालाब का गंदा पानी ओवर फ्लो होकर सड़क पर बहने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का



गदरपुर में कार्रवाई का विरोध करते लोग। ● अमृत विचार

सामना करना पड़ता है। जिसके चलते पूर्व प्रधान सतनाम चंद्र कंबोज ने तहसील प्रशासन को पत्र भेज कर उक्त समस्या के समाधान का अनुरोध किया था। जिस पर क्षेत्रीय लेखपाल हरजीत सिंह के नेतृत्व में तहसील कर्मी तालाब की सफाई के लिए जेसीबी लेकर पहुंचे। आरोप है कि इस दौरान जब चालक ने तालाब से मलबा निकालकर बाहर डालना शुरू कर दिया उसी बीच कुछ लोगों ने जेसीबी को लेकर विरोध करना शुरु कर दिया और चालक से भी मारपीट का प्रयास किया। खुदाई का विरोध करने वाले लोगों से प्रधान प्रतिनिधि संजय चौधरी की भी तकरार हुई। हंगामे की सूचना मिलने पर तहसीलदार लीना चंद्रा ने कहा कि तहसील प्रशासन नियमानुसार कार्य कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आपको बताते चले कि यह तालाब वर्तमान तालाब से कई गुना बड़ा होता था। लेकिन आरोप है कि कुछ लोगों ने तालाब की भूमि पर अतिक्रमण करके मकान बना लिए हैं। जिस पर कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है ।

### सकैनिया का तालाब कब होगा अतिक्रमण मुक्त

**गदरपुर :** उत्तराखंड में जहां एक ओर अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत जर्जर हो चुके तालाबों का जीर्णोद्धार कर उन्हें पुनर्जीवित किया जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत सकैनिया में ग्राम के ही कुछ लोगों पर तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप है। शनिवार को तालाब की सफाई के दौरान निकले मलबे आदि लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। इसके चलते तहसील प्रशासन को कार्य रोकना पड़ा। एक ग्रामीण का कहना है कि यह तालाब पहले लगभग 11 बीघे का था जो अब मौके पर 4 या 5 बीघा ही नजर आ रहा है। प्रशासन को तत्काल तालाब को कब्जा मुक्त कर तालाब का सौंदर्यीकरण करना चाहिए।

# 256 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक भी हुई बरामद

## 75 लाख रुपये आंकी गई है कीमत, थाना दिनेशपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

संवाददाता, रुद्रपुर/दिनेशपुर

**अमृत विचारः** नशा माफियाओं की धरपकड़ की कार्रवाई करते हुए थाना दिनेशपुर पुलिस ने दो स्मैक सप्लायर को दबोच लिया और बड़ी मात्रा में स्मैक की खेप भी बरामद की है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस बीएनएस की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया और न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

रविवार को एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से थाना दिनेशपुर इलाके में स्मैक तस्करी की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। जिसके आधार पर थाना दिनेशपुर पुलिस भी अलर्ट थी। 4 अक्टूबर को खबर मिली थी कि बाइक सवार दो व्यक्ति बड़ी मात्रा में स्मैक ला रहे हैं। इसके आधार पर दिनेशपुर पुलिस ने गांव चरणपुर रोड दिनेशपुर मुख्य मार्ग पर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। जिसे देखकर बाइक संख्या यूके-06 एयू-2602 पर सवार दो युवक भागने की कोशिश करने लगे।

पुलिस ने घेराबंदी कर युवकों को दबोच लिया और जामा तलाशी लेने



पकड़े गए तस्करों के साथ दिनेशपुर पुलिस। ● अमृत विचार

पर 256 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम गांव बिठौरा मझोला थाना नानकमत्ता निवासी इंद्रजीत सिंह और गांव सलामत बिठौरा नानकमत्ता निवासी दिलेर सिंह बताया। उन्होंने बताया कि वह स्मैक की खेप को तराई भाबर में बेचने आए थे। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 75 लाख रुपये है। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### 4.06 ग्राम स्मैक के साथ युवक को दबोचा

**सितारगंज :** रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 4 .06 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को दबोचा है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। शनिवार रात को शिव मंदिर वार्ड, शक्तिगढ़ निवासी सूरज सामंत (26) पुत्र दान सिंह सामंत को पुलिस ने गांव पिपलिया को जाने वाले कच्चे रोड से 4 .06 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में उसने बताया कि वह होटल में वेटर का काम करता है। वह दो साल से स्मैक का नशा भी कर रहा है। बताया कि उसने यह स्मैक पिपलिया निवासी जस्सू नामक युवक से खरीदी है। वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 12.06 ग्राम हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस व एसओजी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 12 .06 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली पुलिस टीम एवं एसओजी ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बीती देर शाम चेकिंग के दौरान मो. अल्ली खां निवासी मौ. नाजिर को 12 .06 ग्राम हेरोइन के साथ नौगजा मजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी बाइक भी सीज की है। बरामदगी के आधार पर नाजिर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र चौधरी, एसआई कौशल भाकुनी, मनोज धौनी, कांस्टेबल प्रेम सिंह कनवाल, सचिन चौधरी, हेड कांस्टेबल एसओजी दीपक कुमार व हरीश गोस्वामी शामिल थे।

## तहसीलदार से अभद्रता करने के आरोप में नायब नाजिर पर गिरी गाज

**गदरपुरः** तहसील में कार्यरत नायब नाजिर पर सरकारी डाक से छेड़छाड़ के अलावा महिला तहसीलदार से अभद्रता और मारपीट करने का आरोप लगा है। तहसीलदार की शिकायत पर जिलाधिकारी ने आरोपी राजस्व अधिकारी को डीएम कार्यालय से अटैच कर दिया।

तहसील मुख्यालय में नायब नाजिर के पद पर कार्यरत मो. उमर पर एसडीएम द्वारा नीलामी प्रक्रिया को लेकर जारी सरकारी डाक पर अंकित तिथियों से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा। इसके कारण नीलामी को भी स्थगित करना पड़ा। जब इस संबंध में महिला तहसीलदार लीना चंद्रा ने नायब नाजिर से इसका कारण जानने का प्रयास किया तो आरोप है कि नायब नाजिर ने तहसीलदार से अभद्रता करते हुए मारपीट करने का प्रयास किया। तहसीलदार लीना चंद्रा ने तत्काल इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी नितिन सिंह भदोरिया से की। तहसीलदार की शिकायत पर डीएम ने तत्काल आदेश जारी कर आरोपी नायब नाजिर को गदरपुर तहसील से हटाकर डीएम कार्यालय अटैच कर दिया।

# मजबूत होंगे कैलाश व बैगुल नदियों के तटबंध

संवाददाता सितारगंज

- गांव रसोईयापुर, झुकाह, कौंधारतन, कौंधाअशरफ, सिसौना और राजनगर के ग्रामीणों को मिलेगी बाढ़ से निजात

**अमृत विचार :** शासन ने कैलाश व बैगुल नदी तटबंधों को मजबूत करने के लिए 434.51 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिए शासन ने 173.8 लाख रुपये की टोकन राशि भी जारी कर दी गई है।

सचिव विनोद कुमार सुमन ने पत्र जारी करते हुए बताया कि 21 जुलाई को आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव की अध्यक्षता में आयोजित मूल्यांकन एवं विभागीय समिति की बैठक के बाद 3 सितंबर को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में सितारगंज स्थित कैलाश नदी के दाएं पार्श्व में स्थित गांव रसोईयापुर, झुकाह, कौंधा रतन और कौंधा अशरफ के ग्रामीणों की कृषि भूमि को बाढ़ से बचाने के लिए बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि मद से 253.26 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है।साथ ही गांव सिसौना और राजनगर में बहने वाली बैगुल नदी एवं खलासी नाले से बचाव एवं बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य के लिए 181.15 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। शासन ने दोनों कार्यों के लिए कुल 173. 8 लाख रुपये के टोकन राशि को भी जारी कर दिया है। बताया कि निर्माण कार्य के लिए सिंचाई विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

बताते चलें कि कैलाश व बैगुल नदी के तटबंध क्षतिग्रस्त होने के कारण कई साल से इसके किनारें बसे गांव की कई एकड़ कृषि भूमि नदी में समा गई। साथ ही, इससे किसानों की फसलें भी बर्बाद हो गई। वहीं, ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने नदी के तटबंधों को मजबूत करने की मांग की थी।



> तटबंध मजबूती के लिए 434 . 51 लाख रुपये की धनराशि अवमुक्त हुई है। इससे कैलाश व बैगुल दोनों नदियों के तटबंधों को मजबूत करने का कार्य किया जाएगा ताकि बाढ़ आने पर किसानों की जमीनों को बहने से बचाया जा सके।
>
> – **सौरभ बहुगुणा**, कैबिनेट मंत्री



धू-धू कर जलता विद्युत खंभे पर लगा एलटी बॉक्स। ● अमृत विचार

### एलटी बॉक्स में लगी आग, अफरातफरी मची

**शक्तिफार्म :** नगर के मुख्य मार्ग के किनारे लगी विद्युत खंभे पर लगाई गई, एलटी बॉक्स में अचानक आग लग जाने से अफरातफरी का माहौल बन गया। तत्काल मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने लाइन ऑफ करने के पश्चात बमुश्किल आग पर काबू पाया। नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित ओम एजेंसी के सामने, विद्युत खंबे पर लगे एलटी बॉक्स रविवार दोपहर को अचानक धू - धू कर जलने लगा। अचानक आग लग जाने के कारण आस- पास के दुकानदारों में अफरातफरी का माहौल बन गया। जिसकी सूचना तत्काल विद्युत विभाग को दी गई, जिस पर मौके पर पहुंचे विद्युत कर्मियों ने विद्युत लाइन को ऑफ कर बमुश्किल आग पर काबू पाया। जिसके पश्चात पुन: विद्युत व्यवस्था बहाल हो सकी।

## 112 पर शिकायत करने पर दी हत्या की धमकी

**रुद्रपुर :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में पार्किंग कर्मी से हाथापाई और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिवनगर वार्ड-आठ निवासी सौरभ रस्तोगी ने बताया कि एक अक्टूबर की रात्रि 12 बजे के करीब वह रोडवेज रामलीला मैदान में पार्किंग की पर्ची काट रहा था। इस बीच संदीप कश्यप निवासी शिवनगर ने हाथापाई शुरू कर दी। हाथापाई के दौरान जेब में रखे 14670 रुपये भी गिर गए। जब 112 पुलिस हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की और अभियुक्त के बड़े भाई राकेश कश्यप को फोन कर प्रकरण की जानकारी दी तो उसे व परिवार की हत्या करने की धमकी दी गई।

# दीवार तोड़कर चोरों ने मेडिकल स्टोर खंगाला

- नकदी व दवाइयों पर किया हाथ साफ

संवाददाता शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** टैगोर नगर तीन पानी स्थित मेडिकल स्टोर का दीवार तोड़कर चोरों ने मेडिकल स्टोर को खंगाल डाला। चोरों ने स्टोर में रखी नगदी, दवाइयों के साथ-साथ, सीसीटीवी के लिए लगी मॉनिटर को भी अपने साथ ले गए।

बैकुंठपुर ग्राम प्रधान विरंची पद वाईन की टैगोर नगर तीन पानी में हर्षित मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है। शनिवार को रोज की भांति दुकान बंद कर घर चला गया। रविवार की सुबह पड़ोसी मिठाई के दुकान स्वामी ने उन्हें दुकान में चोरी होने की



चोरों द्वारा अस्त-व्यस्त किए गए सामान को दिखाता स्टोर स्वामी। ● अमृत विचार

सूचना दी। जब वह दुकान पहुंचे तो देखा दुकान के पीछे साइड से दीवार को तोड़कर चोर अंदर घुसे। दुकान के अंदर प्रवेश करने के पश्चात चोरों ने सीसीटीवी को कागज के लिफाफे से ढक दिया। इसके पश्चात दुकान में रखी लगभग 50 हजार रुपये नगद, हजारों की दवाइयां एवं सीसीटीवी के लिए लगी मॉनिटर को अपने साथ ले गए।

मेडिकल स्टोर स्वामी ने तत्काल इसकी सूचना चौकी पुलिस को दी, पुलिस ने भी मौका मुआयना कर जानकारी जुटाई। चोरों ने बगल के ही मिठाई के दुकान का भी गल्ला तोड़ दिया, परंतु गल्ले में कोई नकदी नहीं था।

### तीन पानी क्षेत्र बना नशेड़ियों का अड्डा

**शक्तिफार्म :** टैगोर नगर का तीन पानी क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। जहां पर नशे के आदी युवाओं एवं असामाजिक तत्वों का हमेशा जमावड़ा लगा रहता है। लगभग चार माह पूर्व तीन पानी में ही स्थित सीएससी केंद्र एवं परचून की दुकान में भी चोरी हुई थी। चोरों ने एक बार पुन: मेडिकल स्टोर को अपना निशाना बनाया। लोगों का कहना है कि नशेड़ी प्रवृत्ति के युवाओं द्वारा ही चोरी को अंजाम दिया जा रहा है।

**पहल** | डीडीओ से की मुलाकात, शहर की वर्तमान स्थिति और संभावनाओं पर की चर्चा

# एसपीए के छात्र बनाएंगे रुद्रपुर की रिपोर्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) नई दिल्ली के 45 छात्रों की टीम रुद्रपुर पहुंची। यहां उन्होंने जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल से मुलाकात कर शहर की वर्तमान स्थिति और संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। टीम आगामी 15 दिनों तक शहर के विभिन्न सामाजिक, आर्थिक, पर्यावरणीय और भौगोलिक पहलुओं का गहन अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार करेंगे।

शहरी नियोजन की विशेषज्ञ और एसपीए की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सक्करी रम्या के नेतृत्व में मास्टर ऑफ प्लानिंग



विकास भवन में एसपीए नई दिल्ली के छात्रों की टीम और अधिकारी। ● अमृत विचार

के प्रथम सेमेस्टर के छात्र विकास भवन पहुंचे। एसपीए की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सक्करी रम्या ने बताया कि छात्रों की टीम शहर की जमीनी हकीकत को समझने के लिए लोगों से संवाद कर रही है और साथ ही अफसरों से भी तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है। रिपोर्ट में लैंड यूज, जनसंख्या घनत्व, आवास, औद्योगिक गतिविधियां, पर्यावरण संरक्षण, आधारभूत ढांचा और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर रोडमैप तैयार किया जाएगा।

छात्र सुमित कुमार झा ने बताया कि 20 वर्षों की भावी जरूरतों को ध्यान में रखकर डेटा एकत्र किया जा रहा है, ताकि विकास योजनाएं जन-हितकारी और टिकाऊ हों। उन्होंने बताया कि तीन महीने में यह रिपोर्ट तैयार कर जिला प्रशासन को सौंपी जाएगी। इस पहल से रुद्रपुर का विकास न केवल योजनाबद्ध तरीके से संभव होगा, बल्कि यह शहर विकसित भारत के विजन 2047 की दिशा में एक सशक्त कदम भी साबित होगा।

## आठ भट्ठियां और लहन नष्ट किया

**खटीमाः** पुलिस और वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर विभिन्न गांवों के निकट के सुरई रेंज के जंगल में अवैध शराब बनाने के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की भट्टियां और लहन नष्ट किया।

शुक्रवार देर शाम पुलिस और वन विभाग की टीम ने रघुलिया, वनगवां, सरपुड़ा, नवदिया, रमकोला आदि गांवों से लगे सुरई रेंज में बीसलपुर ब्रांच नहर के किनारे अवैध शराब बनाने की आठ भट्टियां जलती हुईं पकड़ीं। टीम ने मौके पर चार हजार लीटर लाहन भी बरामद किया। उन्होंने भट्टियां और लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया। चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने बताया कि तस्करों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।

# घरवाली के रहते बाहरवाली से प्रेम करना पड़ गया महंगा

संवाददाता शक्तिफार्म

- बाहरवाली वीडियो वायरल करने की दे रही धमकी
- ब्लैकमेलिंग कर पैसे हड़पने का भी आरोप

**अमृत विचारः** घरवाली के रहते बाहरवाली के साथ प्रेम बढ़ाना अय्याशी युवक को महंगा पड़ गया। अब प्रेमिका अपने पति के साथ मिलकर युवक को ब्लैकमेल कर रही है। रुपयों की मांग पूरी न करने पर उसे वीडियो वायरल करने की धमकी दे रही है।

न्यूरिया, पीलीभीत निवासी महिला ने कहा कि 14 वर्ष पूर्व गांव सुरेंद्रनगर, शक्तिफार्म निवासी व्यक्ति के साथ उसका विवाह हुआ था। कहा कि उसका पति अय्याश किस्म का है। पत्नी के होते हुए भी युवक का गुरुग्राम, शक्तिफार्म निवासी एक महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। आरोप लगाया कि वह महिला अपने पति के साथ मिलकर पहले लड़कों को प्रेम जाल में फंसाती है। फिर, उसका वीडियो बनाकर रुपये के लिए ब्लैकमेल करती है। आरोप लगाया कि इसी तरह उक्त महिला ने उसके पति को भी फंसा लिया। अब वह अपने पति के साथ मिलकर उसके पति को ब्लैकमेल कर रही है।

वहीं, इस मामले में जब उसने उक्त महिला से फोन पर बात की तो उसने उसे जान से मारने की धमकी दी। कहा कि 18 मार्च को वह उक्त महिला के घर शक्तिफार्म गई थी। जहां उक्त महिला ने अपने पति के साथ मिलकर उससे मारपीट की। साथ ही, उक्त महिला के पति ने उससे छेड़खानी कर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मामले में महिला ने राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश से इसकी शिकायत दर्ज कराई। साथ ही, यूपी पुलिस से केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। सीओ बीएस धौनी ने बताया कि मामले में आरोपी महिला और उसके पति के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

**सिटी ब्रीफ**

### बाढ़, भूस्खलन और भूकंप से बचाव पर विद्यार्थियों को मिला प्रशिक्षण

**टनकपुर :** डीएम मनीष कुमार के निर्देशन एवं जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी, चम्पावत के मार्गदर्शन में एफ़एएमईएक्स कार्यक्रम के तहत राजकीय इंटर कॉलेज सूखीढांग में एक दिवसीय बाढ़ एवं भूस्खलन जन–जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में आपदा के दौरान स्वयं, परिवार एवं पालतू पशुओं की सुरक्षा के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को भूस्खलन व बाढ़ की स्थिति में आवश्यक सावधानियाँ, भूकंप से सुरक्षा एवं बचाव तकनीक, तथा अचानक आने वाली बाढ़ के समय बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, घायल व्यक्ति को सुरक्षित तरीके से कैरी करने की विधि, रेस्क्यू उपकरणों का उपयोग, रैपलिंग व जुमारिंग तकनीक तथा स्थानीय संसाधनों से रेस्क्यू उपकरण तैयार करने की विधि का प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मास्टर ट्रेनर भरत गुसाईं, एनडीआरएफ के दीपक कठैत, एसडीआरएफ के दीपक जोशी सहित अन्य प्रशिक्षक मौजूद रहे। इस दौरान बच्चों के बीच काफी उत्साह रहा।

# दिनेशपुर में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन

## बंगाल लोक संस्कृति की धूमः श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन पर निकाली शोभायात्रा, मंगल गीत गाए

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** श्री दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन पर श्रद्धालुओं ने ढोल- नगाड़ों व मां के जयकारों के बीच प्रतिमा के साथ नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। ''मां तुमी आबार एसो, असुर बंशो धंशो करो" आदि उद्घोष के बीच मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

इस दौरान ढोल-नगाड़ों व शंख ध्वनि से माहौल गुंजायमान हो गया। दुर्गा पूजा महोत्सव में बांग्ला लोक संस्कृति की धूम रही। महोत्सव के समापन के बाद रविवार को दुर्गा पूजा उत्सव कमेटी के तत्वावधान में श्रद्धालुओं ने नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर अबीर- गुलाल चढ़ाया। इस बीच महिलाओं ने मंगल ध्वनि उलू. लू.लू..., की शंख ध्वनि के साथ मंगल गीत गाए। तत्पश्चात मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को जगदीशपुर गांव के निकट धीमरी सेतु में विसर्जित किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, स्थाई कमेटी अध्यक्ष सरोज मंडल, नपं पूर्व अध्यक्ष सीमा सरकार, कमेटी पूर्व अध्यक्ष मनोज राय उर्फ मुन्ना, हिमांशु सरकार, प्रसन्नजीत शाह, विकास सरकार, गोपाल चक्रवर्ती, काजल राय, सुनीता मिस्त्री, श्रीति राय, हीरा जंगपांगी, झरना मालाकार, दीपाली बैरागी, शीला स्वर्णकार, नमिता मण्डल, विशु राय, मृदुल मंडल, डॉ सुधीर राय, रमा गोस्वामी, शिप्रा मंडल, मीना राय, सुभद्रा घरामी, विजय ढाली, सिमरन पांडे आदि मौजूद रहे।



मां दुर्गा की प्रतिमा को विसर्जित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## बांग्ला जात्रागान के साथ दुर्गा पूजा का समापन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** नगर व बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों में बंगाल लोक संस्कृति पर आधारित बांग्ला जात्रागान व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। दुर्गा पूजा महोत्सव जगदीशपुर में शक्तिफार्म के कलाकारों ने जोनोनी कैकयी व आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर के कलाकारों ने सावित्री सत्यवान जात्रागान का सजीव मंचन किया।

कोलकाता से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ बाऊल गान की प्रस्तुति देकर समा बांधे रखा। इसी के साथ दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन हो गया। रविवार को मां दुर्गा की प्रतिमाओं का निकटवर्ती नदियों में विसर्जन किया गया। श्री सार्वजनिक शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव जगदीशपुर में समापन पर मुख्य अतिथि लिटिल चैंपियन स्कूल प्रबंधक तरुण कुमार सिंह, किड्स पैराडाइज पब्लिक स्कूल प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान व समाजसेवी हरिदास मंडल एवं अतिविशिष्ट अतिथि श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के संरक्षक जीवन सिंह नयाल व अध्यक्ष गौतम सरकार ने दुर्गा पूजा महोत्सव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर आयोजकों को बधाई दी।

इस दौरान उत्सव कमेटी के पदाधिकारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्सव कमेटी अध्यक्ष अमित कुमार व संचालन मास्टर समर चंद्र सरकार ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि पत्रकार रूपेश कुमार सिंह, मनोज अधिकारी, नीरज कोरंगा, मुकुंद अधिकारी, सुभाष भक्त, मंगल ढाली आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में मां भगवती के जागरण में मां दुर्गा का आशीर्वाद लेते विधायक शिव अरोरा।

## विधायक अरोरा ने लिया मां दुर्गा का आशीर्वाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** तीनपानी डाम दुर्गा एनक्लेव में आयोजित मां भगवती के विशाल जागरण में पहुंचकर विधायक शिव अरोरा ने मां दुर्गा के चरणों में अपनी हाजिरी लगायी और आशीर्वाद लिया।

इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि मां भगवती की कृपा से जीवन के कष्ट कट जाते हैं। उनकी कृपा से ही सामाजिक जीवन को जीने व सेवा भाव की प्रेरणा मिलती है। ऐसे धार्मिक आयोजन हमको आत्मबल, समाज को संगठित करने व सनातन संस्कृति को मजबूत बनाते हैं। इससे पूर्व दुर्गा एनक्लेव के लोगों ने विधायक अरोरा को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद पवन राणा, एमपी मौर्य, वीपी सिंह, मनोज ठाकुर, अजीत कुमार, रणजीत बिष्ट, भागीरथ कश्यप, सुनील यादव, गीता शर्मा, उर्मिला मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ का स्वागत किया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनीस गौड़ रविवार को खटीमा पहुंचे। उनके साथ निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष इन्तिजार हुसैन, महामंत्री महमूद हसन बेखरा, प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान, शमशाद हसन, युशुफ, बाबू भाई आदि लोगों के साथ प्रथम बार खटीमा आगमन पर कार्यक्रम के संयोजक तारिक मलिक एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया।

इसके बाद सभी कार्यकर्ता चंपावत के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अनवार मलिक, राजू कुरैशी, जावेद रजा, लईक अहमद, सरीफ, जीशान उवैसी, सलमान, मकरम, शाहिद, टिंकू कुरैशी, विक्की अंसारी, मुशाहिद, मुस्तफा, शाहरुख, अहिल, अमन खान आदि लोग उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष गौड़।

## सरकारी अस्पताल में वाटर कूलर इलाज के लिए तरसे

- वाटर कूलर में दवाई की शीशी लगाकर बहने से रोका जा रहा पानी

करन सिंह, काशीपुर

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में लगे वाटर कूलर खुद मरीज बन कर इलाज के लिये तरस गए हैं। उनका इलाज नहीं होने से वह अस्पताल में आने वाले मरीजों के लिये उपयोगी साबित नहीं हो पा रहे हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इसका संज्ञान लेकर शीघ्र ही वाटर कूलर ठीक कराए जाएंगे।

दरअसल एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल में विभिन्न संगठनों द्वारा मरीजों को गर्मी से राहत देने के लिये अस्पताल में तीन स्थानों पर वाटर कूलर लगाए गए थे। वर्तमान में इनमें से दो वाटर कूलर खराब स्थिति में हैं। हालत यह है कि वाटर कूलर की एक टोटी टूटने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उसे ठीक कराने के बजाय उल्टा उसमें दवाई की शीशी लगाकर पानी को रोका जा रहा है। इस स्थिति में ठंडे पाने के लिए मरीजों के तीमारदारों को बाहर से 20 रुपये में ठंडा पानी लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। इधर अस्पताल के सीएमएस डॉ. संदीप दीक्षित ने बताया कि उन्होंने हाल में ही सीएमएस का पदभार ग्रहण किया है। यदि इस प्रकार की कोई समस्या है तो इसके संज्ञान लेकर उन्हें शीघ्र ठीक कराया जाएगा।



काशीपुर में सरकारी अस्पताल में वाटर कूलर में शीशी लगाकर रोका जा रहा पानी।

## खटीमा में राम-लखन को रिझा नहीं पाई सूर्पनखा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** विश्वेश्वर महादेव रामलीला कमेटी के तत्वाधान में कुटरा में आयोजित रामलीला मंचन के सातवें दिन सूर्पनखा की नाक काटने, खर दूषण बध, सीता हरण का मंचन किया गया।

सातवें दिन की लीला में मुख्य अतिथि विधायक भुवन कापड़ी ने मंचन की सराहना करते हुए शबरी की रामजी के प्रति श्रद्धाभाव का बखान किया। गुरुकुल अकादमी के एमडी धीरेन्द्र चन्द्र भट्ट ने मातृशक्ति से बच्चों को आदर्श और संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नरेन्द्र धामी, सतीश चन्द्र भट्ट, लक्ष्मण महरा, डॉ एसके राय, विक्रम बुंगला, गणेश गिरी, भूपाल रौतेला, भुवन चन्द्र कलोनी, गणेश ठकुराठी, नरेन्द्र आर्य, पवन भट्ट, किशोर जोशी, हिमांशु रस्तोगी, भागीरथी राणा, केडी भट्ट, हेमा जोशी, जगत मेहर, गिरीश जोशी, जगदीश चंद्र शास्त्री, परमजीत खनका आदि मौजूद रहे।

### कंजाबाग में रामलीला मंचन 24 से

**खटीमा :** श्री ब्यांधुरा बाबा मंदिर कंजाबाग में श्री ब्यांधुरा आदर्श रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रामलीला की तैयारियों पर मंथन करते हुए 24 अक्टूबर दिन शुक्रवार से रामलीला का मंचन होना सुनिश्चित किया गया। बैठक में अध्यक्ष गोविंद बल्लभ गहतोड़ी, निर्देशक दिव्य प्रकाश जोशी, मीडिया प्रभारी शिप्रा जोशी मौजूद रहे।

## मारुति स्कूल में डांडिया और गरबा नृत्य से मचाया धमाल

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर श्री मारुति इंटरनेशनल स्कूल में विद्यालय प्रबंधन की ओर से भव्य डांडिया एवं गरबा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. लता उपाध्याय, विद्यालय प्रबंधक सुमित सांगुड़ी तथा प्रधानाचार्या अंकिता सांगुड़ी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में रंग बिरंगे परिधानों में सजीं विद्यालय की छात्राओं एवं अभिभावक महिलाओं ने मधुर संगीत की धुनों पर तालबद्ध डांडिया और गरबा नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन हर्षवर्धन पाठक ने किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान जवाहरनगर तारा पांडे, शांतिपुरी नंबर 1 की प्रधान दीपा कांडपाल, नरेन्द्र पाठक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामप्रधान जवाहरनगर तारा पाण्डे, प्रधान शांतिपुरी नंबर एक दीपा काण्डपाल आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में डांडिया क्वीन का खिताब दीपक जीना और लताशा जोशी, जबकि डांडिया किंग खिलेश पाठक, बेस्ट कोरियोग्राफर का खिताब मुबारक को प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्य अंकिता सांगुड़ी सम्मिलित रहे। उत्कृष्ट ग्रुप डांस का पुरस्कार फ्यूजन ग्रुप जवाहर नगर को मिला।



डांडिया एवं गरबा नृत्य के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देते अतिथि।

### सेपक टाकरा टीम चयन के लिए ट्रायल 7 को

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड जूनियर (बालक/बालिका) सेपक टाकरा टीम के चयन के लिए ट्रायल का आयोजन 7 अक्टूबर को सुबह साढ़े 9 बजे रुद्रपुर स्थित कल्याणी व्यू सेपक टाकरा अकादमी में किया जाएगा।

सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2007 के बाद हुआ हो। प्रतिभागियों के लिए आधार कार्ड और दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य रहेगा। इसके अतिरिक्त खिलाड़ियों को खेल वेशभूषा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। चयन ट्रायल में निर्णायक मंडल की भूमिका में सेपक टाकरा कोच गौरव जोशी, सावन मल्होत्रा एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. नागेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहेंगे।

## फुटबॉल में हल्द्वानी की टीम ने रामबाग को 5-0 से दी शिकस्त

संवाददाता, शक्तिफार्म

**अमृत विचार :** रुदपुर में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में, हल्द्वानी ने रामबाग को 5-0 से शिकस्त दी। दो गोल दागने वाले हल्द्वानी के प्रियंजल को प्लेयर ऑफ दी मैच की ट्रॉफी दी गई।

मैच के आरंभ से ही हल्द्वानी ने रामबाग के गोलपोस्ट पर प्रहार कर दबाव बनाए रखा। खेल के आठवें मिनट में प्रियंजल ने पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। उसके दो मिनट बाद ही प्रवीन बिष्ट और तनिष्क ने एक-एक गोल कर टीम को पहले हाफ में तीन गोल से आगे किया। दूसरे हाफ के छठे मिनट में हल्द्वानी के प्रियंजल ने अपना दूसरा गोल दागा। खेल के अंतिम क्षणों में रोहित ने गोल कर टीम को 5-0 से जीत दिलाई। रामबाग की टीम कोई भी गोल करने में कामयाब नहीं हुए। इससे पहले जिला पंचायत सदस्य रविंद्र सिंह, ग्राम प्रधान सुकुमार वैद्य, बीडीसी रतन गोलदार और सुकुमार गाईन ने मैच का शुभारंभ किया। मैच में अखिलेश मंडल रैफरी, सुमित और राहुल सहायक रैफरी, पंकज राय, जयंत मंडल, सव्यसाची हालदार और सुनील सरकार कमेंट्रेटर रहे। इस मौके पर संजय बाछाड़, प्रशांत मंडल, मनोज सरकार, मनोज मंडल, सूरज मंडल, रजत बाछाड़, चिरंजीत सरकार, संजय मंडल, राहुल आचार्य और टिकेंद्र मंडल आदि मौजूद थे।



एक दूसरे के खिलाफ गोल करने का प्रयास करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### एसएस स्कूल ने चलाया जागरूकता अभियान

**गदरपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नालसा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष अभियान चलाया गया। रविवार को एसएस पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित कार्यशाला में डॉ. प्रशांत कुमार चौहान ने सभी विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों को बताया एवं सभी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राकेश सुखीजा ने सभी को नशे के खिलाफ कानून के नियमों से अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता राकेश सुखीजा ने की।

**कार्यक्रम** | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन

## नशे के दुष्प्रभावों के साथ ही कानून संबंधी जानकारी दी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में नशे के दुष्प्रभावों के साथ ही कानून संबंधी जानकारी दी गई।

रविवार को राजकीय इंटर कॉलेज जोशी मझरा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल स्थित ओएसटी सेंटर की महिला काउंसलर नीता पंत ने बताया कि बच्चों में धीरे-धीरे नशा फैल रहा है। बच्चों में जिज्ञासा रहती है कि नशा क्या है। धीरे-धीरे बच्चे छोटे नशे से बड़े नशे की ओर बढ़ते हैं और उनका यह शौक लत में बदल जाता है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। इस मौके पर तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सृष्टि बनियाल, रणधीर सैनी आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में आयोजित शिविर में जानकारी देतीं महिला काउंसलर नीता पंत।





खटीमा में बच्चों को संबोधित करते अपर सिविल जज आशीष तिवारी।

### नशे के दुष्प्रभावों से बचाव को लेकर जागरूक किया

**बाजपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के तत्वाधान में रविवार को कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के सभागार में नशे के दुष्प्रभावों से बचाव को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्डन रेनू चंद्रा ने की, जबकि संचालन पराविधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने किया। इस मौके पर डा.पारुल सिंह, बीना जोशी, कल्याणी, संध्या मौजूद रहीं।

### नशे से दूर रहें बच्चे

**खटीमा :** सिटी कान्वेंट स्कूल और थारू राजकीय इंटर कॉलेज में नशीली दवाओं के प्रति युवाओं को जागरूक किया गया। अपर सिविल जज न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी ने बच्चों को नशे से दूर रहने के बारे में जानकारी दी। डॉ निशिकांत, डॉ. देश दीपक गौड़, डॉ. सोनाक्षी सक्सेना, काउंसलर विजेता पांडे ने अपने-अपने विचार रखे। पैनल अधिवक्ता सहन बेगम, चंचल सिंह, स्नेहा प्रभा, इलियास सिद्दीकी, विमलेश शर्मा, कमान सिंह धामी, अब्दुल मजीद, ममता शर्मा ने नशे में प्रयुक्त होने वाली धारा एवं नशे से दूर रहने के बारे में बताया।

## प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

- आईटीआई सितारगंज में मनाया दीक्षांत समारोह
- अपने कौशल का देश की प्रगति के लिए उपयोग करने का आह्वान

संवाददाता सितारगंज

**अमृत विचार :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में चौथे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्या इतिका त्यागी ने बताया कि समारोह में व्यवसाय फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल एवं विद्युतकार के लगभग 51 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया। इसमें उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र वितरित किए।

वहीं, उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अपने कौशल को समाज व देश की प्रगति के लिए उपयोग करने का आह्वान किया। इस मौके पर अनुदेशक कलागणित उषा, अनुदेशक फिटर, प्रताप सिंह मेर, अनुदेशक मैकेनिक मोटर व्हीकल रमेश चंद्र शर्मा, शेर सिंह, शिशुपाल सिंह, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।



आईटीआई सितारगंज में प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र देतीं प्रधानाचार्या।

## ब्रीफ न्यूज

### राजस्व उपनिरीक्षक की तबियत बिगड़ने से मौत

**बागेश्वर :** काफलीगैर तहसील के राजस्व क्षेत्र असौ में तैनात राजस्व उपनिरीक्षक की अचानक देर शाम तबियत बिगड़ने से मौत हो गई। आसपास मौजूद अन्य साथी उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में परिजनों और राजस्व विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मियों का तांता लग गया। प्राप्त जानकारी के आधार पर राजस्व उपनिरीक्षक मृतक किशोर कांडपाल काफलीगैर तहसील असौ राजस्व क्षेत्र में तैनात थे। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी और तहसीलदार दलीप सिंह और राजस्व विभाग के कर्मी भी जिला अस्पताल पहुंचे।

### लाहूर घाटी में भालू का आतंक बरकरार

**बागेश्वर :** कपकोट तहसील के लाहूर घाटी में इन दिनों भालू का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों ने भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। ग्रामीण चंचल सिंह और नवीन कोरंगा ने बताया कि क्षेत्र में दिन में भालू दिख रहा है, विगत दिनों भालू ने एक ग्रामीण पर हमला किया था। जिस करण गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है। कहा कि ठंड प्रारम्भ होते ही भालू गांव की ओर रुख करते हैं। जिससे खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से भालू के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### सर्राफा व्यापारी संजय वर्मा का निधन

**टनकपुर, अमृत विचार :** टनकपुर के प्रतिष्ठित सर्राफा व्यापारी संजय वर्मा का निधन हो गया। 52 वर्षीय वर्मा कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही टनकपुर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। टनकपुर शारदा नदी किनारे उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई विनोद वर्मा एवं भतीजे विकास वर्मा ने उन्हें मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे अपनी माता, पत्नी, एक पुत्र एवं पुत्री को छोड़ गये। उनके निधन पर दीपक रजवार, हेमेश खर्कवाल, विपिन कुमार, हर्षवर्धन सिंह रावत, सविता बिष्ट, शैलेंद्र सिंह, वैभव अग्रवाल, संजय पांडे, अंकित अग्रवाल, गिरीश वर्मा, विजय चन्द, एलडी गहतोड़ी, अनिल पैट्रिक, अजय गुरुरानी सहित तमाम लोगों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।


संजय वर्मा (फाइल फोटो)

# अल्मोड़ा में तिलपात्र के साथ रामलीला का समापन

## नंदा देवी मंदिर में हवन एवं तिलपात्र का आयोजन, कलाकारों ने पुण्य आत्माओं की सद्‌गति की कामना की

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा की ऋतिहासिक श्री नंदादेवी रामलीला मंचन का तिलपात्र के साथ विधिवत समापन हो गया है। हवन एवं तिलपात्र के साथ सभी कलाकारों ने रामायण से जुड़ी सभी पुण्य आत्माओं से क्षमा याचना करते हुए उनकी सद्‌गति की कामना की।

रविवार को नंदादेवी मंदिर में आयोजित भंडारे में सभी कलाकारों और कार्यकर्ताओं समेत सभी क्षेत्रवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया किया। सबुह 10 बजे सभी कलाकार नंदादेवी मंदिर पहुंचे। कमेटी की ओर से आयोजित यज्ञ के बाद तिलपात्र में भाग लिया।

इस दौरान पंडितों ने हवन किया। श्री नंदादेवी रामलीला कमेटी के संयोजक प्रकाश पांडे ने बताया कि रामलीला के पश्चात की एक आवश्यक प्रक्रिया है जिसमें पौराणिक किरदारों का अभिनय कर रहे कलाकार तिलपात्र में दान कर मृत आत्माओं की शांति एवं अभिनय के दौरान हुई सभी प्रकार की त्रुटियों के लिए क्षमा याचना करते हैं। तिलपात्र नंदादेवी मंदिर के मुख्य पुजारी तारा दत्त जोशी ने संपन्न कराया। उसके उपरांत भंडारे का आयोजन हुआ।

यहां रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप सिंह मेर, सचिव अर्जुन सिंह बिष्ट, संयोजक प्रकाश पांडे, वरिष्ठ रंगकर्मी नवीन बिष्ट, अतुल वर्मा, महेंद्र बिष्ट, संदीप साह, राजकुमार बिष्ट, राजेश पालनी, धनंजय साह, कविश अरोरा, जगदीश बिष्ट, राजेश पंत, जगदीश भंडारी, निर्देशक मोहन जोशी, गणेश मेर, अनिल सनवाल, हरीश बिष्ट, हरि विनोद साह, लोकेश तिवारी, प्रकाश जोशी, चंद्र मोहन परगाई, अनूप साह, दीपक वर्मा, सुभाष अग्रवाल, राजेंद्र रौतेला, शशि मोहन पांडे, शेखर सिजवाली, राजू शर्मा, द्रोण नेगी, अविरल जोशी, किरन परगाई, सौम्या सनवाल, आदित्य गुरुरानी, हिमांशु परगाई, नमन बिष्ट, आदित्य बिष्ट, गोलू भट्ट, पंकज परगाई, दया कृष्ण परगाई, वरिष्ठ रंगकर्मी सुन्दर बोरा, अंजन बोरा, सुमन सनवाल, दीक्षा हरबोला, सारांश मुंगली, मोहन भंडारी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।


अल्मोड़ा के नंदा देवी मंदिर में हवन के दौरान मौजूद कलाकार और अन्य। ● अमृत विचार


टनकपुर के ज्ञानखेड़ा पंचायत भवन में प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक का दृश्य। ● अमृत विचार

### राज्याभिषेक के साथ लीला मंचन का हुआ समापन

**टनकपुर, अमृत विचार :** गांव ज्ञानखेड़ा स्थित पंचायत भवन में उत्तरांचल रामलीला कमेटी द्वारा शारदीय नवरात्र से चल रही रामलीला मंचन का प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक के साथ ही समापन हो गया है।रविवार को हवन यज्ञ व भंडारे के साथ-साथ रामलीला मंचन के कलाकारों को पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंबा दत्त पंत ने रामलीला मंचन के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार जताया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंबा दत्त पंत, संरक्षक राजेंद्र सिंह अधिकारी, तपन गड़कोटी, मीडिया प्रभारी नरेंद्र पंत, हरिओम सेठी, उदय सिंह, प्रकाश जोशी, कैप्टन चंद्रशेखर, दीपक, रमेश, गहतोड़ी, भरत सिंह मौनी, मुकेश जोशी, गोविंद चन्द, राजेंद्र चन्द, महेश चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

### बद्रेश्वर शाखा में भव्य पथ संचलन व शस्त्र पूजन

**अल्मोड़ा :** बद्रेश्वर बस्ती स्थित आरएसएस की श्रीराम शाखा की ओर से रविवार को संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयादशमी पर्व के अवसर पर पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जीआईसी मैदान में पवित्र भगवा ध्वज के ध्वजारोहण से हुआ।

जिसके बाद स्वयंसेवकों ने श्रद्धा एवं परंपरा के अनुसार शस्त्र पूजन किया। जिसमें फूलमाला, रोली एवं चंदन से अपने-अपने शस्त्रों का पूजन कर आत्मरक्षा, सेवा और राष्ट्र समर्पण का संकल्प लिया। मौके पर जिला प्रचार प्रमुख डॉ. राजेंद्र जोशी ने "संघ के शताब्दी वर्ष एवं पंच परिवर्तन योजना" पर विस्तृत बौद्धिक प्रवचन प्रस्तुत किया। स्वयंसेवकों ने आगामी गृह संपर्क अभियान एवं सामाजिक सद्भाव बैठकों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प भी लिया। यहां शाखा कारवाह विनय वर्मा, मेयर अजय वर्मा, रवि रौतेला, अजय वर्मा, मनीष जोशी (मंटू), मनोज जोशी, राजीव राज गुरुरानी, भुवन चंद्र जोशी, पंकज लटवाल, मयंक सिंह, सागर वर्मा आदि शामिल रहे।


अल्मोड़ा में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मंचासीन शिक्षक।

### सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के साथ हो रहा अन्याय

**अल्मोड़ा :** अशासकीय माध्यमिक शिक्षक संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने रविवार को अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता की। मांगों के निराकरण नहीं होने से नाराज शिक्षकों ने आगामी छह अक्टूबर से मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आमरण अनशन शुरू करने की चेतावनी दी। आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से अल्मोड़ा में सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों के साथ अन्याय हो रहा है, जो राज्य के बाकी 12 जिलों में नहीं देखा गया। मौके पर शिक्षकों ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के मूल वेतन में पांच से छह हजार रुपये तक की अवैध कटौती की जा रही है और उसी के आधार पर कम पेंशन स्वीकृत की जा रही है। कई शिक्षकों को तो सेवानिवृत्ति के दो से तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी पेंशन नहीं मिली है। शिक्षकों ने स्पष्ट किया कि यह स्थिति सिर्फ उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में है। मजबूर होकर शिक्षकों ने आमरण अनशन का रास्ता चुना है। शिक्षकों ने कहा कि वे संघर्ष के लिए तैयार हैं और न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। यहां सुभाष चंद्र, डा. मदन भैसोड़ा, अशोक पंत, डा. महेंद्र सिंह, बाबू राम, हरीश उप्रेती, महेंद्र सिंह चौहान, दीपक, ललित आदि मौजूद रहे।

# खटीमा से चम्पावत तक बिखरी भक्ति और प्रेम की सुगंध

- जगह-जगह मिलन महोत्सव में स्वामी प्रेम सुगंध का हुआ स्वागत सत्कार

संवाददाता, खटीमा/चम्पावत

**अमृत विचार :** स्वामी प्रेम सुगंध का रविवार को खटीमा से चम्पावत तक भव्य स्वागत हुआ। अमाऊ में प्रातः से ही बड़ी संख्या में जन समूह कार्यक्रम स्थल पर एकत्र हो गया था स्थानीय जन प्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सैकड़ो की संख्या में स्वामी प्रेम सुगंध महाराज का श्रद्धापूर्वक पुष्प वर्षा कर और फूल मालाओं से स्वागत किया और आशीर्वाद लिया।

खटीमा में यात्रा स्वागत अभिनन्दन कार्यक्रम में खटीमा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, कार्यक्रम संयोजक पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह बिष्ट किन्ना भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, मंडल महामंत्री भुवन चंद्र भट्ट, कुमाऊं सांस्कृतिक उत्थान मंच के अध्यक्ष कैप्टन ठाकुर सिंह खाती, कोषाध्यक्ष भगवान सिंह मेहता, कैप्टन जोहर सिंह बसेड़ा, एडवोकेट जगदीश पांडेय, नगर पालिका सभासद बसंती सामन्त, सभासद रामा चंद, सभासद दौलत सिंह राणा, दीवान सिंह, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री संतोष गौरव, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विमला मुडेला, महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष धाना भंडारी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद गंगवार, इंद्रा चन्द, भावना चन्द, योगिता बिष्ट, राधा चन्द, दया भट्ट, सावित्री कन्याल, उमा भट्ट, रवि बिष्ट, केसी उप्रेती, पप्पू प्रजापति, मनोज बाधवा, अमर चन्द, आरिफ अंसारी, के.सुरेंद्र सिंह जिमिवाल, इंजीनियर मदन गहतोड़ी, ललित जोशी, पंडित देवी दत्त, मोहन सिंह धामी, जगत चन्द, बलवंत विष्ट, शंकर प्रजापति, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद गंगवार, डॉ बाबूराम अरोड़ा, महेंद्र अग्रवाल, कुलवंत सिंह आदि उपस्थित रहे। स्वामी जी ने खटीमा की जनता का आभार प्रकट कर अपना आशीर्वाद प्रदान कर ईश्वर से सभी की कुशलता की कामना की। वहीं, खटीमा के बाद स्वामी प्रेम सुगंध का स्वागत चकरपुर, बनखंडी मंदिर, बनबसा, टनकपुर, चंपावत लोहाघाट, खेतीखान, खरई, नाखूड़ा आश्रम में स्थानीय प्रतिनिधियों और जनता ने किया।


खटीमा-चम्पावत आगमन पर स्वामी प्रेम सुगंध महाराज का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### टनकपुर में निकली शोभायात्रा

**टनकपुर :** प्रेम सुगंध महाराज के मिलन महोत्सव में टनकपुर में शोभायात्रा खटीमा से खरई भींगराड़ा आश्रम तक निकाली गई। बोरागोठ गांव में मनोज आर्या ग्राम प्रधान, कंचन देवी प्रधान पति राजू दुर्गेश मोटवानी, दीपचंद पाठक, हर्ष चौधरी, मुकेश गहतोड़ी, अनिल चंद एवं अन्य कई ग्राम वासियों ने मनोज आर्या के निवास स्थान पर भव्य स्वागत किया। चम्पावत में शिव रेसिडेंसी में नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमा पांडे, शंकर पाण्डेय, गौरव पाण्डे, विवेक, कैलाश अधिकारी, मुकेश कलखुड़िया, गोविंद सामंत शंकर पांडे मदन गहतोड़ी, लोहाघाट में सतीश पांडे, निर्मला मेहर, सुभाष बगोली आदि ने स्वागत किया।

# सहकारिता से ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी हुई मजबूत: रेखा आर्या

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के मौके पर अल्मोड़ा के सिमकनी मैदान में चल रहे सहकारिता मेले में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या शामिल हुई। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों, योजनाओं, हस्तशिल्प, हथकरघा एवं स्थानीय उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने स्टॉल संचालकों से संवाद कर विभिन्न उत्पादों की जानकारी ली और उनके कार्यों की सराहना की।

मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह मेला स्थानीय उत्पादों को संरक्षण और प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वदेशी अभियान की भावना के अनुरूप है। सहकारिता ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिकी को मजबूती दी है और इसके माध्यम से गांव-शहर की महिलाएं तेज़ी से सशक्त हो रही हैं। कहा कि सहकारिता मेले का उद्देश्य स्थानीय कला, उत्पादों, महिला सशक्तिकरण और स्वरोजगार के प्रयासों को मंच देना है, जिससे प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नई आर्थिक संभावनाएं सृजित हो सकें। ग्रामीणों को पशुपालन, डेयरी, कुकुट पालन जैसे कार्यों के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण चेक वितरित किए गए। कई ग्राम सभाओं को माइक्रो एटीएम भी सौंपे गए। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, कार्यक्रम अध्यक्ष कैलाश शर्मा, ब्लॉक प्रमुख नीमा आर्या, डीसीबी के पूर्व अध्यक्ष ललित लटवाल, विधायक प्रतिनिधि भुवन जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


ग्रामीणों को लोन के चेक वितरित करतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या। ● अमृत विचार

### 23वीं राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**बनबसा :** उत्तराखण्ड कब्बडी ऐसोसिएशन के तत्वाधान में 23 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक, बालिका कबड्डी प्रतियोगिता 10, 11, 12 अक्टूबर को कुडेश्वरी (काशीपुर) उद्यमसिह नगर में होना तय हुआ है। कब्बडी ऐसोसिएसन चम्पावत के द्वारा खिलाडियो का ट्रायल मैक्सटन स्कूल बनबसा में होना तय हुआ है। बताया कि ट्रायल 7 अक्टूबर को 9 बजे से 11 बजे तक ट्रायल लिया जायगा। इच्छुक खिलाडी 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजे मैक्सटन स्कूल पहुंचे। खिलाडी की आयु 16 बर्ष से कम होनी चाहिये एवं उत्तराखण्ड का मूल निवास, आधार कार्ड की छाया पत्रि हाईस्कूल का तामाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र साथ लाए। फीस 200 रु होगी जो खिलाडी खुद उक्त स्थान पर खुद देनी होगी।

# नायकगोठ में निर्माणाधीन गोशाला का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं के क्रम में जनपद चम्पावत के अंतर्गत टनकपुर के गांव नायकगोठ में निर्माणाधीन गोशाला का जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। यह गोशाला 146.86 लाख रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था नगर पालिका परिषद, टनकपुर द्वारा निर्मित की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य की गुणवत्ता, निर्माण सामग्रियों के उपयोग, स्थल पर श्रमिकों की संख्या तथा कार्य प्रगति की स्थिति का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का प्रयोग न किया जाए। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस महत्त्वपूर्ण घोषणा का उद्देश्य आवारा, बीमार और असहाय गौवंश को सुरक्षित आश्रय प्रदान करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला में पेयजल, चारा भंडारण, पशु चिकित्सा सुविधा, शेड निर्माण, नालियों की समुचित निकासी तथा सोलर लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि गौवंश को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। यह गोशाला भविष्य में गौसंरक्षण एवं गोवंश आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में भी सहायक सिद्ध होगी। इस दौरान एसडीएम आकाश जोशी, लक्ष्मण सिंह बोहरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


टनकपुर में गोशाला का निरीक्षण करते डीएम मनीष कुमार व अन्य।

### पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान

**रानीखेत, अमृत विचार :** नगर पालिका क्षेत्र मे पालिका अध्यक्ष के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मुख्य गेट क्षेत्र में फैली गंदगी को साफ किया गया।

गौरतलब है कि छात्र संघ चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा पोस्टर व प्रचार सामग्री को फेका गया था। लेकिन इसकी सफाई की ओर किसी ने भी पहल नहीं की। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष अरुण रावत के नेतृत्व में महाविद्यालय गेट सहित आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में कमलेश बोरा, सुंदर कुर्वाबी, मनोज बिष्ट, दीपक बिष्ट, मुकेश कुमार सहित पर्यावरण मित्र सम्मिलित थे।

महोत्सव

लड़ीधूरा महोत्सव में लोक गायकों ने मचाया धमाल, दर्शकों ने लगाए ठुमके

# रंगीली बिंदी घाघरी काई धोती लाल किनर वाई... गीत ने मन मोहा

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** बाराकोट लडीधूरा महोत्सव में सांस्कृतिक संध्या में लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी, बेबी प्रियंका और खटीमा के कलाकारों ने अपना जलवा बिखेरा। शुरुआत पंखुड़ी थारू सांस्कृतिक समिति, खटीमा के कलाकारों ने की। दल नायक पूना खड़गा के नेतृत्व में भगवती वंदना की गई। लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी ने-जय, जय भगवती काली मैया..., जय मां नंदा, सुनंदा..,

कश्मीर बार्डर प्यारी.., कि करूं कमु मेरी ड्यूटी बार्डर..., गीतों की प्रस्तुति से चार चांद लगा दिए। बेबी प्रियंका के कुमाऊंनी गीत-लौंडा मोहन, तेरी केमुवै गाड़ि..., रंगीली बिंदी घाघरी काई..,हाय काकड़ी झील मां, नूण पीसो सिले मां..., गीत और नृत्य से दर्शकों को झूमने के लिए विवश कर दिया। कुमाऊंनी नृत्यांगना ईशा मर्तोलिया, महिमा राय, और लच्छू पहाड़ी ने भी देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य फरतोला योगेश चन्द्र जोशी, जगदीश सिंह अधिकारी, दुर्गेश जोशी, नवीन जोशी, रमेश जोशी, महेंद्र अधिकारी, विनोद जोशी, विनोद अधिकारी, किशोर जोशी, रजत वर्मा, ऋतेश कुमार वर्मा, प्रदीप ढेक, सुनील वर्मा, लोकमान सिंह अधिकारी, राजू अधिकारी, दीनू अधिकारी, राजेन्द्र अधिकारी, नमन जोशी, रजनीश जोशी, राहुल जोशी, शुभम नाथ, ललित मोहन जोशी, सौरव, रिंकू, सूरज, रोहित, निहारिका फर्त्याल, कुमकुम अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व महोत्सव समिति के अध्यक्ष नगेन्द्र कुमार जोशी की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक पूरन सिंह फर्त्याल, ब्लाक प्रमुख सीमा आर्या, उप ज्येष्ठ प्रमुख दरबान सिंह, जिला पंचायत सदस्य जनकांडे अशोक सिंह महर, डुंगर सिंह प्रथोली, रैघांव मनीषा कालाकोटी ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।



बाराकोट में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। ● अमृत विचार

### अव्वल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

लडीधूरा महोत्सव में खेलकूद प्रतियोगिता जारी है। प्रतियोगिता का शुभारंभ एसडीएम नितेश डांगर व खंड विकास अधिकारी मोनिका पाल ने किया गया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता प्राथमिक वर्ग में कनिका कालाकोटी व प्रियांशु जोशी, अंशुमन जोशी व इशिका जोशी, दिव्यांशी अधिकारी व फाल्गुनी पुनेठा, जूनियर वर्ग में तेजस अधिकारी व सुजल कुमार प्रथम, आदित्य अधिकारी व इनेश सिंह माहरा द्वितीय, आरव चंद व कृष अधिकारी तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में साधना चौधरी व चंद्र कला जोशी प्रथम, अमन कालाकोटी व साक्षी गोस्वामी द्वितीय, आयुष पंत व दीपांशु जोशी तृतीय स्थान पर रहे। कुमाऊंनी भाषण प्रतियोगिता में मानसी जोशी, गायत्री पांडेय, आरती बिष्ट व मनीष जोशी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे।

### कलश यात्रा के साथ मां पूर्णागिरि महोत्सव का शुभारंभ

**लोहाघाट :** खूना बोरा में तीन दिवसीय मां पूर्णागिरि महोत्सव का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हो गया है। रविवार की सुबह महिलाओं ने नगाड़ों की धुन के साथ पारंपरिक परिधानों में सजधज कर नंगे पांव खूना बोरा गांव के मुख्य मंदिर से राष्ट्रीय राज मार्ग होते शिव मदिर मानेश्वर तक कलश यात्रा निकाली। मानेश्वर में देव डांगरो ने विधि विधान से स्नान किया और पवित्र नौले से जल लेकर पूर्णागिरि मदिर होते हुए खूना बोरा गांव के मुख्य मंदिर पहुंचे। महिलाओं ने मंगल गीतों का गायन किया। मां के जयकारों से समूंचा वातावरण भक्तिमय हो गया।



टनकपुर में जागरूकता अभियान के तहत रैली निकालते लोग। ● अमृत विचार

### ड्रग्स मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया

**टनकपुर :** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत के निर्देश पर साक्षरता एवं विधिक जागरूकता के क्रम के ड्रग्स मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। प्रियांशी नगरकोटि सिविल जज जूनियर डिविजन बाह्य न्यायालय टनकपुर के नेतृत्व में रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बस स्टेंड, टैक्सी स्टेंड रोड, कोतवाली रोड, तहसील रोड होते हुए रैली न्यायालय टनकपुर तक निकाली गई। रेली में नशा मुक्त हो घर परिवार, ड्रग्स नहीं शिक्षा अपनाओ, अपना देश खुशहाल बनाओ नारे के साथ लोगों में ड्रग्स मुक्ति अभियान के तहत नशे को छोड़ने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में पीएलवी अर्जुन सिंह, बिजेंद्र अग्रवाल, इजहार अली, हरीश चंद गौड, प्रकाश सिंह, अमित, दीपा देवी, सोनी सिंह, किरन गहतोड़ी, बबीता पुनेठा, किरन जोशी, रीता कनौजिया, सोनी जहां, राधिका अधिकारी, शमशाद बानो, हरिप्रिया जोशी, पूजा जोशी, अर्चना लोहनी, प्रियंका पंचोली, ऋतु महर मौजूद रहे।



किताबें उन लोगों के लिए हैं, जो चाहते हैं कि वे कहीं और हों।
-मार्क ट्वेन, अमेरिकन राइटर



# ताकि दर्द न दे दवा

राजस्थान और मध्य प्रदेश में कथित तौर पर कफ सिरप पीने से बच्चों की मृत्यु अत्यंत दुखद है। पहली मौत के बाद जांच में देरी और भी त्रासदीपूर्ण रही। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि हमारी दवा नियंत्रण प्रणाली में गहरी खामियां हैं, यदि इन्हें समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो कहीं भी अत्यंत दारुण स्थिति उत्पन्न हो सकती है। घटना के बाद कुछ राज्यों ने संदिग्ध कफ सिरप पर रोक लगाई, तो दवा निर्माण में अग्रणी आधा दर्जन से अधिक राज्यों में दवा उत्पादों की सघन जांच शुरू हो गई। केंद्र सरकार ने भी अपेक्षाकृत त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए सभी राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों और ड्रग कंट्रोलर्स की आपात बैठक बुलाई- यह स्वागतयोग्य कदम है, पर दीर्घकालिक सकारात्मक परिणाम तभी मिलेंगे, जब औपचारिक दिशा-निर्देशों पर ईमानदारी से कार्रवाई भी हो। सरकार द्वारा दवा निर्माताओं, वितरकों और विक्रेताओं के काम को सुगम करने के लिए जन विश्वास विधेयक के तहत ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 27D में फेरबदल का प्रस्ताव यदि कानून बना, तो पहले जिन गड़बड़ियों को गंभीर अपराध माना जाता था और जेल की सजा निश्चित थी, वे कृत्य केवल जुर्माने तक सीमित हो सकते हैं। यह बदलाव दवा सुरक्षा पर भारी असर डाल सकता है।

आज भारतीय बाजार में बिकने वाले दवा उत्पादों में से 20 फीसद से ज्यादा नकली हैं। 5 फीसद जेनेरिक दवाएं बेकार। पैरासिटामोल, ओआरएस घोल और सामान्य आई-ड्रॉप्स जैसी सैकड़ों सामान्य उपयोग की दवाएं संदूषित या अमानक हैं। हम दुनिया की 'फार्मेसी ऑफ द वर्ल्ड' कहलाते हैं। देश में तीन हजार से अधिक दवा कंपनियां और लगभग 10,500 क्रियाशील दवा उत्पादक इकाइयां हैं। हम 185 से अधिक देशों को दवाइयां निर्यात करते हैं और 2030 तक अपने दवा बाजार को 130 अरब डॉलर के पार ले जाने का लक्ष्य रखते हैं। इस प्रतिष्ठा और लक्ष्य को बचाने के लिए नियमों को सरल नहीं, बल्कि कठोर और प्रभावी बनाना होगा।

समस्या केवल उत्पादन स्तर की नहीं है; निगरानी, गुणवत्ता-परीक्षण और लाइसेंसिंग की ढीली व्यवस्थाएं भी जिम्मेदार हैं। कई बार जानलेवा बताई जाने वाली दवाओं को रिकॉल और रैपिड-अलर्ट दिशा-निर्देशों के तहत 24 घंटे के भीतर वापस नहीं लिया जा सका। सरकार के सामने अब दोहरी चुनौती है। दवा उद्योग को राहत देने के साथ उसकी विश्वसनीयता बनाए रखना और आम नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करना। ऐसे में सख्त नियमों के साथ प्रत्येक राज्य में आधुनिक प्रयोगशालाएं और त्वरित परीक्षण व्यवस्था स्थापित करने की आवश्यकता है। ड्रग इंस्पेक्टरों की संख्या और प्रशिक्षण स्तर में भी सुधार लाना होगा और दवा-निर्माण से लेकर बिक्री तक की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल ट्रैकिंग से जोड़कर हर बैच का स्रोत और गुणवत्ता तुरंत जांचने योग्य बनाना होगा, ताकि दर्द न दे दवा, यदि सरकार सख्ती, पारदर्शिता और जवाबदेही को समान रूप से आत्मसात करना, देश की दवाओं तथा भारतीय दवा उद्योग की विश्वसनीयता को बचा लेगा।

## प्रसंगवश

# सांस्कृतिक परिधान और मानसिकता का प्रश्न

भारतीय समाज में परिधान केवल फैशन या आराम का विषय नहीं रहा, बल्कि पहचान, संस्कृति, धर्म और नैतिकता से जुड़ा प्रतीक माना गया है। विडंबना यह है कि जिन पुरुषों ने स्वयं पश्चिमी जीवनशैली और वस्त्रों को सहज रूप से अपना लिया है, वे ही महिलाओं पर 'भारतीयता' या 'धार्मिकता' के नाम पर पारंपरिक या अरबी पोशाक थोपने की सबसे ज्यादा आवाज उठाते हैं। भारत जैसे बहुलतावादी देश में परिधान सदा से विविध और परिवर्तनशील रहे हैं। मुगल काल में सलवार-कमीज, ब्रिटिश काल में पैंट-शर्ट और कोट, व्यापार और प्रवास के साथ अरब और फारस से आए बहुविध वस्त्र, इन सबने भारतीय परिधान संस्कृति को प्रभावित किया। अगर सदियों से वस्त्र विनिमय होता रहा है, तो महिलाओं के लिए 'शुद्ध भारतीय' या 'विशेष धार्मिक' पहनावे का दबाव ऐतिहासिक चेतना से मेल नहीं खाता।



उपेंद्र चौधरी
वरिष्ठ पत्रकार

आज अधिकांश भारतीय पुरुष ऑफिस, कॉलेज, सार्वजनिक जीवन और विदेश यात्राओं में जीन्स, सूट, टी-शर्ट या शर्ट-पैंट पहनते हैं। वे इसे 'व्यावहारिक' और 'सुविधा जनित' मानते हैं, लेकिन वही पुरुष जब महिलाओं की बात करते हैं, तो उनका स्वर सांस्कृतिक संरक्षक का हो जाता है। वे कहते हैं, "भारतीय नारी को सूट-साड़ी ही पहनना चाहिए।" "मुस्लिम महिला को बुर्का या अबाया पहनना चाहिए।" "लज्जा ही महिला की पहचान है।" यानी वैश्विकता पुरुषों के लिए आधुनिकता और महिलाओं के लिए नियंत्रण का उपकरण बन जाती है।

जब रीति-रिवाजों और धार्मिक मानदंडों की बात आती है, तो भारतीय पुरुष अक्सर धर्म का चयनात्मक सहारा लेते हैं। वे कुरान, वेद, पुराण या धार्मिक परंपराओं का हवाला देकर महिलाओं की पोशाक पर नियम थोपते हैं, जबकि स्वयं धार्मिक पोशाकों में नहीं रहते। सवाल उठता है कि अगर चूड़ीदार-कुर्ता या धोती-कुर्ता भारतीय संस्कृति का प्रतीक है, तो पुरुष सूट-बूट, पैंट-शर्ट और टाई को क्यों अपना लेते हैं? अगर इस्लामी समाज में पर्दा धार्मिक मर्यादा है, तो पुरुषों के लिए कुरानी पोशाक अनिवार्य क्यों नहीं मानी जाती? यह चयनात्मक आस्था वस्त्रों से अधिक सत्ता का मसला है।

महिलाओं के कपड़ों को 'सम्मान', 'शुचिता' या 'इज्जत' से जोड़ देना भारतीय समाज की एक जड़ मानसिकता है, जबकि वस्त्र नैतिकता की कसौटी नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक परिवर्तनों का परिणाम होते हैं। भारत के संविधान ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता, समानता और गरिमा को मौलिक अधिकार के रूप में स्वीकार किया है। फिर परिधान का प्रश्न महिलाओं की स्वतंत्रता के बजाय पुरुषों की भावनाओं या धर्म की दीवारों से क्यों नापा जाए?

वस्त्र व्यक्तिगत पसंद और सामाजिक व्यवहार से तय हों, न कि लैंगिक नैतिकता से। धर्म का उपयोग आस्था के लिए हो, नियंत्रण के लिए नहीं। पुरुषों को अपनी आधुनिकता और महिलाओं की स्वायत्तता का एक समान सम्मान करना होगा। परंपरा थोपे जाने से नहीं, विकल्प दिए जाने से जीवित रहती है। जिस समाज में पुरुष आधुनिक कपड़े पहनकर 'भारतीय संस्कृति' या 'धर्म' का प्रमाण-पत्र बांटते हों, वहां समस्या वस्त्रों की नहीं, मानसिकता की होती है। वस्त्र कोई धर्मग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन परिस्थितियों और समय का प्रतिबिंब हैं, इसलिए असली सवाल यह नहीं कि महिलाएं भारतीय या अरबी वस्त्र पहनें, बल्कि यह है कि क्या पुरुष वही स्वतंत्रता महिलाओं को दे सकते हैं, जो स्वयं बिना अपराधबोध के भोग रहे हैं? संस्कृति की रक्षा महिलाओं के सीने या सिर पर वस्त्र डालकर नहीं, बल्कि उनके अधिकारों को सम्मान देकर होगी।

# यूएन में भारत की सदस्यता व वीटो का पेच





दिग्विजय सिंह
कानपुर

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत, ब्राजील, जापान को स्थायी सदस्यता के साथ ही वीटो पावर की ताकत देने पर पेच फंसा हुआ है। भारत को स्थायी सदस्यता देने का विरोध करता आया चीन भी अब उदार नजर आ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत, ब्राजील, जापान को स्थायी सदस्यता के साथ ही वीटो पावर की ताकत देने पर पेच फंसा हुआ है। भारत को स्थायी सदस्यता देने का विरोध करता आया चीन भी अब उदार नजर आ रहा है। अगर वास्तव में चीन समर्थन करता है, तो भारत स्थायी सदस्य बन जाएगा। अलबत्ता गलवान घाटी में हुए संघर्ष के बाद चीन और भारत के संबंधों में अविश्वास अब भी कायम है, हालांकि दोनों देशों की तरफ से इस अविश्वास को खत्म करने को लेकर लगातार प्रयास हो रहे हैं। सीमा पर विवाद खत्म करने के लिए भी प्रयास हो रहे हैं, लेकिन फिलहाल कोई ठोस परिणाम सामने आता नहीं दिख रहा है। गलवान घाटी में सैनिकों की तैनाती जारी है। इसमें सैनिकों की संख्या में कुछ कमी जरूर आई है। अहम यह है कि दोनों देशों में अविश्वास खत्म हो और पूर्ण भरोसा कायम हो। इसके लिए कूटनीतिक और शीर्ष स्तर पर प्रयास भी हो रहे हैं।

भारत के ज्यादातर प्रधानमंत्री अलग-अलग मंचों पर, यहां तक कि महासभा में भी परिषद में स्थायी सदस्यता का मुद्दा उठा चुके हैं। दुनिया के तमाम देशों ने भारत को स्थायी सदस्य बनाए जाने का समर्थन भी किया है, बावजूद इसके भारत को स्थायी सदस्यता पाने में सफलता नहीं मिल पाई है। भारत न सिर्फ खुद को स्थायी सदस्य बनाए जाने की वकालत कर रहा है, बल्कि ब्राजील, जापान और दक्षिण अफ्रीका के लिए भी स्थायी सदस्यता पर बल दे रहा है। भारत की स्थायी सदस्यता की राह में अब तक सबसे बड़ा रोड़ा चीन रहा है, हालांकि चीन ने भी भारत को यूएन में बड़ी जिम्मेदारी देने की बात कहकर हर किसी को चकित कर दिया है। चीन चाहता रहा है कि भारत को यदि सदस्यता मिले तो पाकिस्तान को भी स्थायी सदस्य बनाया जाए। पहला मौका है जब चीन ने ऐसी शर्त नहीं रखी है।

चीन की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ज्यादा समावेशिता सुनिश्चित करना अंतरराष्ट्रीय शांति और स्थिरता के लिए आवश्यक है। यह बयान तब दिया गया, जब न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर ब्रिक्स देशों की बैठक हुई। इसमें रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अपने बयान में कहा कि ब्राजील, भारत और अफ्रीकी देशों को सुरक्षा परिषद में स्थायी प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। इसके बाद चीन ने भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य के रूप में भारत और ब्राजील की यूएन में ज्यादा भूमिका निभाने की आकांक्षाओं का समर्थन किया। ऐसा माना जा रहा है कि दुनिया के तमाम देशों पर टैरिफ लगा रहे अमेरिका को अलग-थलग करने के उद्देश्य से ही चीन ने भारत का समर्थन किया है।

चीन का यह बयान बदलते जियो-पॉलिटिक्स को दर्शाता है। साथ ही पाकिस्तान पर भी कूटनीतिक दबाव डालने का तरीका है, क्योंकि पाकिस्तान इस वक्त अमेरिका के करीब जा रहा है और अमेरिका से कई बड़े सौदे करने की तैयारी में है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख तीन बार अमेरिका का दौरा भी कर चुके हैं। चीन द्वारा भारत के समर्थन में दिए गए बयान का यह मतलब नहीं है कि वो भारत को यूएन में स्थायी सदस्य बनाने के लिए तैयार हो गया है। यह सही है कि इस दिशा में उसने कुछ कदम जरूर आगे बढ़ाया है। भारत को स्थायी सदस्यता और वीटो पावर मिलने का मतलब है कि चीन का दबदबा कम होना और भारत का उसके बराबर खड़ा हो जाना। भारत अपनी अर्थव्यवस्था, आबादी, सैन्य ताकत आदि के आधार पर परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग कर रहा है और उसकी मांग वाजिब भी है, लेकिन इस मांग पर भारत का समर्थन करने से पहले चीन को कई बार सोचना पड़ रहा है, क्योंकि पाकिस्तान से उसके रिश्ते प्रभावित होंगे।

खुद को एशिया के सबसे बड़े ताकतवर देश के रूप में मान्यता देने वाला चीन अब तक नहीं चाहता था कि वह सुरक्षा परिषद में भारत को अपने बगल में बैठाए, लेकिन न्यूयार्क में हुई ब्रिक्स देशों की बैठक में रूसी विदेश मंत्री के भारत को सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता की मांग का समर्थन करना सबको चकित कर गया। माना जा रहा है कि अब चीन, भारत को खुले दिल से समर्थन दे सकता है, लेकिन अभी यह वक्त की बात है। परिषद के चार स्थायी सदस्य रूस, अमेरिका, फ्रांस और ब्रिटेन बहुत पहले से ही भारत को स्थायी सदस्यता देने को तैयार हैं, लेकिन वे नहीं चाहते कि नए स्थायी सदस्यों को वीटो का अधिकार मिले। बिना वीटो के स्थायी सदस्य बनने का कोई मतलब नहीं रह जाता है। यही वजह है कि भारत लगातार कह रहा है कि ब्राजील, जापान और अफ्रीकी देशों को भी स्थायी सदस्यता के साथ वीटो का अधिकार दिया जाए अन्यथा परिषद लगातार कमजोर होता जाएगा।

चीन वास्तव में खुले मन से यदि परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए समर्थन देता है, तो फिर भारत को इसमें शामिल होने से कोई रोक नहीं सकता है। अब पेच फंसा है, वीटो पावर को लेकर। भारत कूटनीतिक स्तर पर स्थायी देशों को तैयार करने पर लगा है कि वह उनका समर्थन वीटो पावर की ताकत के साथ करे। अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए कार्य करने वाले परिषद में 10 अस्थायी सदस्य और पांच स्थायी सदस्य हैं। अस्थायी सदस्यों का कार्यकाल दो साल का होता है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी परिषद में भारत की सदस्यता का समर्थन किया है और भारत को बहुपक्षीय व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण आवाज बताया है। इससे यह संकेत मिलता है कि वे भी चाहते हैं कि भारत को स्थायी सदस्यता मिले, पर देखना यह है कि वीटो पावर के साथ स्थायी सदस्य भारत को खुले मन से स्वीकार कर पाते हैं या नहीं।

## आमने सामने



मोदी सरकार को बताना चाहिए कि आखिर रूस, जो कभी भारत का सबसे भरोसेमंद रणनीतिक सहयोगी था, अब पाकिस्तान को मदद क्यों दे रहा है। रूस ने पाकिस्तान के चीन निर्मित JF-17 फाइटर जेट्स के लिए एडवांस RD-93MA इंजन देने का फैसला किया है।

-जयराम रमेश
कांग्रेस प्रवक्ता

रूस ने उन खबरों को खारिज कर दिया है, जिनमें कहा गया था कि मॉस्को पाकिस्तान को RD-93MA इंजन देने जा रहा है। यह सिर्फ अफवाह है और कांग्रेस के कम्युनिकेशन हेड ने फिर से भारत का साथ देने के बजाय दुश्मन का पक्ष ले लिया है।

-अमित मालवीय
बीजेपी प्रवक्ता



# सोने की बढ़ती कीमतें और निवेशकों की चिंता



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों ने जिस तरह लगातार ऊंचाइयां छुई हैं, उसने आम निवेशक और खरीदारों को उलझन में डाल दिया है।

भारत में सोना केवल एक धातु नहीं बल्कि संस्कृति, परंपरा और आर्थिक सुरक्षा का प्रतीक है। भारत में सोने का महत्व केवल आभूषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुरक्षित निवेश और परंपरा का प्रतीक भी है। दीपावली जैसे शुभ अवसरों पर सोना खरीदना परंपरा रही है, लेकिन इस बार सोने की कीमतों ने आम निवेशक और खरीदारों की चिंता बढ़ा दी है। दीपावली जैसे शुभ अवसरों पर सोना खरीदना सौभाग्य और समृद्धि का सूचक माना जाता है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में सोने की कीमतों ने जिस तरह लगातार ऊंचाइयां छुई हैं, उसने आम निवेशक और खरीदारों को उलझन में डाल दिया है। पिछले एक वर्ष में सोना-सितंबर 2024 में 24 कैरट सोने की कीमत लगभग 77,500 प्रति 10 ग्राम थी, जो अप्रैल 2025 में बढ़कर 1,02,000 तक पहुंच गई। अगस्त 2025 में यह दर करीब 1,05,170 हो गई और वर्तमान में (सितंबर 2025) यह 1,11,000 से 1,12,750 प्रति 10 ग्राम के बीच पहुंच चुकी है। यानी, पिछले बारह महीनों में सोने में लगभग 43–45 प्रतिशत की जबरदस्त बढ़त देखने को मिली है। इतनी तेजी से बढ़ती कीमतों ने सवाल खड़ा किया है कि आखिर निवेशक अब क्या करें और कैसे निवेश करें, ताकि उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।

सोने की कीमतें क्यों बढ़ रही हैं, इसके पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारण जिम्मेदार हैं। वैश्विक स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता, अमेरिका और यूरोप में ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और मध्य पूर्व सहित कई क्षेत्रों में भू-राजनीतिक तनाव ने सोने को 'सेफ हेवन एसेट' बना दिया है। निवेशक डॉलर और शेयर बाजार से हटकर सोने में पैसा लगा रहे हैं। त्योहारी सीजन में बढ़ती मांग भी इस तेजी में योगदान दे रही है।

रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में असुरक्षा का माहौल बना दिया है। ऐसे समय में निवेशक सोने को सुरक्षित विकल्प मानते हैं, जिससे मांग बढ़ जाती है। अमेरिका और अन्य विकसित देशों में ब्याज दरों की अनिश्चितता और डॉलर इंडेक्स में उतार-चढ़ाव का सीधा असर भी सोने की कीमतों पर पड़ता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोना उपभोक्ता देश है और त्योहारों व शादी के सीजन में घरेलू मांग अचानक बढ़ने से दाम और ऊपर चले जाते हैं। महंगाई बढ़ने की स्थिति में सोना मुद्रास्फीति से सुरक्षा के रूप में काम करता है और यही कारण है कि निवेशक इसे और प्राथमिकता देते हैं।

ऐसे हालात में आम भारतीय निवेशक के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि वह सोने में निवेश कैसे करे? क्या महंगे आभूषण खरीदना ही एकमात्र विकल्प है या ऐसे अन्य रास्ते भी हैं, जिनसे सोने में निवेश सुरक्षित और किफायती ढंग से किया जा सकता है? विशेषज्ञों का मानना है कि आज के समय में निवेशकों को परंपरागत सोने की खरीदारी से हटकर आधुनिक विकल्पों पर ध्यान देना चाहिए।

इस स्थिति में लझन समझ में आती है। सीधे आभूषणों में निवेश करने से न केवल जेब पर भारी बोझ पड़ता है, बल्कि मेकिंग चार्ज और शुद्धता की समस्या भी बनी रहती है। ऐसे में समझदारी इसी में है कि निवेशक सोने में नए विकल्पों को अपनाएं। सबसे बेहतर विकल्पों में गोल्ड ईटीएफ शामिल है, जिसमें आप छोटे-छोटे यूनिट्स खरीद सकते हैं और भौतिक सोने की सुरक्षा या चोरी की चिंता नहीं रहती। छोटे निवेशक डिजिटल गोल्ड का विकल्प चुन सकते हैं, जिसे सौ से भी खरीदा जा सकता है। वहीं गोल्ड म्यूचुअल फंड्स उन लोगों के लिए बेहतर हैं जो शेयर बाजार और म्यूचुअल फंड्स से जुड़े हैं और विशेषज्ञों द्वारा प्रबंधित पोर्टफोलियो में निवेश करना चाहते हैं।


जिन्हें त्योहार पर शगुन या परंपरा निभानी है, वे छोटे सिक्कों या हल्के आभूषणों का विकल्प चुन सकते हैं, ताकि परंपरा भी निभ जाए और जेब पर अतिरिक्त बोझ भी न पड़े। निवेशकों को इस समय लालच से बचना चाहिए और अपनी कुल बचत का केवल 10–15 प्रतिशत हिस्सा ही सोने में लगाना चाहिए। इसे कम से कम 5–7 साल की लंबी अवधि के लिए रखना चाहिए, ताकि अल्पकालिक उतार-चढ़ाव का असर न हो। केवल सोने पर निर्भर रहने के बजाय इक्विटी, फिक्स्ड डिपॉजिट और बॉन्ड्स जैसे विविध निवेश विकल्प भी अपनाने चाहिए। साथ ही, यदि आपको लगता है कि कीमतें और बढ़ सकती हैं तो आंशिक खरीद अभी करें और बाकी निवेश धीरे-धीरे किस्तों में करें।

दीपावली पर सोने की बढ़ती कीमतें भले ही चिंता बढ़ा रही हों, लेकिन निवेशकों के पास कई समझदारी भरे विकल्प मौजूद हैं। भौतिक सोने की जगह ईटीएफ, डिजिटल गोल्ड चुनना ज्यादा सुरक्षित और किफायती है। पिछले एक साल में सोने की कीमतों में लगभग 45 प्रतिशत की तेजी यह संकेत देती है कि आने वाले समय में यह संपत्ति महंगी होती जाएगी। ऐसे में निवेशकों को चाहिए कि वे सोने को केवल आभूषण नहीं, बल्कि दीर्घकालिक सुरक्षा कवच मानें और छोटे-छोटे कदमों में निवेश कर अपनी वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करें, ताकि भविष्य में बढ़ती कीमतों से प्रभावित हुए बिना लाभ भी कमा सकें और परंपरा भी निभा सकें।

## सोशल फोरम

# 10 पन्नों की किताब, पढ़ने को चाहिए 20 करोड़ साल





ट्रवल प्वाइंट
फेसबुक

क्या आप जानते हैं कि एक ऐसी किताब भी है, जिसे कोई भी इंसान अपनी पूरी जिंदगी में कभी पूरा नहीं पढ़ सकता और उसमें सिर्फ 10 पन्ने हैं? 1960 में, फ्रेंच लेखक रेयमों क्वेनो (Raymond Queneau) ने शायद दुनिया की सबसे लंबी किताब पेश की थी। इसका नाम है Cent mille milliards de pomes यानी एक लाख अरब कविताएं। यह किताब मात्र दस पन्नों की है और हर पन्ने पर एक सॉनेट (Sonnet) छपा हुआ है। इन कविताओं की पंक्तियां एक ही तुकबंदी पैटर्न को साझा करती हैं और इन्हें स्ट्रिप्स (पट्टियों) पर छापा गया है, जिससे पाठक अलग-अलग सॉनेट की पंक्तियों को आपस में मिलाकर नई कविताएँ बना सकते हैं।

इस अनोखी संरचना की वजह से कुल संभावित संयोजनों की संख्या 10 यानी सौ लाख करोड़ (100 ट्रिलियन) बनती है। इसका मतलब यह है कि इस किताब में सौ लाख करोड़ अलग-अलग कविताएं हैं और इतनी सारी संभावनाओं को पढ़ना किसी भी इंसान के लिए नामुमकिन है। अगर कोई लगातार, बिना खाए-पिए, सोए या कुछ और पढ़े बिना, केवल यही किताब पढ़ता रहे, तब भी उसे सारी कविताएं पढ़ने में लाखों साल लग जाएंगे और यह सब केवल 10 पन्नों से निकलता है।

हर बार जब आप इन स्ट्रिप्स को मिलाते हैं, तो एक नई कविता बनती है, जिसमें सही स्टैंजा, लय और तुक होती है। सबसे रोचक बात यह है कि बहुत संभव है कि जो कविता आप बनाएंगे, वह इससे पहले किसी ने कभी नहीं पढ़ी होगी।

खुद क्वेनो ने कहा था कि अगर एक कविता पढ़ने में लगभग 45 सेकंड और अगली कविता तैयार करने में 15 सेकंड लगते हैं, तो सारी संभावित कविताएं पढ़ने में लगभग 20 करोड़ साल लगेंगे।

## सामयिकी

# पेपर लीक प्रकरण और परीक्षार्थियों का दर्द

उत्तराखंड में पेपर लीक मामले के विरोध में सड़कों पर आंदोलन कर रहे छात्रों में उस समय प्रसन्नता की लहर दौड़ गई जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं छात्रों के बीच पहुंचकर भर्ती परीक्षा रद्द करने के एलान के साथ-साथ मामले की जांच की मांग भी स्वीकार कर ली। राजधानी देहरादून के परेड ग्राउंड से आरंभ हुआ यह आंदोलन धीरे-धीरे उत्तराखंड के सभी तेरह जिलो तक फैल गया था। मामला 21 सितंबर को ग्रेजुएट लेवल की UKSSC की भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र के परीक्षा के दौरान बाहर आने का है, जिससे सालों से तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों का सड़कों पर उतरकर परीक्षा रद्द करने और सीबीआई जांच की मांग जायज थी।



बीना नयाल
लेखिका

किसी भी परीक्षण की पहली शर्त इसकी गोपनीयता, वैधता और विश्वसनीयता होती है, जिसे बनाए रखने की जिम्मेदारी परीक्षा आयोजित करने वाले आयोग की होती है। प्रश्न पत्र निर्मित के लिए स्थापित मानदंडों से कहीं ऊपर है शांत, सुचारु, विश्वसनीय और सुरुचिपूर्ण ढंग से सभी आवंटित सेंटरों में परीक्षाओं का आयोजन होना। पेपर लीक मामले ने सिस्टम के प्रति छात्रों में हताशा, निराशा और अविश्वास तो भरा ही है, लेकिन इससे ऊपर परीक्षा को रद्द न करना उनके आक्रोश का मुख्य कारण था।

उत्तराखंड व अन्य राज्यों में रोजगार के हालात किसी से छिपे नहीं है। यहां युवा सरकारी नौकरियों के लिए दुर्गम इलाकों में स्थित अपने घरों से दूर जाकर शहरी इलाकों में महंगे कोचिंग सेंटरों में मोटी फीस देकर रोजाना घंटों मेहनत करते हैं, तब जाकर चुनिंदा युवाओं की भर्ती की विभिन्न कठिन प्रक्रियाओं से गुजरने के पश्चात नौकरी लगती है। उत्तराखंड के अनेक युवा ऐसे भी हैं, जो खराब आर्थिक परिस्थितियों के कारण दिल्ली शहर में अपने संबंधियों के घर पर रहकर 15 से 20 हजार वेतन में नौकरी करने को विवश हैं। वे नौकरी के साथ उत्तराखंड राज्य आयोग के अधीन विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी भी कर रहे हैं और दोगुनी मेहनत करके सरकारी नौकरी का ख्वाब देख रहे हैं, क्योंकि सरकारी नौकरी महज उनके जीविकोपार्जन और भावी जीवन को बेहतर बनाने का ही सपना नहीं है, वरन् उनके माता-पिता व उनके लिए चिकित्सीय व अन्य सुविधाओं की भी गारंटी है।

ऐसे में पेपर लीक होना इन युवाओं के मनोबल को तोड़ने के साथ उन्हें आगामी परीक्षा की तैयारी के लिए हतोत्साहित भी करता है और कौशलविहीन छात्रों को महानगरों में जाकर कठिन परिस्थितियों में 15 से 20 हजार मासिक वेतन पर जीवन यापन को मजबूर भी करता है। पिछले कुछ वर्षों से वैसे भी सरकारी सेवा क्षेत्र में भर्तियों की संख्या क्रमशः घटती जा रही है, जिसका मुख्य कारण संविदा पर काम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति और बड़े-बड़े सेवा प्रदाता क्षेत्रों का निजीकरण होना भी है।

जो चुनिंदा भर्तियां निकलती भी हैं, तो उनमें भी अलग-अलग वर्गों के अनुसार उच्चतम आयु सीमा के कठोर मानदंड है, साथ ही प्रश्न पत्र के पैटर्न पूरी तरह उच्च स्तरीय वैचारिक कौशल और अनुप्रयोग आधारित हैं, जिसे हल करने के लिए गहन तैयारी, उच्च स्तर की एकाग्रता और पठन सामग्री की विविधता के साथ उसे पूर्ण समझ के साथ आत्मसात करना अनिवार्य है। यह अच्छी बात है कि सरकार ने पेपर लीक प्रकरण से उपजे रोष को देखते हुए पूर्व न्यायाधीश के नेतृत्व में कमेटी गठित कर दी है, परंतु अब आयोग को चाहिए की शीघ्रतातीत पूर्ण पारदर्शिता और विश्वसनीयता से रद्द परीक्षा दोबारा आयोजित कराए, जिससे छात्रों का सिस्टम पर विश्वास बना रहे।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा* 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# भरोसेमंद एसयूवी टाटा सिएरा का नया अवतार

*90 के दशक की मशहूर एसयूवी टाटा सिएरा भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक बार फिर हलचल मचाने को तैयार है। पेट्रोल और डीजल वर्जन केबाद, इलेक्ट्रिक मॉडल, लेवल 2 एडीएएस (एडवांस्ड ड्राइवर-असिस्टेंस सिस्टम) और ट्रिपल स्क्रीन फीचर्स के साथ लौट रही है। टाटा मोटर्स, हमेशा से अपनी मजबूत और भरोसेमंद एसयूवी के लिए जानी जाती है। टाटा अपनी लोकप्रिय कार 'सिएरा' को नए अवतार में वापस लाने की तैयारी में है। कंपनी इस बार इसे केवल एक कॉम्पैक्ट एसयूवी नहीं, बल्कि एक हाईटेक, प्रीमियम इलेक्ट्रिक और एडवांस्ड स्मार्ट मशीन के रूप में पेश करने की योजना बना रही है।*

### क्या कहना है एक्पर्ट का

टाटा मोटर्स की यह रणनीति उनके ईवी पोर्टफोलियो को मजबूत करेगी और उन्हें ग्लोबल ईवी बाजार में एक मजबूत स्थिति दिलाएगी। नई सिएरा सिर्फ एक एसयूवी नहीं होगी, बल्कि यह भारतीय बाजार में टेक्नोलॉजी, आराम और सुरक्षा का नया मानक सेट करेगी।

### ऑटो इंडस्ट्री एनालिस्ट

टाटा सिएरा का रीलॉन्चिंग सिर्फ एक कार का लॉन्च नहीं होना नहीं है, बल्कि यह भारतीय ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री में एक नए युग की शुरुआत हो सकती है। इलेक्ट्रिक वर्जन के साथ इसकी शुरुआत और पेट्रोल-डीजल मॉडल के बाद में आगमन, इसे हर तरह के ग्राहकों के लिए आकर्षक और बेहतर विकल्प बना देगा। आने वाला साल एसयूवी और ईवी प्रेमियों के लिए रोमांचक साबित होने वाला है।



### सिएरा का इलेक्ट्रिक वर्जन

टाटा मोटर्स का निर्णय है कि यह नई सिएरा पहले इलेक्ट्रिक वर्जन के रूप में लॉन्च होगी। इसका मतलब है कि भारत में यह एसयूवी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की दिशा में एक बड़ा कदम साबित होगी। पेट्रोल और डीज़ल मॉडल बाद में बाजार में उपलब्ध होंगे। यह रणनीति टाटा मोटर्स को ईवी सेगमेंट में पहले स्थान पर लाने के साथ-साथ पर्यावरण और भविष्य की टेक्नोलॉजी में भी आगे बढ़ाएगी।

### लॉन्चिंग का समय

ऑटोमोबाइल बाजार की खबरों की माने तो टाटा मोटर्स इस नई सिएरा को अगले साल की शुरुआत में भारतीय बाजार में पेश कर सकती है। यह कदम कंपनी के लिए सिर्फ एक नई गाड़ी लॉन्च करने से कहीं अधिक ब्रांड की विरासत को आगे बढ़ाने और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के क्षेत्र में नेतृत्व दर्ज करने का अवसर है।

#### क्यों है महत्वपूर्ण

टाटा सिएरा की वापसी भारतीय एसयूवी प्रेमियों के लिए एक भावुक पल होगा, क्योंकि एसयूवी के शौकीन लोगों के लिए यह कार 90 के दशक में बेहद लोकप्रिय थी।

- इलेक्ट्रिक वर्जन भारतीय ईवी मार्केट में एक नई दिशा दे सकता है।
- एडीएएस और ट्रिपल स्क्रीन जैसे फीचर्स इसे प्रीमियम सेगमेंट में सीधे प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।



## हाई-टेक फीचर्स

### ट्रिपल स्क्रीन लेआउट

इन्फोटेनमेंट, ड्राइव डेटा और नेविगेशन के लिए तीन अलग स्क्रीन, जिससे इंटरफेस और राइड एक्सपीरियंस बेहतरीन होगा।

### लेवल 2 एडीएएस

इसमें लेन कीपिंग, ऑटोमैटिक ब्रेकिंग, अडैप्टिव क्रूज कंट्रोल और ब्लाइंड-स्पॉट डिटेक्शन जैसे फीचर्स शामिल हो सकते हैं।

मॉडर्न डिजाइन : एयरोडायनामिक बॉडी, एलईडी लाइट्स, प्रीमियम इंटीरियर्स और स्मार्ट कनेक्टिविटी के साथ मॉडर्न डिजाइन में उपलब्ध रहेगी।

### इंजन और परफॉर्मेंस

इलेक्ट्रिक वर्जन (ईवी) में हैरियर ईवी जैसा ड्यूल-मोटर सेटअप मिलने की उम्मीद है, जिससे इसे ऑल-व्हील ड्राइव (एडब्ल्यूडी) क्षमता मिल सकती है। इसकी रेंज 500 किमी से ज्यादा होने की भी उम्मीद है।

### पेट्रोल वेरिएंट

इसमें नया डेवलप किया गया 1.5-लीटर टर्बोचार्ज्ड इंजन मिल सकता है, जो लगभग 168 पीएस की पावर और 280 एनएम का टॉर्क देगा।

*टाट की नई सिएरा में ग्राहकों को मिलने वाले फीचर्स इसे बाजार में एक अलग पहचान देने वाले साबित होंगे।*

### डीजल वेरिएंट

डीजल वेरिएंट में 2.0-लीटर डीजल इंजन मिलने की उम्मीद है, जो लगभग 170 पीएस की पावर और 350 एनएम का टॉर्क देगा।

### ट्रांसमिशन

ग्राहकों को 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन का विकल्प मिल सकता है।









## टिप्स

# बाइक सिर्फ सवारी नहीं, एक एहसास है... रखें इसका भी ख्याल

*बहुत से लोगों के लिए 'बाइक' सिर्फ एक जगह से दूसरी जगह जाने का जरिया नहीं होती, बल्कि एक इमोशनल अटैचमेंट होता है। दोस्तों के साथ शाम की सैर हो या किसी शादी-ब्याह में स्टेशन से मेहमानों को लाना हो। हर वक्त बाइक साथ निभाती है। यहां तक कि अगर मूड खराब हो, तो ठंडी हवा खाने के लिए भी यही साथी बन जाती है। क्या कभी सोचा है कि जितनी वफादारी से बाइक आपका साथ देती है, क्या आप उतनी ही ईमानदारी से उसकी देखभाल करते हैं? क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही उसके इंजन को नुकसान पहुंचा सकती है। इंजन को बाइक का दिल माना जाता है। अगर ये ठीक न रहे, तो पूरी मशीनरी पर असर पड़ता है और मरम्मत में जेब भी हल्की हो जाती है। इसलिए यह जानना जरूरी है कि इंजन ऑयल कब बदलना चाहिए, ताकि आपकी बाइक हमेशा फिट और फास्ट बनी रहे।*

### ■ इंजन से तेज आवाज आना

आपकी बाइक का इंजन पहले से ज्यादा आवाज करने लगे, तो यह संकेत हैं कि बाइक का इंजन ऑयल बदलने का समय आ गया है, क्योंकि नया ऑयल इंजन के पार्ट्स पर सेफ्टी लेयर बनाता है, जिससे धातु के पुर्जे आसानी से चल सकें। जब यह लेयर कमजोर हो जाती है, तो पुर्जों में घर्षण बढ़ जाता है और इंजन की आवाज तेज हो जाती है।

### ■ इंजन का जल्दी गर्म होना

आपकी बाइक थोड़ी देर चलाने पर ही गरम होने लग जाती है, तो यह संकेत है कि इंजन ऑयल या तो कम हो गया है या खराब हो चुका है। खराब ऑयल इंजन को पर्याप्त लुब्रिकेशन नहीं देता, जिससे इंजन पर ज़ोर पड़ता है और डैमेज का खतरा बढ़ जाता है। यह बाइक की इंजन की लाइफ पर भी असर डालता है।



### ■ बाइक की स्पीड कम होना

अगर आपकी बाइक पहले जैसा स्पीड और जैसी स्मूद राइड नहीं दे पा रही है और ज्यादा एक्सीलरेटर देने पर भी स्पीड नहीं बढ़ रही? यह संकेत है कि इंजन ऑयल अपना असर खो चुका है। कम लुब्रिकेशन से पावर आउटपुट घट जाता है, जिससे बाइक की परफॉर्मेंस डाउन हो जाती है।

### ■ ऑयल लेवल कम दिखना

बाइक के इंजन ब्लॉक के साइड में बनी छोटी सी खिड़की से ऑयल लेवल देखा जा सकता है। अगर तेल का स्तर मिनिमम मार्क से नीचे चला गया है तो बिना देरी किए बाइक के इंजन का ऑयल चेंज करवा लें। इंजन की सेहत जांचने का यह सबसे आसान और भरोसेमंद तरीका है।

### ■ ऑयल का रंग बदल जाना

नए इंजन ऑयल का रंग हल्का भूरा होता है, जबकि पुराना ऑयल काला और गाढ़ा हो जाता है। अगर डिपस्टिक या उंगली से जांचने पर ऑयल खुरदुरा लगे या उसमें छोटे-छोटे कण दिखाई दें, तो ये साफ संकेत है कि अब ऑयल बदलने का वक्त आ गया है।

# सफर में कार की बैटरी डेड होने पर अपनाएं ये आसान ट्रिक्स

कार किसी भी सफर को आरामदायक और यादगार बनाती है, लेकिन अगर बीच रास्ते में इंजन अचानक बंद पड़ जाए और कार स्टार्ट न हो, तो यह किसी भी ड्राइवर के लिए तनाव भरा पल बन जाता है। खासकर तब, जब आप किसी सुनसान जगह पर हों और मदद के लिए आसपास कोई भी इंसान न दिखे। अक्सर यह परेशानी कार की बैटरी डेड होने की वजह से होती है। बैटरी खत्म हो जाने पर गाड़ी स्टार्ट नहीं होती और लोग घबरा जाते हैं। यह हमेशा हमारी जरा सी लापरवाही की वजह से हमको इस स्थिति से दो-चार होना पड़ता है। सफर में गाड़ी जब भी बंद हो जाए या बैटरी डेड हो जाए तो हमको घबराने या चिंता करने की जरूरत नहीं है। ऐसे में कुछ आसान और कारगर उपाय अपनाकर आप अपनी कार को खुद स्टार्ट कर सकते हैं और इस मुश्किल हालात से आसानी से बाहर निकल सकते हैं। आज हम आपको वह टिप्स बताते हैं, जिनको अपनाकर आप डेड बैटरी के कारण सफर के बीच में बंद हुई कार को स्टार्ट कर सकते हैं। आइए जानते हैं वो ट्रिक्स-

### ■ धक्का देकर करें स्टार्ट

कार को धक्का देकर स्टार्ट करना सबसे पुराना, लेकिन आज भी असरदार तरीका है। सबसे पहले गाड़ी को न्यूट्रल गियर में डालें और इग्निशन ऑन करें। अब किसी साथी से कहें कि वो कार को पीछे से धक्का लगाए। जैसे ही कार थोड़ी रफ्तार पकड़ ले, क्लच दबाएं, दूसरे या तीसरे गियर में डालें और धीरे-धीरे क्लच छोड़ दें। अक्सर पहली या दूसरी कोशिश में ही इंजन चालू हो जाता है। यह तरीका खासतौर पर मैनुअल ट्रांसमिशन वाली कारों में काम करता है।

### ■ जंपर केबल का करें प्रयोग

अगर आपके पास जंपर केबल है और आसपास कोई दूसरी गाड़ी मौजूद है तो यह सबसे आसान समाधान है। दोनों गाड़ियों को पास-पास खड़ा करें और ध्यान रखें कि दोनों के इंजन बंद हों। अब जंपर केबल को दूसरी कार की बैटरी से जोड़कर अपनी गाड़ी की बैटरी में लगाएं। इसके बाद कार को स्टार्ट करने की कोशिश करें। ज्यादातर मामलों में इंजन तुरंत चालू हो जाता है। इसलिए एक्सपर्ट्स सलाह देते हैं कि कार में हमेशा जंपर केबल रखना चाहिए, ताकि ऐसी स्थिति में परेशानी न हो।





### एक्सपर्ट की सलाह

ऑटो एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर आपकी कार लंबे समय तक पार्क रहती है या रोजाना इस्तेमाल में नहीं आती, तो बैटरी जल्दी कमजोर हो जाती है। ऐसे में समय-समय पर इंजन चालू कर बैटरी को एक्टिव रखना जरूरी है। इसके अलावा, लाइट, म्यूजिक सिस्टम या एसी चालू छोड़कर इंजन बंद न करें, क्योंकि इससे बैटरी पर अतिरिक्त लोड पड़ता है।

### कार स्टार्ट होने के बाद करें ये काम

अगर आपकी कार धक्का देकर या जंपर केबल से स्टार्ट हो गई है, तो उसे तुरंत बंद न करें। कम से कम 20 से 30 मिनट तक चलाएं या थोड़ी दूरी तक ड्राइव करें। इससे बैटरी दोबारा चार्ज हो जाएगी। इसके बाद बैटरी की स्थिति जांच लें। अगर वोल्टेज कम है या चार्ज जल्दी खत्म हो रहा है, तो नई बैटरी लगवाना ही बेहतर विकल्प रहेगा। इससे आगे ऐसी समस्या दोबारा नहीं होगी।

**अगले सप्ताह टीसीएल व एलजी का आईपीओ**

**नई दिल्ली।** दो प्रमुख कंपनियां टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) और एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड अपने आईपीओ पेश करने की तैयारी में हैं, जिनका मूल्य 27,000 करोड़ से अधिक है। ये आईपीओ ऐसे समय आ रहे हैं, जब व्यापक इक्विटी बाजार में तनाव के बावजूद, भारतीय प्राथमिक बाजार में तेजी है। वर्ष 2025 में कुल 78 कंपनियां पहले ही आईपीओ के जरिये मुख्य बाजार में प्रवेश कर चुकी हैं, और इस महीने कई निर्गम आने की योजना है।

अमृत विचार
हल्द्वानी, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन:** तुलसी 2520, राज श्री 1801, फॉर्चून कि. 2200, रविन्द्रा 2485, फॉर्चुन 13किग्रा 1935, जय जवान 1960, सचिन 2005.51, सूरज 1960, अवसर 1870, उजाला 1900, गृहणी 13किग्रा 1875, क्लासिक (किग्रा) 2100, मोर 2155, चक्र टिन 2285, ब्लू 2105, आशीर्वाद मस्टर्ड 2410, स्वास्तिक 2375

**किराना (प्रतिकु.):** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100

**चावल (प्रति कु.):** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1-5 किग्रा) 10100, हरी पति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300

**दाल दलहन:** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000, चना काला 7050, दाल चना 7450, दाल चना मोटी 7600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8600, मोटा हीरा 10700, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8600, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300

**चीनी:** डालमियां 4480, पीलीभीत 4400, सितारगंज 4360, धामपुर 4480

## हल्द्वानी मंडी

**चावल:** शरबती- 5200, मसूरी- 2300, बासमती- 9200, परमल- 3000

**दाल दलहन:** काला चना- 7000, साबुत चना दाल- 7100, मूंग साबुत- 9000, राजमा- 12200-14100, दाल उड़द- 9000, साबुत मसूर दाल- 7100, मसूर दाल- 6800, उड़द साबुत- 8100, काबुली चना- 10000, अरहर दाल- 11000, लोबिया/करमानी- 9200

# आर्थिक आंकड़े शेयर बाजार को करेंगे प्रभावित

## वैश्विक रुझानों और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस के तिमाही नतीजों पर होगी निवेशकों की नजर

- **अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी देंगे ध्यान**

**नई दिल्ली, एजेंसी**



विश्लेषकों के मुताबिक इस सप्ताह शेयर बाजार में कारोबारी धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टीसीएस के तिमाही नतीजों से तय होगी। कारोबारी विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर भी नजर रखेंगे। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) सितंबर माह में बिकवाल बने रहे। उन्होंने भारतीय इक्विटी से 23,885 करोड़ रुपये बेच दिए हैं, जो अब तक जारी है।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही के आय सत्र की शुरुआत हो रही है, और आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टीसीएस नौ अक्टूबर को अपने नतीजे घोषित करेगी। व्यापक आर्थिक मोर्चे पर एचएसबीसी सेवाओं और समग्र पीएमआई के साथ ही बैंकिंग क्षेत्र के ऋण और जमा वृद्धि के आंकड़ों पर कड़ी नजर रहेगी। इस बीच, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल पर भी निवेशकों की नज़र रहेगी। ऑनलाइन कारोबार फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि व्यापक संकेतों के स्थिर होने के साथ ही बाजार का ध्यान दूसरी तिमाही की आय और प्रबंधन की टिप्पणियों पर जाएगा। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई।

### शीर्ष सात कंपनियों की पूंजी 74,573 करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 74,573.63 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई। एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को फायदा हुआ, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इंफोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

### एफपीआई ने सितंबर माह में 23,885 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) सितंबर में भारतीय इक्विटी के शुद्ध विक्रेता बने रहे। इस दौरान उन्होंने 23,885 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, और इस साल अब तक उन्होंने कुल 1.58 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये की भारी बिकवाली के बाद यह निकासी का लगातार तीसरा महीना है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख, प्रबंधक अनुसंधान हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि हालिया बिकवाली कई कारकों से प्रेरित थी, जैसे अमेरिका का भारत पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाना और एच-1बी वीजा पर एकमुश्त एक लाख अमेरिकी डॉलर की शुल्क वृद्धि। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर तक

- **विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने की 2025 में कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये की निकासी**

गिरने से मुद्रा जोखिम भी बढ़ा, जबकि भारतीय इक्विटी के अपेक्षाकृत उच्च मूल्यांकन के चलते एफपीआई ने दूसरी एशियाई बाजारों की ओर रुख किया। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि मौजूदा बिकवाली के बावजूद स्थितियां धीरे-धीरे भारत के पक्ष में हो सकती हैं। एंजेल वन के वरिष्ठ फंडामेंटल विश्लेषक वकारजावेद खान ने कहा कि मूल्यांकन अब अधिक उचित हो गए हैं और जीएसटी दरों में कटौती तथा वृद्धि समर्थक मौद्रिक नीति जैसे कारक विदेशी निवेशकों की दिलचस्पी को एक बार फिर जगा सकते हैं।

# कई कारकों से सोने के दाम अस्थिर रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **अमेरिका के वित्त पोषण विधेयक श्रम बाजार के आंकड़ों व फेडरल रिजर्व के बयानों पर रहेगा ध्यान**

आगामी सप्ताह में सोने के दाम अस्थिर रह सकते हैं, क्योंकि निवेशक अमेरिकी सरकार के वित्त पोषण विधेयक, श्रम बाजार के आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के बयानों पर नजर रखेंगे। विश्लेषकों ने कहा कि गुरुवार को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के विवरण जारी होने से भी सर्राफा बाजार की धारणा प्रभावित होने की संभावना है।

जेपीएम फाइनेंशियल सर्विसेज के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि आगामी सप्ताह अपेक्षाकृत कम आंकड़ों वाला है, लेकिन अस्थिरता ज्यादा रहने की उम्मीद है। मुनाफावसूली बढ़ सकती है, जिसके बाद नए सिरे से खरीदारी भी हो सकती है। आंकड़ों के मोर्चे पर श्रम बाजार व फेडरल रिजर्व की टिप्पणी पर फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के भाषण पर भी ध्यान होगा। मेर ने कहा कि सोने की कीमतों में 3.5 से 4% और वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी कमजोर अमेरिकी डॉलर और आंशिक अमेरिकी सरकार के बंद होने की चिंताओं से हुई है, जिससे महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़ों के जारी होने में देरी हुई है। बाजार सहभागी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर भी विचार कर रहे हैं।



### भारत में सोने-चांदी का आयात लगभग दोगुना

शुक्रवार को सोना 1,18,113 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ, जो इतिहास के सबसे ऊंचे स्तर 1,18,444 रुपये के करीब था। अल्फा मनी में इक्विटी और पीएमएस के प्रबंध साझेदार ज्योति प्रकाश ने कहा कि सोने की कीमतों में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में बढ़ती हिस्सेदारी, केंद्रीय बैंकों की संभावित नई मांग और सट्टेबाजी की मजबूत स्थिति सोने की कीमतों में उछाल को बढ़ावा दे रही है। त्योहारों और शादी के मौसम के कारण भारत में सितंबर में सोने और चांदी का आयात अगस्त की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है।

# भारत का शीर्ष कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा रूस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात में सितंबर में मामूली गिरावट देखी गई, लेकिन इसका देश की कुल तेल खरीद में एक-तिहाई से अधिक हिस्सा बना रहा। गौरतलब है कि रूस से तेल खरीदने के कारण अमेरिका ने भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाया है।

सितंबर में भारत का कच्चा तेल आयात लगभग 47 लाख बैरल प्रतिदिन था, जो मासिक आधार पर 2.2 लाख बैरल प्रतिदिन अधिक था और सालाना आधार पर स्थिर रहा। रूसी कच्चे तेल ने भारत के सबसे बड़े एकल आपूर्तिकर्ता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी। भारत के कुल तेल आयात में इसकी हिस्सेदारी लगभग 16 लाख बैरल प्रतिदिन या 34 प्रतिशत रही। वैश्विक व्यापार विश्लेषण फर्म केप्लर के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला कि यह 2025 के पहले आठ महीनों के दौरान आयातित औसत रूसी तेल से लगभग 1.6 लाख बैरल प्रतिदिन कम था।



- **भारत के कच्चे तेल के आयात में आई मामूली गिरावट, देश के कुल तेल खरीद में एक-तिहाई से अधिक हिस्सेदारी**

### गिरावट के बावजूद रिफाइनरों के लिए किफायती विकल्प

केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक (रिफाइनिंग एवं मॉडलिंग) सुमित रिटोलिया ने कहा कि गिरावट के बावजूद, रूसी कच्चा तेल भारतीय रिफाइनरों के लिए सबसे किफायती विकल्पों में से एक बना हुआ है। इराक भारत का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता था, उसके बाद सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान रहा। अमेरिका 2.06 लाख बैरल प्रतिदिन के साथ भारत का पांचवां सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता था। रिटोलिया ने कहा कि रिफाइनरी स्पष्ट रूप से पश्चिम एशिया, अमेरिका और अफ्रीका में विविधीकरण पर जोर दे रही हैं, लेकिन रूस भारत का शीर्ष तेल आपूर्तिकर्ता बना रहेगा।

# निर्यात से देश के कारखाने 25% तक बन रहे हरित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

निर्यात व्यावसायिक वृद्धि में सहायक होने के साथ ही भारतीय कारखानों को हरित भी बना रहा है। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), लखनऊ ने दो दशकों के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद किए अध्ययन में यह पाया।

अध्ययन में जांच की गई कि क्या निर्यात से भारतीय विनिर्माण कंपनियां हरित प्रथाओं को अपनाने को प्रोत्साहित हो रही हैं। आईआईएम-लखनऊ में अर्थशास्त्र और व्यावसायिक पर्यावरण के प्रो. चंदन शर्मा के नेतृत्व में किया गया अध्ययन प्रतिष्ठित एनर्जी इकोनॉमिक्स (एल्सेवियर) पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। विकासशील देशों में पर्यावरणीय दबाव बढ़ाने के लिए अक्सर व्यापार की आलोचना की जाती है, लेकिन इस बात के सीमित प्रमाण हैं कि निर्यात आधारित कंपनियां हरित प्रथाओं को अपनाती हैं। खासकर ऊर्जा उपयोग के मामले में ऐसा देखा गया। शर्मा ने बताया कि निर्यात न केवल वृद्धि को बढ़ावा देता है, बल्कि भारतीय कारखानों को भी हरित बनाता है। वैश्विक बाजारों में प्रवेश करने के कुछ ही वर्षों के भीतर, कंपनियां उन्नत तकनीकों को अपनाकर अधिक ऊर्जा कुशल बन जाती हैं। अध्ययन के निष्कर्ष इस आम धारणा को चुनौती देते हैं कि वैश्वीकरण विकासशील देशों में पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। इसके मुताबिक गैर-निर्यातक कंपनियों के मुकाबले किसी निर्यातक कंपनी की ऊर्जा दक्षता में तीन वर्षों के भीतर 25 प्रतिशत की वृद्धि होती है।



## राष्ट्रीय

# पीओके भारत का एक कमरा, उसे वापस लेकर रहेंगे

## आरएसएस प्रमुख भागवत बोले- भाषा या संप्रदाय कुछ भी हो पर 'हम सब एक हैं, हम सब हिन्दू हैं'

**सतना (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने रविवार को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) को भारत का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि यह भारत के घर का एक कमरा है, जिस पर अजनबियों ने कब्जा कर रखा है। उन्होंने कहा कि पीओके को एक दिन भारत में वापस लाया जाएगा। भागवत ने कहा कि चाहे कोई खुद को किसी भी भाषा या संप्रदाय का माने, लेकिन सच्चाई यह है कि हम सब एक हैं, हम सब हिन्दू हैं।

भागवत ने सिंधी कैंप स्थित गुरुद्वारा का उद्घाटन करने के बाद बीटीआई मैदान में आयोजित सभा में अखंड भारत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि जो लोग अपना घर वहां छोड़कर आए हैं, कल वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। आज हम लोगों की स्थिति ऐसी है कि हम टूटा हुआ आईना देखकर अपने आपको अलग मान रहे हैं। एकता चाहिए, झगड़ा क्यों है? चाहे हम अपने आप को किसी भी भाषा या संप्रदाय का कहें लेकिन यह सत्य है कि हम सब एक हैं। भागवत ने कहा कि एक चतुर अंग्रेज आया, हमसे लड़ाई की, हमें हराकर हम पर राज किया। उसने हमसे आध्यात्मिकता का दर्पण छीन लिया और भौतिकवाद का टूटा हुआ दर्पण थमा दिया। तब से हम खुद को अलग मानने लगे और छोटी-छोटी बातों पर झगड़ने लगे।

उन्होंने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि बंटवारे के समय सिंधी समुदाय के लोग पाकिस्तान नहीं गए। जो लोग अपना घर छोड़कर आए हैं, जिनको हड़प लिया गया, उन्हें कल वापस लेकर फिर से वहीं डेरा डालना है। भागवत ने कहा कि पूरा भारत एक घर है। हमारे घर का एक कमरा, जहां हमारी मेज, कुर्सी और कपड़े रखे थे, उसे किसी ने कब्जा लिया है। एक दिन हमें उसे वापस लेना होगा। भागवत का बयान पीओके पर भारत के रुख को और सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह भौगोलिक हिस्सा नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का हिस्सा है। भागवत ने कहा कि नयी पीढ़ी को इस दिशा में विचार करना चाहिए।



### पाकिस्तान को चेतावनी दी- भारत चुप नहीं बैठेगा

सिंधी समाज का जिक्र करते हुए भागवत ने भावुक अंदाज में कहा कि यहां बहुत से सिंधी भाई-बहन बैठे हैं, मुझे बहुत खुशी है। वे पाकिस्तान नहीं गए, बल्कि अखंड भारत में ही थे। हालात ने हमें यहां लाकर बैठा दिया, वरना हमारा वह घर और यह घर अलग नहीं है। उन्होंने सिंधी समुदाय को आश्वासन दिया कि उनका दर्द और उनकी भावनाएं भारत के साथ हैं। भागवत के बयान को भारत की नीति और दृष्टिकोण के रूप में देखा जा रहा है। पीओके को लेकर भारत हमेशा से कहता रहा कि यह उसका अभिन्न हिस्सा है। भागवत ने स्पष्ट किया कि भारत अपनी धरोहर को वापस लेने के लिए प्रतिबद्ध है। उनके बयान ने न केवल देशभक्ति की भावना को प्रबल किया, बल्कि पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि भारत अपने हक के लिए चुप नहीं बैठेगा।

### भारत में अनेक भाषाएं सबका भाव एक

भागवत ने भाषा विवाद पर कहा कि भारत में भाषाएं अनेक हैं, लेकिन भाव सबका एक ही होता है। उन्होंने कहा कि सारी भाषाएं भारत की राष्ट्रभाषाएं हैं। प्रत्येक नागरिक को कम से कम तीन भाषाएं आनी चाहिए, स्थानीय भाषा, जिस राज्य में रह रहे हैं उसकी भाषा और राष्ट्र की भाषा।

## पाक को रूसी जेएफ-17 इंजन देने की जयराम की टिप्पणी पर भाजपा ने कहा

# कांग्रेस ने देश के दुश्मन का साथ चुना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने पाकिस्तान को जेएफ-17 जेट इंजन की आपूर्ति पर रूस के आगे बढ़ने की खबरों को रविवार को गैरजिम्मेदाराना सूचना युद्ध करार दिया और इसे सोशल मीडिया पर उठाने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। भाजपा ने कांग्रेस पर भारत के बजाय 'देश के दुश्मन का पक्ष लेने' का आरोप लगाया।

कांग्रेस ने पाकिस्तानी लड़ाकू विमान जेएफ-17 के लिए रूस द्वारा इंजन की आपूर्ति किए जाने संबंधी मीडिया खबरों का हवाला देते हुए कहा था कि यह मोदी सरकार की कूटनीति की विफलता है और उसे देश को बताना चाहिए कि भारत का भरोसेमंद साथी रूस, पाकिस्तान को सैन्य सहयोग क्यों दे रहा है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने उन खबरों का हवाला दिया था जिनमें कहा गया है कि रूस जेएफ-17 लड़ाकू विमानों के लिए उन्नत आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति कर रहा है। रमेश ने 'एक्स' पर दावा किया कि यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री मोदी की उस व्यक्तिगत कूटनीति की एक और नाकामी को उजागर करता है, जो राष्ट्रीय हितों से अधिक छवि निर्माण और वैश्विक तमाशे को प्राथमिकता देती रही है।

### रूस ने सभी दावों को किया खारिज: मालवीय



भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने पलटवार करते हुए मीडिया की एक अन्य खबर का हवाला दिया और कहा कि रूस ने उन दावों को खारिज किया है कि मॉस्को जेएफ-17 थंडर ब्लॉक-3 लड़ाकू विमानों के लिए पाकिस्तान को आरडी-93एमए इंजन की आपूर्ति पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि रमेश ने एक अखबार में छपी खबर पर भरोसा किया, जिसमें पाकिस्तान समर्थक दुष्प्रचार के लिए कुख्यात एक कम-ज्ञात वेबसाइट का हवाला दिया गया है। मालवीय ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं। कोई विश्वसनीय स्रोत नहीं। बस गैरजिम्मेदाराना सूचना युद्ध का एक और दौर तथा कांग्रेस के संचार प्रमुख ने एक बार फिर भारत के साथ खड़े होने के बजाय दुश्मन का पक्ष लेने का फैसला किया।

## हथियार, नशीले पदार्थ मॉड्यूल का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने पाकिस्तान से जुड़े सीमापार हथियार और मादक पदार्थ तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने गिरफ्तार दोनों लोगों की पहचान गुरजंत सिंह और गुरवेल सिंह के रूप में की है, जो तरनतारन के निवासी हैं।

पुलिस ने बताया कि उनके पास से 2.5 किग्रा हेरोइन और 5 अत्याधुनिक पिस्तौल तथा मैगजीन बरामद की गईं। उनकी कार भी जब्त कर ली गई है, जिसका प्रयोग खेप ले जाने में हुआ था। जांच से पता चला कि आरोपी सीमापार से पाकिस्तानी तस्कर के निर्देश पर काम कर रहे थे। हथियार गैंगस्टर और अन्य अपराधियों को आपूर्ति किए जाने थे।

# त्योहारों पर हवाई किरायों व उड़ान क्षमताओं पर डीजीसीए की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) त्योहारों के दौरान हवाई किरायों और उड़ान क्षमताओं पर कड़ी नजर रख रहा है ताकि यह टिकटों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी न हो। त्योहारी सीजन और बढ़ती मांग के दौरान घरेलू हवाई किराए में वृद्धि होती है विशेष रूप से उन मार्गों में जिधर के लिए अधिक उड़ानें हैं। हालांकि हवाई किराये को नियंत्रण मुक्त किया गया है लेकिन डीजीसीए को कीमतों पर नजर रखने तथा वृद्धि होने पर उचित कदम उठाने का अधिकार है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार को कहा कि डीजीसीए ने त्योहारी पर होने वाली भीड़ से पहले हवाई किराए की समीक्षा की है और विमानन कंपनियों से उड़ान क्षमता बढ़ाने को कहा है। मंत्रालय ने कहा कि डीजीसीए यात्री हितों के लिए विमानन कंपनियों के किराये और उड़ान क्षमताओं पर नजर रखेगा। इंडिगो 42 सेक्टरों में 730 अतिरिक्त सेवाएं, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस 20 सेक्टरों में 486, स्पाइसजेट 38 सेक्टरों में 546 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। हालांकि यह नहीं बताया गया कि इन अतिरिक्त उड़ानों का संचालन कब से और कब तक होगा।



- **डीजीसीए को कीमतों में वृद्धि होने पर उचित कदम उठाने का अधिकार**

## लद्दाख हिंसा में हुई मौतों की हो स्वतंत्र न्यायिक जांच: वांगचुक

**श्रीनगर।** राजस्थान के जोधपुर केंद्रीय कारागार में बंद पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने जारी संदेश में कहा कि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ हैं और वह लद्दाख के संवैधानिक हक के लिए शांतिपूर्ण तरीके से लड़ते रहेंगे। वांगचुक ने लद्दाख में हुए हिंसक प्रदर्शन में हुई मौतों की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि जबतक जांच का आदेश जारी नहीं होता तब तक वह कारागार में रहने को तैयार हैं। उन्होंने अपना यह संदेश वकील मुस्तफा हाजी और उनके बड़े भाई कात्सेतन दोरजे ले के जरिये भेजा, जो शनिवार को उनसे कारागार में मिलने गए थे। वांगचुक ने के लोगों की प्रार्थनाओं और चिंताओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने लद्दाख के लोगों से शांति बनाये रखने की अपील भी की।

# बाढ़ प्रभावित किसानों को देंगे हर संभव मदद: शाह

**अहिल्यानगर (महाराष्ट्र), एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत के चीनी सहकारी क्षेत्र को काफी लाभ हुआ है। वह अहिल्यानगर जिले में डॉ. विट्ठलराव विखे पाटिल सहकारी चीनी कारखाने की विस्तारित क्षमता का उद्घाटन करने के बाद एक किसान रैली को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने चीनी सहकारी समितियों से गैर पेराई सत्र में भी मल्टी-फीड एथनॉल का उत्पादन करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि एथनॉल मिश्रण से चीनी सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति बदल गई है, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस क्षेत्र को लाभ हुआ है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार हाल ही में भारी बारिश से प्रभावित महाराष्ट्र के किसानों को हर संभव सहायता देगी। उन्होंने राज्य के किसानों के लिए केंद्रीय सहायता हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार की सराहना की। शाह ने सहकारिता आंदोलन की प्रमुख हस्ती विट्ठलराव विखे पाटिल और उनके बेटे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बालासाहेब विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महाराष्ट्र में भारी बारिश से नुकसान झेलने वाले किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करेगी। महाराष्ट्र के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश और बाढ़ से व्यापक नुकसान हुआ है। शाह ने कहा कि मैंने मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्रियों के साथ विस्तृत बैठक की। प्रधानमंत्री की ओर से मैंने उन्हें आश्वासन दिया कि एक बार विस्तृत रिपोर्ट हमें सौंप दिए जाने के बाद, प्रधानमंत्री महाराष्ट्र के किसानों को कोई भी मदद देने में देरी नहीं करेंगे। केंद्र सरकार पिछले वर्ष की सहायता में से 3,132 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर चुकी है, जिसमें इस वर्ष अप्रैल में दी गई 1,631 करोड़ रुपये की सहायता भी शामिल है। महाराष्ट्र सरकार ने भी 2,215 करोड़ रुपये की राहत राशि प्रदान की है, जिससे 31 लाख से ज्यादा किसानों को लाभ हुआ है।

गृह मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की परेशानी कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपये की नकद सहायता और 35 किग्रा अनाज दिया गया। ऋण वसूली रोक दी गई है, ई-केवाईसी मानदंडों में एक बार के लिए ढील दी गई है और राजस्व कर और स्कूल फीस में राहत दी गई है।



महाराष्ट्र में किसानों की रैली में लोगों का अभिवादन करते हुए गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस।

- **केंद्रीय मंत्री ने कहा- मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद चीनी सहकारी क्षेत्र को हुआ लाभ**

## वर्ल्ड ब्रीफ




हैदराबाद में रविवार को गाजा में तत्काल युद्धविराम के लिए प्रदर्शन किया गया।

### टेक्सास में गिरफ्तार हुआ भारतीय कनाडा प्रत्यर्पित

ओंटारियो। हमले के एक मामले में अमेरिका के टेक्सास में गिरफ्तार किए गए भारतीय मूल के एक व्यक्ति को कनाडा प्रत्यर्पित किया गया है। 'सीटीवी न्यूज' ने शुक्रवार को बताया कि 25 वर्षीय सुखप्रीत सिंह 2021 में कनाडा में एलनाज हजतमिरी नाम की महिला पर हुए हमले के सिलसिले में वांछित कई संदिग्धों में से एक है। सिंह को इस साल जून में 'यूनाइटेड स्टेट्स मार्शल्स सर्विस' के सदस्यों ने गिरफ्तार किया था और अगस्त में उस पर आरोप लगाए गए थे। खबर में कहा गया है कि सिंह को प्रत्यर्पित कर मंगलवार को 'यॉर्क रीजन' भेजा गया था।

### चरमपंथी बने लेबनानी पॉप स्टार का आत्मसमर्पण

**बेरूत।** पॉप स्टार से वांछित इस्लामी चरमपंथी बने लेबनान के एक व्यक्ति ने 12 साल बाद शनिवार को खुद को देश की सैन्य खुफिया सेवा के हवाले कर दिया। लेबनान के शहर सिडोन में जून 2013 में सुन्नी मुस्लिम चरमपंथियों और लेबनानी सेना के बीच सड़क पर हुए खूनी संघर्ष के बाद से फदल शकर फरार था। उसकी गैरमौजूदगी में मुकदमा चलाया गया और 2020 में एक आतंकवादी समूह को समर्थन देने के आरोप में 22 साल जेल की सजा सुनाई गई। शनिवार रात एक लेबनानी सैन्य खुफिया बल सिडोन के पास ऐन अल-हिल्वेह के फिलस्तीनी शरणार्थी शिविर में पहुंचा और शकर को हिरासत में ले लिया, जो 12 साल से इसी शिविर में छिपा हुआ था।

### स्कूल इमारत ढहने से अब तक 40 की मौत

**सिदोअर्जो।** इंडोनेशिया के एक इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल में मंगलवार को प्रार्थना कक्ष के ढह जाने के बाद लापता छात्रों की तलाश कर रहे बचावकर्मियों ने सप्ताहांत में दो दर्जन से अधिक शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या 40 हो गई। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण एजेंसी के अनुसार, बचावकर्मियों को केवल सप्ताहांत में 26 शव मिले। इंडोनेशिया के जावा द्वीप के पूर्वी हिस्से में सिदोअर्जो में स्थित सौ साल पुराने अल खोजिनी स्कूल में 30 सितंबर को एक इमारत ढह गई और सैकड़ों छात्र उसके नीचे दब गए।

# चीन के गुआंगडोंग क्षेत्र में तूफान के कारण डेढ़ लाख लोग विस्थापित

गुआंगडोंग, एजेंसी



- झानजियांग में कक्षाओं और सभी व्यवसायों को किया गया बंद

चीन के दक्षिणी प्रांत गुआंगडोंग में प्रशासन ने मैटमो तूफान की तीव्रता को देखते हुए आपातकालीन प्रतिक्रिया को उच्चतम स्तर पर बढ़ा दिया है और 150,000 लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है।

प्रांतीय बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने रविवार सुबह प्रतिक्रिया स्तर में बढ़ोत्तरी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार शाम तक, कुल 151,352 निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया। तूफान मैटमो लगभग 25 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है जिससे तटीय शहरों में भारी बारिश और तूफान की आशंका है। एहतियात के तौर पर झानजियांग शहर में शनिवार शाम से ही कक्षाएं, काम, उत्पादन, परिवहन और व्यवसायों को पूरी तरह से बंद कर दिया है और रविवार सुबह से सभी राजमार्गों को बंद कर दिया है। समुद्री प्राधिकारियों ने प्रभावित जलक्षेत्र में परिचालन स्थगित कर दिया है तथा पूरे क्षेत्र में बचाव दल तैनात कर दिए हैं।

## नियम सख्त नहीं, निगरानी में भी ढील

# जब दवाएं बन जाती हैं जहर



भारत में दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 और उसके तहत बनाए गए नियम खासकर औषधि नियम 1945 की अनुसूची एम (जीएमपी) लागू हैं, जिन्हें केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और राज्य विनियामक प्राधिकरण लागू करते हैं। निगरानी के लिए राज्य प्राधिकरण भी हैं जो लाइसेंसिंग की जिम्मेदारी निभाने के साथ निरीक्षण कर नकली और घटिया दवाओं पर कार्रवाई करते हैं। दवाओं की खराब गुणवत्ता से देश में कई बड़े हादसे हो चुके हैं, जिसके बाद सरकार ने जीएमपी नियमों को संशोधित करने के साथ निरीक्षण प्रणाली को मजबूत करने के लिए निर्देश जारी किए थे। हालांकि नियमों और निर्देशों का पालन न होना भी आम है, मध्यप्रदेश और राजस्थान में खराब कफ सिरप की वजह से हाल ही में हुई कई बच्चों की मौत इसका ताजा उदाहरण है।

### दवा निर्माण: ये हैं कानून

- औषधि अधिनियम 1940 दवाओं के आयात, निर्माण, बिक्री-वितरण को नियंत्रित करता है।
- औषधि नियम 1945 के तहत दवाओं के विनिर्माण और गुणवत्ता के लिए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।
- निर्माताओं को जीएमपी का पालन करना होता है ताकि मानक अनुसार दवा निर्माण सुनिश्चित किया जा सके।
- केंद्रीय प्राधिकरण सीडीएससीओ दवा, चिकित्सा उपकरण, प्रसाधन सामग्री की गुणवत्ता विनियमित करता है।
- राज्य औषधि विनियामक प्राधिकरण लाइसेंस देने, नकली दवाओं की बिक्री पर कार्रवाई के लिए जिम्मेदार हैं।

### गांबिया से सबक नहीं

पश्चिमी अफ्रीका के देश गांबिया में 2022 में भारत से आयातित कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। इसके बाद डब्ल्यूएचओ ने इस दवा के बारे में चेतावनी जारी की थी। भारत की इस घटना से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनामी हुई थी। इन बच्चों की भी किडनी क्षतिग्रस्त हो गई थी जैसा कि हाल ही में मध्यप्रदेश और राजस्थान में हुआ है।

### निगरानी के इंतजाम

- फार्माकोविजिलेंस प्रोग्राम ऑफ इंडिया राष्ट्रीय निगरानी कार्यक्रम है जो दवाओं के प्रतिकूल प्रभावों को इकट्ठा कर उनका विश्लेषण करता है और उसके आधार पर सिफारिशें देता है।
- नियामक प्राधिकरण नियमित रूप से दवा निर्माण इकाइयों का निरीक्षण करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे निर्धारित मानकों यानी शेड्यूल एम का पालन कर रहे हैं।

### दवाएं और नियम

- शेड्यूल एच की दवाएं पंजीकृत चिकित्सक के पर्चे पर ही बेची जा सकती हैं, इनमें कफ सिरप भी शामिल हैं।
- शेड्यूल एक्स की दवाएं अत्यंत शक्तिशाली होती हैं जिनमें नशीले व साइकोट्रोपिक पदार्थ शामिल होते हैं।
- कई एंटीबायोटिक्स, मानसिक स्वास्थ्य की दवाएं और नींद की गोलियां भी पर्चे पर ही बेची जा सकती हैं।
- सभी टीके, खासकर बच्चों के लिए आवश्यक टीके नियमों के तहत योग्य स्वास्थ्य पेशेवरों ही दे सकते हैं।

डायथाइलीन ग्लाइकॉल से दूषित कफ सिरप से कई बच्चों की मौत हुई थी। जम्मू-कश्मीर में 2019-2020 में कफ सिरप पीने से 11 बच्चों की मौत हो गई थी।

> बच्चों को कोई भी दवा या कफ सिरप डॉक्टर के परामर्श के बगैर देना गलत है। कारण ये है कि यह डॉक्टर की जांच से ही पता लग सकता है कि बच्चे को किस प्रकारण का संक्रमण है। जिस कफ सिरप से हाल ही में बच्चों की मौत हुई है, उन्हें सी श्रेणी की कंपनियों ने बनाया था। अच्छी कंपनियां गुणवत्ता का ध्यान रखती हैं। – **दुर्गेश खटवानी, अध्यक्ष बरेली ड्रग एसोसिएशन**

> प्रदेश सरकार ने कफ सिरप के सेवन से बच्चों की मौत की घटना सामने आने के बाद एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत दो साल तक के बच्चों को बिना डॉक्टर के परामर्श के कफ सिरप देने पर पाबंदी लगा दी गई है। हालांकि मुख्यालय से अभी गाइड लाइन जारी नहीं हुई है। गाइड लाइन आने के बाद उसका पूरी तरह पालन कराएंगे। – **डॉ. विश्राम सिंह, सीएमओ बरेली**

# पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात नहीं कर पाएंगे ट्रंप, कोर्ट ने लगाई रोक

## अमेरिकी राष्ट्रपति के एक और आदेश को संघीय न्यायाधीश ने बताया अवैध

पोर्टलैंड, एजेंसी

अमेरिका में ओरेगन राज्य के एक संघीय न्यायाधीश ने राज्य और उसके शहर पोर्टलैंड की ओर से दायर एक मुकदमे में फैसला सुनाते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के पोर्टलैंड में नेशनल गार्ड तैनात करने के आदेश पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है। ट्रंप प्रशासन ने केंद्रीय अधिकारियों और संपत्ति की सुरक्षा के लिए नेशनल गार्ड तैनात करने का आदेश दिया था।

अमेरिकी जिला न्यायाधीश करिन इमरगुट ने मुकदमे में बहस लंबित रहने तक यह आदेश जारी किया। वादियों का कहना है कि 'नेशनल गार्ड' की यह तैनाती अमेरिकी संविधान के साथ उस संघीय कानून का भी उल्लंघन है जो आम तौर पर घरेलू कानूनों को लागू करने में सेना के इस्तेमाल पर रोक लगाता है। इमरगुट ने अपने आदेश में लिखा कि यह मामला तीन मूलभूत लोकतांत्रिक सिद्धांतों के परस्पर संबंध से जुड़ा है- 'संघीय सरकार और राज्यों के बीच संबंध, सेना और घरेलू कानून प्रवर्तन के बीच संबंध और सरकार की कार्यपालिका, विधानपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों का संतुलन।'

न्यायाधीश ने कहा कि आम तौर पर राष्ट्रपति उन परिस्थितियों में 'नेशनल गार्ड' सैनिकों की तैनाती का आदेश दे सकते हैं जब नियमित कानून प्रवर्तन बल अमेरिका के कानूनों का पालन नहीं कर पाते लेकिन पोर्टलैंड में ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि वादियों ने यह साबित किया कि राष्ट्रपति के आदेश से पहले पोर्टलैंड आव्रजन केंद्र में हुए प्रदर्शन अधिक हिंसक या विघटनकारी नहीं थे।




राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश के खिलाफ पोर्टलैंड में लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं।

### न्यायाधीश ने कहा- ट्रंप के निर्णय तथ्यों से परे

न्यायाधीश ने कहा, राष्ट्रपति का यह निर्णय तथ्यों से बिल्कुल परे है। रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि वह ओरेगन के 'नेशनल गार्ड' के 200 सदस्यों को 60 दिनों के लिए संघीय नियंत्रण में रख रहा है ताकि उन जगहों पर संघीय संपत्ति की सुरक्षा की जा सके जहां प्रदर्शन हो रहे हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता एवं इलिनोइस के गवर्नर जेबी प्रित्जकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन की इलिनोइस के नेशनल गार्ड के 300 सैनिकों का संघीयकरण करने की योजना है, जो अमेरिकी शहरों में ट्रंप के संघीय हस्तक्षेप की हालिया वृद्धि को दर्शाता है।

### ट्रंप का दावा, युद्धग्रस्त क्षेत्र बन चुका है पोर्टलैंड

ट्रंप ने पोर्टलैंड और शिकागो दोनों को अपराध और अशांति से ग्रस्त शहर बताया है। उन्होंने पोर्टलैंड को 'युद्ध क्षेत्र' कहा है और सुझाव दिया है कि पोर्टलैंड में समस्याओं को खत्म करने के लिए यह तैनाती आवश्यक है। राष्ट्रपति के तौर पर अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत से उन्होंने मैरीलैंड के बाल्टीमोर, टेनेसी के मेम्फिस, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया, लुइसियाना के न्यू ऑरलियन्स और कैलिफोर्निया के ओकलैंड, सैन फ्रांसिस्को और लॉस एंजिलिस सहित 10 शहरों में सैनिक भेजे हैं या भेजने की बात की है। ओरेगन की गवर्नर टीना कोटेक ने सितंबर के अंत में ट्रंप से कहा था कि यह तैनाती अनावश्यक थी।

### अवैध प्रवासी बच्चों को वयस्क केंद्र भेजने के आदेश पर भी रोक

**अटलांटा।** अवैध रूप से अमेरिका में आए बच्चों के 18 वर्ष की उम्र पूरी करने पर उन्हें वयस्कों के लिए बने हिरासत केंद्रों में स्थानांतरित करने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की नई नीति पर एक संघीय न्यायाधीश ने अस्थाई रोक लगा दी है। वकीलों के अनुसार, यह स्थानांतरण इस सप्ताहांत होने वाला था। अमेरिकी जिला न्यायाधीश रूडोल्फ कोंट्रेरास ने शनिवार को अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग के लिए एक अस्थाई आदेश जारी करते हुए कहा कि वह अकेले एवं बिना अनुमति के देश में आए किसी भी बच्चे को वयस्क होने के बाद आईसीई वयस्क हिरासत केंद्रों में न रखें। वाशिंगटन डीसी के न्यायाधीश ने कहा कि इस तरह की स्वचालित हिरासत 2021 में जारी किए गए उनके उस अदालती आदेश का उल्लंघन है जिसमें इस चलन पर रोक लगाई गई थी। बताया जा रहा है कि अधिकारी 14 साल और उससे ज्यादा उम्र के प्रवासी बच्चों को स्वेच्छा से अपने देश लौटने के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर की पेशकश कर रहे हैं। पिछले महीने एक अन्य संघीय न्यायाधीश ने अकेले अमेरिका आए ग्वाटेमाला के प्रवासी बच्चों को तुरंत उनके देश वापस भेजने के प्रयासों पर रोक लगा दी थी।

## वांगचुक को रिहा करो




लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। रविवार को नई दिल्ली के जंतरमंतर पर अखिल भारतीय छात्र संघ के सदस्यों ने प्रदर्शन कर लद्दाख के प्रति एकजुटता दिखाई।

## अलबामा में भीड़ पर गोलीबारी, दो की मौत, 12 घायल

**मोंटगोमेरी।** अमेरिकी राज्य अलबामा की राजधानी मोंटगोमेरी के भीड़भाड़ वाले इलाके में शनिवार रात दो प्रतिद्वंद्वी गुटों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी की जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 12 घायल हो गए।

मोंटगोमेरी के पुलिस प्रमुख जेम्स ग्रेबॉयज के अनुसार, घायलों में से तीन की हालत गंभीर है। ग्रेबॉयज ने कहा, इसमें दो पक्ष शामिल थे जो एक-दूसरे पर गोलियां चला रहे थे और उस दौरान भीड़ थी। उन्होंने कहा कि हमलावरों ने गोलियां चलाते वक्त वहां मौजूद अन्य लोगों की परवाह नहीं की।

# रूस ने यूक्रेन में रेलवे स्टेशन को बनाया निशाना, 30 लोग घायल

कीव, एजेंसी

- जेलेंस्की ने कहा- ये आतंकवाद है दुनिया इसे अनदेखा नहीं करे

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि उत्तर-पूर्वी यूक्रेन में एक रेलवे स्टेशन पर रूसी ड्रोन हमले में 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। जिस जगह हमला किया गया, वहां कई यात्री और कर्मचारी मौजूद थे।

बीबीसी के हवाले से जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि प्रारंभिक रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि सुमी क्षेत्र के शोस्तका शहर में हमले वाली जगह पर कई रेल कर्मचारी और यात्री मौजूद थे। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवाएं घटनास्थल पर हैं और लोगों की मदद शुरू कर दी गई है। घायलों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने एक वीडियो भी पोस्ट किया जिसमें एक क्षतिग्रस्त ट्रेन के डिब्बे में आग लगी दिखाई दे रही है।

जेलेंस्की ने लिखा, रूसी लोग इससे अनजान नहीं थे कि वे नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। ये आतंकवाद है जिसे दुनिया नजरंदाज नहीं कर सकती। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह ह्रीहोरोव के अनुसार दो हमले हुए जिनमें दो यात्री ट्रेनें प्रभावित हुईं।

# भूटान में बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए पहुंची भारतीय सेना

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे हुए थे कई मजदूर, भारत से मांगी थी मदद

भूटान प्रशासन और भारतीय सेना द्वारा रविवार को समन्वित बचाव अभियान के जरिये पड़ोसी देश में अमोचू नदी के आसपास अचानक आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सुरक्षित निकासी की गई।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बाढ़ के कारण भूटान के अस्थायी आवास और श्रमिक शिविरों में कई परिवार और मजदूर फंस गए थे। सूत्रों ने बताया कि जब भूटान की राष्ट्रीय एयरलाइन 'ड्रुक एयर' का एक हेलीकॉप्टर खराब मौसम के कारण उड़ान नहीं भर सका, तो देश ने भारत से तत्काल सहायता मांगी। सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना ने इस आग्रह पर तुरंत कार्रवाई करते हुए फंसे हुए मजदूरों को सुरक्षित निकालने और उन्हें तत्काल चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात किए।

भूटान की शाही सरकार ने तत्काल जीवन रक्षक सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय सेना के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

## चेक गणराज्य में विपक्षी एएनओ पार्टी जीती संसदीय चुनाव

**प्राग।** चेक गणराज्य में पूर्व प्रधानमंत्री आंद्रेज बाबिस के नेतृत्व वाली विपक्षी एएनओ पार्टी ने संसदीय चुनाव में जीत हासिल की।

मतगणना के परिणामों के मुताबिक विपक्षी एएनओ को चुनाव में 99 प्रतिशत से अधिक मतदान क्षेत्रों से 34.5 प्रतिशत वोट मिले, जबकि सत्तारूढ़ मध्य-दक्षिणपंथी एसपीओएलयू गठबंधन 23.3 प्रतिशत से अधिक वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहा है। बाबिस ने चुनाव परिणाम को अपने राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा क्षण बताया।

# ब्रिटेन : बार-बार होने वाले प्रदर्शनों पर प्रतिबंध की तैयारी

## गृह मंत्रालय ने की घोषणा, पुलिस बलों को दिए जाएंगे नए अधिकार

लंदन, एजेंसी

- कहा- विरोध प्रदर्शन का अधिकार मौलिक स्वतंत्रता, पर दूसरों की सुरक्षा भी जरूरी

ब्रिटेन सरकार ने रविवार को कहा कि ब्रिटिश पुलिस बलों को बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए नए अधिकार दिए जाएंगे। यह घोषणा प्रतिबंधित समूह 'फिलिस्तीन एक्शन' के समर्थन में लंदन में आयोजित मार्च के दौरान लगभग 500 लोगों को गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद की गई।

नए अधिकारों का विवरण आने वाले हफ्तों में दिया जाएगा। ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यदि कोई विरोध प्रदर्शन कई सप्ताह तक एक ही स्थान पर होता रहा है और बार-बार अव्यवस्था फैली है तो पुलिस को आयोजकों को कार्यक्रम कहीं और आयोजित करने का निर्देश देने का अधिकार होगा। ऐसी शर्तों का उल्लंघन करने पर गिरफ्तारी और मामला दर्ज किया जाएगा। ब्रिटेन की गृह मंत्री शबाना महमूद ने कहा, हमारे देश में विरोध प्रदर्शन का अधिकार एक मौलिक स्वतंत्रता है। हालांकि, इस स्वतंत्रता को अपने पड़ोसियों की निडरता से जीने की स्वतंत्रता के साथ संतुलित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, ये परिवर्तन विरोध प्रदर्शन के अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, साथ ही यह भी सुनिश्चित करते हैं कि इस देश में सभी लोग सुरक्षित महसूस करें। महमूद ने कहा, बड़े पैमाने पर, बार-बार होने वाले विरोध प्रदर्शनों से हमारे देश के कई वर्ग, खासकर धार्मिक समुदाय, असुरक्षित, भयभीत और अपने घरों से बाहर निकलने में डर महसूस कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि सरकार मौजूदा कानूनों की भी समीक्षा करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शक्तियां पर्याप्त हैं और उनका लगातार इस्तेमाल हो रहा है। इनमें विरोध प्रदर्शनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की शक्तियां शामिल होंगी।




### फिलिस्तान के समर्थन में प्रदर्शन

**लिस्बन।** पुर्तगाल के लिस्बन शहर में शनिवार को 3,000 से ज्यादा लोग फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने की कोशिश करने पर इजराइल द्वारा हिरासत में लिए गए तीन पुर्तगाली नागरिकों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने कहा कि रैली में उम्मीदों से कहीं ज्यादा लोग इकट्ठा हुए। रैली में भाग लेने वालों में पूर्व वामपंथी ब्लॉक नेता फ्रांसिस्को लौका और कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार एंटोनियो फिलिप भी शामिल थे।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 12.23 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

### आज का पंचांग

(कुंडली: 7 – मं., बु.; 5 – के., शु.; 8; 4; 6 – सू.; 9; 3 – गु.; 12 – श., चं.; 10; 2; 11 – रा.; 1)

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल- भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- पूर्व भाद्रपद 06.16 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद 7 अक्टूबर 04.01 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज शाम के समय मूड में बदलाव करने के लिए कहीं घूमने जा सकते हैं। साझेदारी वाले व्यापार में आपको कठिनाई का सामना करना पड़ेगा। कोई भी महत्वपूर्ण कार्य न करें। बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। गले में संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है।

**वृष** – आज आपके आत्मबल में वृद्धि होगी। उच्चाधिकारी आपसे अत्यंत प्रसन्न रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा फोकस करेंगे। पुराने मित्रों के साथ मुलाकात होने से तरोताजा हो जाएंगे। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** – आज पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्वक निपटाएं। शाम का समय मनोरंजन में व्यतीत होगा। व्यापार में आपको बड़ा धन लाभ होगा। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा। आप नए विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाओं के अनुसार कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

**कर्क** – आज कम मेहनत के बावजूद आपको अच्छी सफलता मिलेगी। किसी अनावश्यक बहसबाजी पर अधिक ध्यान न दें। सभी कार्यों को योजनाबद्ध रूप से करें। आपके निजी संबंध काफी रोमांटिक हो सकते हैं।

**सिंह** – आज अपनी दिनचर्या को सदैव व्यवस्थित रखें। आपकी बातों से आपके अपने नाराज हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में किसी कारण विवाद होने की संभावना है। आपको किसी महत्वपूर्ण काम को लेकर दुविधा की स्थिति उत्पन्न होगी।

**कन्या** – आज आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा, जिसके कारण आप इसका प्रयोग कर अपनी कार्यशैली में सुधार कर सकते हैं। आपका आर्थिक पक्ष कुछ कमजोर रहने वाला है। अतिरिक्त जिम्मेदारियों को अपने ऊपर न लें। इससे आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**तुला** – आज दिन का उत्तरार्ध थोड़ा कमजोर रहेगा। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों से झगड़ा हो सकता है। लेन-देन में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। भावनात्मक संबंधों को लेकर अत्यंत सतर्क रहें। घर के बुजुर्गों के साथ किसी मांगलिक कार्यक्रम की रूपरेखा बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज नया व्यापार शुरू करने में मित्र आपको सहयोग कर सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। लोहे के उपकरणों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें वरना चोट लग सकती है। प्रेम-संबंधों के लिए दिन अनुकूल है।

**धनु** – आज अधिकारियों की किसी भी बात को न टालें। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर करें। प्रेम-संबंधों को लेकर कुछ तनाव रहने की संभावना है। जीवन में आ रही परेशानियों का हल मिलेगा। हृदय रोगियों को अधिक तनाव लेने से बचना चाहिए।

**मकर** – आज कारोबार में बड़ा धन निवेश कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन कमजोर रहेगा। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। शाम के समय किसी भी तरह की वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

**कुंभ** – आज सुबह आपकी मन :स्थिति थोड़ी नकारात्मक रहने वाली है। आपकी आर्थिक स्थिति बढ़िया रहेगी। परिवार का पूर्ण सहयोग मिलने से आप अत्यंत सुरक्षित महसूस करेंगे। आईटी फील्ड से जुड़े लोगों को नई कंपनी में जॉब मिल सकती है।

**मीन** – आज आपको व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। भावनाओं के बजाय व्यवहारिकता को अपनाएं। पैतृक संपत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलने की संभावना बन रही है।

## सुडोकू-121

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | | | 5 | | | 9 |
| | | 7 | | 4 | | | 8 | |
| 2 | | | | | 6 | | | |
| | | 5 | | | 8 | | | 1 |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | | 2 | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | | | | |
| 9 | | | 3 | | | | 4 | 7 |

### सुडोकू - 120 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 3 | 5 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 | 4 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 | 6 |



“हमें साउथ अफ्रीका में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से पहले लगभग 20 मैच खेलने का मौका मिलेगा, ऐसे में हमारी कोशिश हर सीरीज को उसी दिशा में खेलते हुए अपनी तैयारियों को आगे बढ़ाएं। मेरे लिए भारतीय टीम को वनडे में लीड करना एक सम्मान की बात है। -शुभमन गिल


# स्टेडियम

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हल्द्वानी, सोमवार 6 अक्टूबर 2025


## हाईलाइट

### मणिपुर ने हरियाणा को 3-0 से हराया

**नारायणपुर :** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन की 30वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता राजमाता जीजाबाई ट्रॉफी में 23 बार की चैंपियन मणिपुर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 3-0 से हरा दिया। रामकृष्ण मिशन मैदान पर शनिवार को खेले गए इस मैच में मणिपुर ने अपने अनुभव और कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। मणिपुर की जीत में दांगमेई ग्रेस (जर्सी नंबर-8) का प्रदर्शन सर्वाधिक चमकदार रहा, जिन्होंने 25वें और 53वें मिनट में दो गोल दागे। टीम को जीत तक पहुंचाने में कुमुकचाम भूमिकादेवी (जर्सी नंबर-11) ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए 63वें मिनट में तीसरा गोल किया। दूसरे मैच में असम ने पंजाब को 2-1 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। पंजाब ने शोएब तेजीबाला देवी के 10वें मिनट के गोल से बढ़त बनाई, लेकिन असम की निनगाधूचाम रोनीअ देवी (63वें मिनट) और यानगोइजाम किरणबाला चानू (80वें मिनट) के गोलों ने मैच का पलड़ा पलट दिया।

### श्रेयांशी ने अल ऐन मास्टर्स में पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर खिताब जीता

**अल ऐन (यूएई) :** भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने रविवार को यहां तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर 120,000 डॉलर इनामी राशि के अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। शुरुआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी, जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली। श्रेयांशी ने तीसरे गेम में बढ़त बना ली। तस्नीम ने कुछ देर के लिए 6-5 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गईं और श्रेयांशी ने 15 अंक की बढ़त बनाकर शानदार अंदाज में खिताब अपने नाम कर लिया।

### एशिया कप ट्रॉफी चोरी की पुलिस से शिकायत

**लखनऊ:** दुबई में 27 सितंबर को हुए एशिया कप 2025 के फाइनल के दौरान हुई ट्रॉफी चोरी के गंभीर मामले पर लखनऊ निवासी क्रिकेट प्रेमी संजय शर्मा ने दुबई पुलिस को औपचारिक शिकायत की है। 30 सितम्बर को भेजी गई शिकायत में बताया गया है कि एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष एवं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने ट्रॉफी को कानूनी तरीके से विजेता भारतीय टीम को सौंपने के बजाय अपने कब्जे में ले लिया। दुबई पुलिस ने प्राप्त शिकायत का शीघ्र उत्तर देते हुए 48 घंटों में वापसी का भरोसा दिया है। शिकायत में इस गैरकानूनी कृत्य को क्रिकेट समुदाय के लिए गहरा आघात बताया गया है, जिससे भारतीय क्रिकेट प्रेमियों में व्यापक रोष व्याप्त है। शिकायतकर्ता ने दुबई पुलिस विभाग से मामले की त्वरित और निष्पक्ष जांच करने, दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा ट्रॉफी की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। इस शिकायत की सूचना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद, बीसीसीआई और संबंधित अन्य क्रिकेट संस्थाओं को भी दी गई है।

### शंघाई मास्टर्स में पेरीकार्ड ने फ्रिट्ज को किया पराजित

**शंघाई :** फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर रविवार को शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6, 6-3 से मात दी।

# भारत ने एकतरफा मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हराया

## ऋचा ने 20 गेंदों पर तीन चौकों व दो छक्कों की मदद से बनाए नाबाद 35 रन

**महिला विश्व कप क्रिकेट**

**कोलंबो, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम ने आईसीसी एकदिवसीय विश्वकप मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हरा दिया। भारत के 248 रनों के लक्ष्य के आगे पाकिस्तान की टीम भारतीय गेंदबाजी के आगे 43 ओवर में सभी विकेट गवांकर महज 159 रन ही बना सकी। इससे पूर्व आठवें नंबर की बल्लेबाज ऋचा घोष की 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ महिला विश्व कप मुकाबले में रविवार को 50 ओवर में 247 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। भारत का स्कोर 247 रन तक पहुंचाने में ऋचा घोष ने 20 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। हरलीन देओल ने 65 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत एक समय अपने छह विकेट 201 रन पर गंवाकर संघर्ष कर रहा था, लेकिन ऋचा ने आने के बाद ही अपने शॉट खेले और उनकी तेज-तर्रार पारी ने भारत को 247 रनों तक पहुंचा दिया।

मध्य पारी के साक्षात्कार में जेमिमा रोड्रिग्स कहती हैं कि पिच पर काफ़ी नमी थी जिससे उसे थोड़ी पकड़ मिली। वह उन कुछ खिलाड़ियों में से एक थीं जिन्होंने 32 रन बनाते हुए अच्छी स्ट्राइक ली। उस स्कोरकार्ड में भारत के लिए कई 20 और 30 रन बने क्योंकि बल्लेबाजों को पिच पर ज़्यादा सहजता महसूस नहीं हुई। क्या इरादा बेहतर हो सकता था या उन्होंने बस एक ऐसा स्कोर बनाने का लक्ष्य रखा जो उन्हें लगा कि काफ़ी अच्छा होगा? भारतीय बल्लेबाजों ने काफी समय लिया और फिर स्टार्ट को बड़ी पारी में तब्दील भी नहीं कर सकीं। स्मृति मंधाना ने 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 19 रन बनाये। ओपनर प्रतीका रावल ने 31,दीप्ति शर्मा ने 25 और स्नेह राणा ने 20 रन बनाये।अंत में ऋचा की पारी ने मोमेंटम दिया और भारत को 250 के करीब ले गईं। यह स्कोर भी काफी चैलेंजिंग होने वाला था।



पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त स्ट्रोक खेलती ऋचा घोष। एजेंसी

### भारत और पाक कप्तानों ने हाथ नहीं मिलाया

**कोलंबो, एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ अपने मैचों में भारत के हाथ न मिलाने के रुख को जारी रखते हुए, कप्तान हरमनप्रीत कौर और फातिमा सना ने रविवार को कोलंबो में महिला विश्व कप 2025 के अपने मुकाबले में टॉस के समय एक-दूसरे से हाथ न मिलाने का रुख अपनाया। क्रिकबज़ ने पहले बताया था कि आईसीसी मैच अधिकारी मैदान पर किसी भी अवांछित घटना से बचने के लिए मैच के दिन के प्रोटोकॉल के बारे में दोनों टीमों को पहले से ही अलग-अलग जानकारी देने वाले थे।

### स्कोर कार्ड:भारतीय पारी

- प्रतिका रावल बो सादिया इकबाल 31
- स्मृति मंधाना पगबाधा बो फातिमा सना 23
- हरलीन देओल का नशरा संधू बो रमीन शमीम 46
- हरमनप्रीत का सिदरा बो डायना 19
- जेमिमा रोड्रिग्स पगबाधा बो नशरा संधू 32
- दीप्ति शर्मा का सिदरा नवाज बो डायना बेग 25
- स्नेह राणा का रियाज बो फातिमा सना 20
- रिचा घोष नाबाद 35
- श्री चरणी का नतालिया परवेज बो सादिया इकबाल 01
- क्रांति गौड़ का रियाज बो डायना बेग 08
- रेणुका सिंह का सिदरा नवाज बो डायना बेग 00
- अतिरिक्त : 07

**कुल : 50 ओवर में 247 रन पर सभी आउट**

**विकेट पतन :** 1-48, 2-67, 3-106, 4-151, 5-159, 6-201, 7-203, 8-226, 9-247

### पाकिस्तान गेंदबाजी

| गेंदबाज | ओवर | मेडेन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| सादिया | 10 | 0 | 47 | 2 |
| डायना बेग | 10 | 1 | 69 | 4 |
| फातिमा सना | 10 | 2 | 38 | 2 |
| रमीन शमीम | 10 | 0 | 39 | 1 |
| नाशरा संधू | 10 | 0 | 52 | 1 |

# ऑस्ट्रेलिया ए को हराकर भारत ए ने तीन मैचों की जीती सीरीज

- प्रभसिमरन के शतक व श्रेयश, रियान के अर्धशतक की बदौलत 46वें ओवर में भारत ए जीता
- ऑस्ट्रेलिया ए ने 317 रनों का दिया था लक्ष्य, 2 विकेट रहते भारत ए ने छू लिया जीत का आंकड़ा

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ चार दिवसीय सीरीज के बाद एक दिवसीय सीरीज पर भी भारत ए ने 2-1 से कब्जा किया। रविवार को ग्रीनपार्क मैदान में खेले गए तीसरे व अंतिम एकदिवसीय डे-नाइट मैच में 317 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए की टीम ने 2 विकेट शेष रहते 46वें ओवर में जीत हासिल कर ली। हालांकि 301 रन पर भारत ए के दो लगातार विकेट गिरने के बाद मैच रोमांचक मोड़ पर चला गया था, लेकिन आखिर के बल्लेबाजों ने मैच को फंसने नहीं दिया। भारत के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने शानदार शतक लगाया। कप्तान श्रेयश अय्यर और रियान पराग ने भी पचासा ठोंका। अभिषेक शर्मा कुछ खास नहीं कर सके। पिछले मैच में 94 रन बनाने वाले तिलक वर्मा भी जल्दी पवेलियन लौट गए। मैच में जीत के बाद ग्रीनपार्क में जमकर आतिशबाजी हुई।

ग्रीनपार्क में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ए ने शुरुआती 4 विकेट जल्द गिरने के बाद भी भारत ए के खिलाफ मजबूत स्कोर खड़ा किया। कूपर कोनोली, लियाम और कप्तान जैक एडवर्ड ने एक के बाद एक तेज अर्धशतक जड़े। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 49.1 ओवरों में ऑलआउट होने के बाद भारत ए को जीत के लिए 317 रनों का टारगेट दिया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा ने 3-3 विकेट झटके वहीं, आयुष बडोनी ने ऑस्ट्रेलिया के 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत ए की ओर से एशिया कप के हीरो रहे अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने सधी शुरुआत की। प्रभसिमरन ने 38 गेंदों में 5 चौकों और 4 छक्कें की मदद से तेज पचासा जड़ा। वहीं दूसरी दूसरी खड़े अभिषेक शर्मा ने अपने खेल के विपिरीत धीमी बैटिंग की। अभिषेक शर्मा टॉड मर्फी की गेंद पर तनवीर सांघा को स्लिप प्वाइंट पर कैच थमा बैठे। उन्होंने 25 गेंदों पर 2 चौकों की मदद से 22 रन बनाए। पिछले मैच में 94 रन बनाने वाले तिलक वर्मा भी जल्द आउट हो गए। 3 रन के स्कोर पर टॉड मर्फी ने उन्हें एलबीडब्ल्यू कर दिया। इसके बाद कप्तान श्रेयश अय्यर क्रीज पर प्रभसिमरन सिंह का साथ देने आए। प्रभसिमरन ने 66 बॉल में शानदार 101 रन बनाए। हालांकि शतक के तुरंत बाद वह तनवीर सांघा की गेंद पर सदरलैंड को कैच थमा बैठे। प्रभसिमरन ने शतकीय पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाए। प्रभसिमरन के आउट होने के बाद रियान पराग ने कप्तान श्रेयस के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। 28.2 ओवरों में भारत ए ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 रन बना लिए। श्रेयस ने 7 चौकों और एक छक्के की मदद से 58 गेंदों में 62 रन की पारी खेली। उन्हें तनवीर सांघा ने आउट किया। भारत का स्कोर अभी 275 रन हुआ था कि अच्छा खेल रहे रियान पराग जल्दी रन बनाने के चक्कर में तनवीर सांघा की गेंद पर 62 रन पर कैच आउट हो गए। रियान ने पारी के दौरान 5 चौके और 3 छक्के लगाए। इसके बाद निशांत सिंधु महज 2 रन बनाकर आउट हो गए। 285 रनों पर भारत ए का छठा विकेट गिरा। इसके बाद विप्रज निगम खेलने उतरे। भारत ए का स्कोर जब 301 रन था तब 44वें ओवर में भारत ए को एक के बाद एक 2 बड़े झटके लगे। पहले आयुश बडोनी 21 और फिर हर्षित राणा 0 पर चलते बने। विप्रज निगम ने विनिंग शॉट के साथ ही 32 बॉल पर जिताऊ 24 रन बनाए। वहीं अर्शदीप सिंह ने भी 4 बॉल पर एक छक्का लगाते हुए 7 रन बनाए।



ग्रीनपार्क में रविवार को शतक बनाने के बाद जश्न मनाते भारत ए टीम के ओपनर प्रभसिमरन सिंह। एजेंसी



इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बाल के लिए जद्दोजहद करते आर्सेनल और वेस्ट हम यूनाईटेड के खिलाड़ी। एजेंसी

# चेल्सी की जीत, आर्सेनल अंक तालिका में शीर्ष पर

**लंदन, एजेंसी**

ब्राजील के एस्टेवाओ के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत चेल्सी ने शनिवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया जो गत चैंपियन टीम की लगातार तीसरी हार है। एस्टेवाओ के गोल के बाद जरूरत से अधिक जश्न मनाने के लिए चेल्सी के कोच एंजो मारेस्को को लाल कार्ड दिखाया गया। इस हार के साथ तय हो गया कि लीवरपूल की टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अंक तालिका में शीर्ष पर नहीं होगी। आर्सेनल ने वेस्टहैम को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल पर एक अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईअेड ने भी सदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की। टोटेनहैम ने लीड्स को 2-1 से हराया और अब टीम अर्सेनल और लीवरपूल के बाद तीसरे स्थान पर है।

# अनीसीमोवा ने चीन ओपन का खिताब अपने नाम किया

**बीजिंग:** अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा ने रविवार को चीन ओपन के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से शिकस्त देकर इस हार्ड कोर्ट इंडोर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। सेमीफाइनल में हमवतन कोको गॉफ को शिकस्त देने वाली अनीसीमोवा ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ मैच खत्म किया। उनका चीन ओपन में यह पहला खिताब है।

20 वर्षीय नोस्कोवा ने तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले के आखिरी क्षणों में उन पर थकान हावी हो गई। इस वजह से तीसरा सेट में एकतरफा नजर आने लगा। अनीसीमोवा इस साल यूएस ओपन और विंबलडन दोनों की उपविजेता रही हैं और अब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। यह इस सत्र में उनका दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है।

नोस्कोवा 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 प्रारूप की शुरुआत के बाद से फाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की सबसे युवा खिलाड़ी है।

# जिलेइडे ने स्वर्ण और फातमा ने रजत पदक

- विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंडियन ऑयल विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप- 2025 में ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा ने रविवार को स्वर्ण, तुर्किये की फातमा दामला अल्टिन ने रजत पदक व पोलैंड की कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने महिला लंबी कूद टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में जिलेइडे व फातमा दामला अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण व रजत पदक जीता।

2024 में भाग न लेने के बाद विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी कर रही दिग्गज कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा। 2011 में पदार्पण के बाद से, करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का की किसी वैश्विक प्रतियोगिता में यह केवल तीसरी हार थी। उन्होंने चार विश्व चैंपियनशिप और तीन पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। हालांकि उन्होंने कई बार 6 मीटर की छलांग लगाई है, लेकिन टखने की चोट के कारण उन्हें कांस्य पदक के लिए इस सीजन की सर्वश्रेष्ठ छलांग से ही संतोष करना पड़ा। करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने कहा कि कांस्य पदक उन्हें स्वर्ण पदक जैसा लगा क्योंकि वह अपने टखने की चोट से जूझ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह पसंद आया कि कैसे उन्होंने अपरिचित गर्मी और उमस में प्रतिस्पर्धा करने के बावजूद पोडियम पर बने रहने के लिए अंत तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि आज मुझे बहुत मज़ा आया। मैंने पोडियम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की। शॉट पुट सर्कल से, नीदरलैंड की लारा बार्स ने महिलाओं के एफ40 वर्ग में लोहे की गेंद को 9.77 मीटर से ऊपर फेंककर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। 9 मीटर के निशान को पार करने वाली एकमात्र प्रतियोगी, 28 वर्षीय लारा ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड दो बार फिर से बनाया, इस प्रकार नई दिल्ली 2025 में 30वां विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस बीच, रविवार सुबह, अपील जूरी ने पहले के एक फैसले को पलट दिया और ब्राजीलियाई खिलाड़ी के चार अंक बहाल कर दिए। पॉलिनो डॉस सैंटोस थियागो ने पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता और भारत के सोमन राणा को कांस्य पदक मिला तथा फिनलैंड के तीजो कोप्पिका को पोडियम से बाहर कर दिया। भारत के पदकों की संख्या 18 बनी हुई है, लेकिन अब उसके पास प्रत्येक रंग के छह पदक हैं और वह तालिका में सातवें स्थान पर है। भारत की आगे बढ़ने की उम्मीदें स्प्रिंटर सिमरन शर्मा के कंधों पर टिकी हैं, क्योंकि वह महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां उनका मुकाबला क्लारा बैरोस दा सिल्वा (ब्राजील) और वेनेजुएला की एलेजांद्रा पाओला पेरेज लोपेज से होगा।





भारत की सिमरन (दाईं ओर) नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 200 मीटर फाइनल स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहने के बाद अपने गाइड सैफी उमर के साथ जश्न मनाती हुई। एजेंसी

**ईरानी कप**

**यश ढुल की मेहनतकश 92 रनों की पारी के बावजूद शेष भारत की टीम खिताबी मुकाबले में 93 रनों से पराजित**

# हर्ष और यश की शानदार गेंदबाजी से विदर्भ बना चैंपियन

**नागपुर, एजेंसी**

यश ढुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को यहां मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा। बायें हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया। दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया।

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिये। ढुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि ढुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। ढुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद ढुल को बाहर जाने का इशारा किया, जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। ठाकुर ने अगली ही गेंद पर आकाशदीप को बोल्ड किया और फिर पिछले साल रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दुबे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच खत्म किया। शेष भारत के कप्तान रजत पाटीदार ने कहा कि विदर्भ की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और वे जीत के हकदार थे। हमने परिस्थितियों का बेहतर आकलन नहीं किया। हम अगर ऐसा कर पाते तो उनके स्कोर के करीब पहुंच सकते थे। तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और ढुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पिछले कुछ सत्र अच्छे नहीं थे। लेकिन इस सत्र मैंने बहुत अच्छी तैयारी की। मैं अपनी टीम के लिए प्रभाव डालना चाहता था और ईरानी कप के साथ सत्र की शुरुआत इससे बेहतर हो नहीं सकती थी। इस मैच से भारतीय गेंदबाज आकाश दीप अपनी फिटनेस साबित करने में सफल रहे। आकाश दीप इंग्लैंड दौरे पर ओवल टेस्ट के दौरान चोटिल हो गये थे। उन्होंने कंधे की चोट से उबरते हुए इस मैच में 29 ओवर गेंदबाजी (पहली पारी में 19 और दूसरी पारी में 10) में तीन विकेट लिये। बल्लेबाजी में अभिमन्यु ईश्वरन बड़े मैचों में लचर प्रदर्शन के तमगे को पीछे छोड़ने में फिर से नाकाम रहे।

उन्होंने पहली पारी में अर्धशतक लगाया, लेकिन दूसरी पारी में 17 रन बनाकर आउट हो गये। वह दोनों पारियों में बायें हाथ के स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे और दोनों बार एक ही तरह से बैकफुट पर पगबाधा आउट हुए। वह पहली पारी में पार्थ रेखड़े और दूसरी पारी में हर्ष दुबे की गेंद पर पवेलियन लौटे।





फाइनल में भारत को 93रनों से हराकर ईरानी कप जीतने की खुशी मनाते विदर्भ टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

# चेकमेट प्रतियोगिता में अमेरिका ने भारत को 5-0 से हराया

**नई दिल्ली:** हिकारू नाकामूरा ने विश्व चैंपियन डी गुकेश को हरा दिया। अमेरिका के एर्लिंगटन में चल रही पहली चेकमेट प्रतियोगिता में मेजबान देश अमेरिका ने भारत को 5-0 से हरा दिया। मैच के दौरान कई तनावपूर्ण मौके आए और दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जीत के मौके बनाए लेकिन अमेरिका ने मौकों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को फाबियानो करुआना के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी जबकि ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को अंतरराष्ट्रीय मास्टर कारिसा यिप ने हराकर उलटफेर किया। अंतरराष्ट्रीय मास्टर लेवी रोजमैन ने इसके बाद सागर शाह को हराया जबकि ईथन वैज को अंतरराष्ट्रीय मास्टर टेनी एडेवुमी के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।